e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 20

शनिवार

20.01.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जो झुकता नहीं वह टूट जाता है, इसलिए हमेशा अहंकार से दूर रहो।

## क्विक न्यूज

### रक्षा मंत्री राजनाथ ने जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बने नए पुल सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**देहरादून :** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को जोशीमठ के ढाक पहुंचे। रक्षा मंत्री ने यहां भारत-चीन सीमा को जोड़ने वाले जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल सहित देश के विभिन्न जगहों की कई परियोजनाओं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री ने बीआरओ की ओर से जोशीमठ-मलारी हाईवे पर बनाए गए पुल का लोकार्पण किया। फिर यहीं से बीआरओ की ओर से देश के विभिन्न जगह पर बनाए गए 28 पुल और छह सड़कों का वर्चुअली लोकार्पण भी किया। रक्षा मंत्री के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रही।

### प्रधानमंत्री व गृहमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं भारत का नवीन कानून : मुख्यमंत्री

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के पुराना पुलिस मुख्यालय में नवीन कानूनों के प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण में शामिल हुए और कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस को आने वाले समय में संसाधनों की कमी नहीं होगी। प्राथमिकता के आधार पर छत्तीसगढ़ पुलिस को और सशक्त करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने तीन नवीन कानूनों को लेकर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच की वजह से ही ये संभव हो पाया है। साय ने कहा है कि समय के साथ परिवर्तन अनिवार्य है और देश, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बेहतर परिवर्तन की ओर अग्रसर है। नवीन कानूनों के प्रावधानों के प्रस्तुतिकरण के मौके पर राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था देश का अहम विषय है। उन्होंने नवीन कानूनों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री के प्रयासों से ये संभव हो पाया है कि हमें अंग्रेजों के कानून से मुक्ति मिलने जा रही है।

### एसबीआई के सीएसपी से 4.40 लाख की लूट

**मेदिनीनगर:** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के खजुरी नौडीहा पुलिस पिकेट के समीप एसबीआई के एक ग्राहक सेवा केन्द्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े 4.40 लाख की लूट हो गयी। इस घटना को तीन अपराधियों ने अंजाम दिया। सूचना के बाद पुलिस अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुट गयी। खजुरी पुलिस पिकेट से सटे और हाईस्कूल के सामने नागेन्द्र कुमार यादव के सीएसपी में पिस्टल का भय दिखाकर लूट की घटना हुई। सीएसपी में आते ही अपराधियों ने संचालक को पिस्टल सटाया और फिर बैग से 3.35 लाख रूपए लूट लिए एवं पांच हजार रुपए संचालक के पैकेट से लूटे। जिस समय घटना हुई, उस वक्त केन्द्र पर एक व्यक्ति पैसे निकालने आया था। लूट की घटना के बाद अपराधियों ने संचालक एवं ग्राहक को केन्द्र में बंद करके फरार हो गए। भागने से पहले ग्राहक का मोबाइल लूटकर बाहर फेंक दिया था, जबकि संचालक का मोबाइल घटनास्थल से 600 मीटर दूर फेंका मिला।

### जयपुर एयरपोर्ट पर पांच कारतूस सहित एक यात्री गिरफ्तार

**जयपुर :** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने जयपुर एयरपोर्ट पर जिंदा कारतूस लेकर पहुंचे एक यात्री को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से बैग चैकिंग में पांच कारतूस मिले है। जो चूरू से फ्लाइट पकड़ने के लिए जयपुर एयरपोर्ट आया था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित यात्री को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित को एक मकान की दीवार में ड्रिलिंग के दौरान कारतूस मिलना बताया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी ममता मीना ने बताया कि समीर कपूर पुत्र जावेद निवासी सरदार शहर चूरू से से जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट पकड़ने आया था। जयपुर एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की चैकिंग के दौरान बैग में पांच जिंदा कारतूस मिले। कारतूस के बारे में पूछने पर जवाब नहीं मिलने पर सीआईएसएफ के एसआई वेदप्रकाश यादव ने पुलिस को सूचना देकर दी और उनके सुपुर्द कर दिया। जिसे पुलिस ने आरोपित समीर कपूर को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया। और साथ ही उसके पास से मिले पांच जिंदा कारतूस जब्त कर लिए है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 22°

न्युनतम 10°

---

### ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर व मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने विकास कार्यो की दी जानकारी

# अबुआ आवास : 29.97 लाख का हुआ सत्यापन

*** बंजर भूमि पर कैक्टस लगाने की योजना, वेगन लेदर में होगा उपयोग**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ग्रामीण विकास विभाग अबुआ आवास निर्माण से जुड़ी गतिविधियों में लगातार तेजी ला रहा है। योजना में अब तक ग्रामीणों से कच्चा मकान को पक्का करने के लिए 31 लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। उसमें से 29. 97 लाख आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। उसमें से लगभग एक लाख आवेदन डुप्लिकेट मिले हैं। पिछले चार वर्ष की उपलब्धि और आगे की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि विभाग बंजर भूमि पर कांटा रहित कैक्टस के पौधे लगाने की योजना पर कार्य कर रहा है। यह पशु चारा के साथ वेगन लेदर निर्माण में भी काम आएगा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने सूचना भवन के सभागार में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।
इस दौरान मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी. मुख्य रूप से उपस्थित थी।

**सामाजिक सुरक्षा की राशि बढ़ाई**

सामाजिक सुरक्षा के तहत मनरेगा अन्तर्गत सृजित पद के विरुद्ध कार्यरत प्रति कर्मी को राज्य सरकार द्वारा दो वर्ष के लिए 05 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिए जाने तथा दुर्घटना से मृत्यु के उपरांत उनके वैध उत्तराधिकारी को 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। दुर्घटना में मृत्यु अथवा अप्राकृतिक मृत्यु (हत्या सहित) होने अथवा स्थायी रूप से विकलांग/अंगभंग हो जाने पर पहले राशि 75 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 02 लाख रुपया कर दिया गया है। दुर्घटना में आंशिक रूप से विकलांग होने पर पहले 37,500 रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। समान्य मृत्यु होने पर पहले 30 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रुपये कर दिये गये हैं।
वहीं मनरेगा योजना अन्तर्गत निर्मित डोभा, कुआँ में डूबने से मनरेगा वाले मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान पहले 50 हजार रुपये दिये जाते थे, जिसे बढ़ाकर 01 लाख रूपया कर दिया गया है।

### * मनरेगा में चार वर्षों में 4135 लाख मानव दिवस का हुआ सृजन

**बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन**

मनरेगा अन्तर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के माध्यम से राज्य भर में कुल 01 लाख कूपों का निर्माण 15 नवम्बर, 2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 50 हजार एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 (15 नवम्बर, 2024 तक) में 50 हजार कूप का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है।

**पोषण वाटिका**

विद्यालय जाने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देने के साथ ही उनकी पोषण आवश्यकता को पूरा करने के साथ रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मनरेगा एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अभिसरण से विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 4960 चिह्नित विद्यालयों के विरुद्ध 3971 विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण कार्य प्रारम्भ है।

**दीनदयाल अंत्योदय- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन**

दीनदयाल अंत्योदय-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य में 2.89 लाख सखी मंडलों का गठन किया गया है। जिससे 32.94 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। विगत चार वर्षों में 1.18 लाख सखी मंडलों का गठन कर 15.29 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। वहीं 5 लाख से अधिक महिला किसानों को लखपति महिला बनाया जा चुका है।



**सामाजिक अंकेक्षण इकाई का उपलब्धि**

मनरेगा के सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट के आधार पर गत 04 वर्षों में 803 मामलों में कुल 40, 43, 136 रुपये की रिकवरी की गई है। इसके साथ कार्रवाई के रूप में 04 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है, 4570 कर्मियों पर अर्थदण्ड एवं 02 कर्मियों को सेवामुक्त किया गया है। गत 04 वर्षों में 08.01.2024 तक वित्तीय वर्षवार 2897 पंचायतों का सामाजिक अंकेक्षण किया जा चुका है।

**चालू वित्तीय वर्ष में 911.49 लाख मानव दिवस का सृजन**

4 वर्ष के भीतर मनरेगा के तहत अब तक 4135 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक कुल 911.49 लाख मानव दिवस सृजन करते हुए कुल 2962.40 करोड़ रूपये की राशि का व्यय की जा चुकी है। वहीं शत-प्रतिशत् मजदूरी का भुगतान किया गया है। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 1100 लाख से अधिक मानव दिवस सृजन का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। वहीं 4 वर्षों में मनरेगा की 23.73 लाख योजनाओं को पूर्ण किया जा चुका है तथा 6.85 लाख योजनाओं पर कार्य जारी है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी अबतक कुल 6.26 लाख योजना पूर्ण की जा चुकी है। मानव दिवस सृजन में महिलाओ की भागीदारी का प्रतिशत 47.87 है। दूसरी ओर बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत ग्रामीणों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से गत 4 वर्षों में कुल 1,31,850 एकड़ भूमि पर बागवानी के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 1,10,665 एकड़ भूमि पर बागवानी के माध्यम से अबतक कुल 1,27,381 परिवारों को लाभान्वित किया गया है।नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 4 वर्षों में जल संचयन एवं मृदा संरक्षण के उद्देश्य से पूरे राज्य में अब तक कुल 5,84,511 योजनाओं को पूर्ण किया गया है तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 1,10,903 योजनाओं पर कार्य जारी है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के तहत मनरेगा तथा राज्य योजना मद की राशि से बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन अन्तर्गत एक लाख सिंचाई कूप निर्माण किया जा रहा है। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष में 10 हजार अतिरिक्त वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान निर्माण का लक्ष्य है। 4 वर्षों में ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अबतक कुल 4184 खेल मैदान तैयार हो चुके हैं तथा 5071 योजनाओं पर कार्यन जारी है।



**एक साथ 11 महिला वकीलों को मिला सीनियर एडवोकेट का दर्जा**

## सुप्रीम कोर्ट ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इतिहास रच दिया. 75 साल के इतिहास में देश की सबसे बड़ी अदालत ने सिर्फ 12 महिला वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया था, लेकिन अब एक ही दिन में 11 महिलाओं को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया गया है. शुक्रवार को सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई में कुल 56 वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया गया है और इनमें 11 महिलाएं हैं, जबकि 34 पहली जनरेशन के वकील हैं. शुक्रवार को जारी लिस्ट में शोभा गुप्ता, स्वरूपमा चतुर्वेदी, लिज मैथ्यू, करुणा नंदी, उत्तरा बब्बर, हरिप्रिया पद्मनाभन, अर्चना पाठक दवे, निशा बागची, एनएस नप्पिनाई, एस जननी और शिरीन खजूरिया को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दे दिया गया है. वहीं पहली पीढ़ी के वकीलों में दर्जा पाने वाले अमित आनंद तिवारी, सौरभ मिश्रा और अभिनव मुखर्जी शामिल हैं. यह फैसला शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग में लिया गया. पहली बार इतनी संख्या में महिलाओं को सीनियर एडवोकेट का दर्जा देने के फैसले का स्वागत करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल और सीनियर एडवोकेट ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का ये ऐतिहासिक कदम है. 75 साल में सुप्रीम कोर्ट ने 12 महिला वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया था, लेकिन अब 2024 में एक साथ 11 महिलाओं को ये सम्मान दिया है.

---

# जेजेएमपी के चार सदस्य गिरफ्तार, हथियार बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है.
पुलिस ने जेजेएमपी के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके पास से हथियार भी बरामद किया है. गिरफ्तार नक्सलियों से पलामू पुलिस के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं. पूछताछ के बाद कई बड़े खुलासे होंगे. दरअसल पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि पलामू के इलाके में जेजेएमपी के नक्सली लेवी के लिए घटना को अंजाम देने की फिराक में है. इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था.
सर्च अभियान में पुलिस ने जेजेएमपी के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा समेत कई सामग्रियों को बरामद किया है. पुलिस ने मौके से जेजेएमपी के राजू कुमार साव, धर्मेंद्र भुइयां, जगन उरांव और सतन उरांव को गिरफ्तार किया है. प्रतिबंधित नक्सली संगठन जन्म मुक्ति परिषद के ध्रुव के कहने पर सभी लेवी के लिए हिंसा की घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए थे. गिरफ्तार नक्सली धर्मेंद्र कुमार पांकी थाना क्षेत्र के नवागढ़, सतन और जगन उरांव पांकी थाना क्षेत्र के सुरजीन, जबकि राजू साव पांकी थाना क्षेत्र के राधाडीह का रहने वाला है. पूरे मामले में पलामू पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस जल्द ही बड़ा खुलासा करेगी. गिरफ्तार नक्सलियों से पुलिस अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं.
दरअसल गिरफ्तार नक्सली इलाके में कई विकास योजनाओं से लेवी वसूलने के लिए धमकी दे रहे थे.

# ईडी आज मुख्यमंत्री से करेगी पूछताछ, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

*** सीएम से पूछताछ के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने किया राजभवन के सामने प्रदर्शन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सीएम से ईडी आज पूछताछ करेगी. पूछताछ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर ईडी ने मुख्य सचिव, डीजीपी और रांची एसएसपी को पत्र लिखा था. ईडी के पत्र मिलने के बाद रांची पुलिस के द्वारा सीएम हाउस, ईडी के रांची जोनल आफिस के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. बताया जा रहा है कि ईडी के अफसर जो सीएम हाउस में पूछताछ के लिए जाएंगे, उनके लिए भी ईडी कार्यालय से सीएम हाउस तक विशेष तौर पर स्कॉट की व्यवस्था की गई है. पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के जोनल कार्यालय सुरक्षा बढ़ा दी गई है. शुक्रवार अतिरिक्त पुलिस बल के अलावा चारों तरफ बैरिकेडिंग कर सुरक्षा को और पुख्ता बना दिया गया है. सुरक्षा जांच के बिना अब कोई भी ईडी दफ्तर में प्रवेश नहीं कर पाएगा. इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय द्वारा बार-बार की जा रही पूछताछ के खिलाफ विभिन्न आदिवासी संगठन राजभवन के सामने प्रदर्शन किया.




परंपरागत हथियारों के साथ प्रदर्शन करने पर प्रशासन की रोक के बावजूद विभिन्न आदिवासी संगठन के लोग राजभवन के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे.
वे तीर-धनुष, कुल्हाड़ी और अन्य हथियारों के साथ राजभवन पहुंचे. नाराज लोगों का कहना है कि जिस तरह से ईडी एक आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान कर रही है, उसके खिलाफ चेतावनी देने के लिए वे राजभवन आये हैं. बता दें कि आज 20 जनवरी को ईडी के अधिकारी जमीन घोटाला मामले में सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ करने वाले हैं. यह पूछताछ सीएम आवास में होगी. इसे देखते हुए ईडी कार्यालय से लेकर सीएम आवास तक सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किए गए हैं.

# जापान से हारकर पेरिस ओलंपिक से बाहर हुई भारत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई करने से चूक गई.भारत को जापान के हाथों 0-1 से हार का सामना करना पड़ा. पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को इस मैच में जीत हासिल करनी थी, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया. भारत-जापान का यह मैच रांची के बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्टेडियम में शुक्रवार को खेला गया. मुकाबले में जापान के लिए इकलौता गोल काना उराता ने खेल के छठे मिनट में किया. उराता ने पेनल्टी कॉर्नर पर ये गोल दागा. भारत को भी गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन जापानी डिफेंस ने उसके हर प्रयास को नाकाम कर दिया.



देखा जाए तो भारत को मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन एक बार भी वह गोलपोस्ट को भेद नहीं पाई. उदिता और दीपिका जूनियर से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दोनों का प्रदर्शन इस मैच में फीका रहा. भारतीय महिला हॉकी टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार गई थी, लेकिन इसके बाद उसने न्यूजीलैंड और इटली को हराकर पूल-बी में दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. भारत ने न्यूजीलैंड और इटली के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया था, हालांकि अहम मुकाबलों में उसक प्रदर्शन फीका रहा. सेमीफाइनल में भारत को जर्मनी के खिलाफ 3-4 से हार झेलनी पड़ी थी. भारत-जर्मनी के बीच वह मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा था. इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में नतीजा निकला था. अहम मैच में भारत जापान से भी हार गया.

### गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में दो महिला पायलट उड़ाएंगी फाइटर जेट

**नई दिल्ली (एजेंसी):** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे।



# हत्या के विरोध में दिन भर छतरपुर के दुकान रही बंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** गुरुवार को दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों द्वारा दुकानदार की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में छतरपुर, नौडीहा बाजार के दुकानदारों ने दिनभर दुकान बंद रखा । अपराधियों ने हरिहरगंज निवासी शंकर साव के पुत्र शुभम कुमार को हत्या के विरोध में ब्यवसाईयो ने अपनी -अपनी दुकान बन्द कर विरोध ब्यक्त किए। छतरपुर - पाटन विधायक पुष्पा देवी और भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ब्यवसाई लोग के साथ सड़क पर उतरे । पुष्पा देवी ने कहा की छतरपुर की स्थिती काफी भयावह होते दिख रही है,थान के बगल में ब्यवसाई की गोली मार कर हत्या की जाती है और प्रशासन मुकदर्शक बनी रह जाती है ऐसे थानेदार को बने रहना कोई औचित्य नहीं है।भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा की मै यंहा के सभी ब्यवसाई के साथ हर समय खड़ा हूं वही आज ही खजुरी नौडीहा मे नागेंद्र यादव के ग्राहक सेवा केन्द्र से अपराधियों द्वारा 4.50 लाख की लूट की घटना को अंजाम का भी मामला प्रकाश में आया है इस तरह छतरपुर अपराधियों का केंद्र बनता जा रहा है जिसे पुलिस प्रशासन रोकने में बिफल है। पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने कहा कि हरिहरगंज के व्यावसायिक कि हत्यारे को पुलिस अभिलंब गिरफ्तार करें गिरफ्तार नहीं करने पर चरणवध आंदोलन किया जाएगा मौके पर ब्यवसाई संघ अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रसाद सौंडिक, सुरेंद्र गोस्वामी , बिरजू साव, अभिषेक चौरसिया, अनमोल मिश्रा, अनिल सिंह ,कमलेश गुप्ता ,जीतेन्द्र गुप्ता,चंदन यादव सहित सैकड़ो कि संख्या में दुकानदार मौजूद थे।

## पांकी के सोरठ में विधायक शशि भूषण मेहता ने अपने निजी खर्च से करवाया पइन उड़ाही का कार्य, ग्रामीणों में हर्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता के द्वारा अपने निजी खर्च से पांकी प्रखंड के सोरठ गांव में भलुआही चेकडैम से सोरठ आहर तक पइन उड़ाही का कार्य तीव्र गति से करवाया जा रहा है। शुक्रवार की दोपहर दर्जनों ग्रामीणों ने कार्यस्थल पर उपस्थित होकर विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता को इस नेक कार्य हेतु धन्यवाद ज्ञापन भी किया है, मौके पर मौजूद ग्रामीण मोहम्मद मुस्ताक अंसारी मोहम्मद इंताफ अंसारी हरिद्वार महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से पइन के क्षतिग्रस्त हो जाने से सिंचाई को लेकर सैकड़ो किसानों को काफी दिक्कतें हो रही थी, इस गंभीर मामले को लेकर कुछ दिन पूर्व किसानों ने विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता को इसकी लिखित जानकारी दी थी जिसके तुरंत बाद मामले में संज्ञान लेते हुए विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने कुछ हफ्ते पूर्व पइन उड़ाही का कार्य शुरू करवाया, व लगभग 80त्न कार्य शुक्रवार तक पूर्ण भी हो चुका है। कार्य होने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है वहीं मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि अब सिंचाई को लेकर उन्हें काफी सहूलियत होगी, मौके पर ग्रामीण नारायण महतो धर्मेंद्र कुमार ओमप्रकाश साहू उदेश्वर राम भोला राम सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ब्लॉक प्रमुख के अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाने हेतु की हुई बैठक



**बिशुनपुरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के सभागार कक्ष में ब्लॉक प्रमुख दीपा कुशवाहा के अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी गणतंत्र दिवस मनाने हेतु बैठक की गई द्य जिसमें समय सेड्यूल प्रखंड कार्यालय में सुबह 8:15, थाना परिसर 8:45 में, प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय 9:00 में, प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय 9:30 में, बिशुनपुरा ग्रामीण बैंक 9:15 में, बीआरसी भवन बिशुनपुरा 9:45 में, सभी पंचायत भवन 10:00 बजे, सभी सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थान में समय 10 बजे झन्डा तोलन तय किया गया। जहां बैठक में बिशुनपुरा ब्लॉक प्रमुख दीपा कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार, बीपीओ डिंपल गुप्ता, शिक्षक रामरती मेहता, शिवकुमार ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार मेहता, सारांग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह, पिपरी कला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, पंचायत सेवक जगदीश राम, प्रधानाध्यापक अजीत कुमार पांडेय, सीआई जयप्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सत्संग का किया गया आयोजन

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सरेह स्थित शिक्षक अखिलेश प्रसाद के आवास स्वस्ति पाली पर सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया. सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि,शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सामूहिक प्रार्थना, नाम जप,सत्यानु शरण ग्रंथ पाठ,नारी नीति ग्रंथ पाठ तथा श्री रामचरितमानस ग्रंथ का पाठ किया गया.सत्संग में डॉ कृति सुंदर लाल,धृतिसुन्दर लाल,अनिता देवी व पूजा देवी द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया. इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को सुख,सांत्वना और प्रेम दूसरे को देकर स्वयं प्रसन्नचित रहना चाहिये. वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी एक महान संत हैं, वे ही पुरुषोत्तम हैं. उन्होंने कहा कि उनके भाव समाधि से स्पष्ट होता है कि उनका ही अवतार सभी युगों में हुआ है.वे ही श्रीराम,श्री कृष्ण, श्री बुद्ध बनकर अवतार लिये हैं. उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दिये गये इष्टभृति एक महान यज्ञ है.इसलिये दीक्षित व्यक्ति निःसंकोच होकर इष्टभृति करता है.ऋत्विक डॉ कृति सुन्दर लाल ने कहा कि हमे विश्वास व गर्व के साथ कहना चाहिये कि श्री श्री ठाकुर जी का अवतार मानव कल्याण के लिये हुआ है. वे मानव सहित सभी जीवों से प्रेम करते थे.उन्होंने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि सत्संग से ही जीवन लाभ मिलता है.सत्संग के बाद आयोजित भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया.सत्संग में राजकुमार, गोविन्द दा,सुदामा यादव,शक्तिदास सिन्हा,संजय दा,अजय दा,आदित्य कुमार,अखिलेश प्रसाद,धृतिदीस, रीना देवी,चंचला गुप्ता,किरण देवी,निर्मला जायसवाल, प्रमिला देवी,दीपमाला,गीता देवी,सतवंती देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी वृन्द उपस्थित थे.

## श्री राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर किया गया शांति समिति का बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिशुनपुरा :** थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा व बिशुनपुरा थाना पीएसआई विक्रम सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में अयोध्या श्री राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर की गई शांती समिति का बैठक शुक्रवार को हुई। जहां बैठक में उपस्थित बिशुनपुरा प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा ने बताया कि 22 जनवरी राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जगह जगह पर भजन कीर्तन, जुलूस,भंडारा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें किसी प्रकार का ऐसा गाना नहीं बनाएंगे जिससे किसी दुसरे धर्म को ठेस पहुंचे। वहीं उपस्थित बिशुनपुरा थाना पीएसआई विक्रम सिंह ने बताया की राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन हम सभी इस दिन को शांति पूर्ण सम्पन्न करेंगे। वहीं उपस्थित प्रखंड विश्व हिंदू परिषद् अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम लला का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को है इसे दिन को सभी लोग शांति से मनायँगे यह दिन हमारे लिए गौरव का दिन है इस दिन सभी घर में पांच पांच दीपक जलाये । वहीं शांती समिति के बैठक में बिशुनपुरा ब्लॉक प्रमुख दीपा कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा, पीएसआई विक्रम सिंह, एएसआई एके उपाध्याय, बिशुनपुरा बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, विश्व हिंदु परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, शिवकुमार ठाकुर, भरदूल चंद्रवंशी, पतिहारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, सरांग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह, पिपरी कला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बलराम पासवान, भोला शर्मा, छुनू ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अनुमंडल स्तरीय टेंट डेकोरेशन वेलफेयर एसोसिएशन का किया गया गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** शहर के अहिपुरवा मोड़ स्थित फैंसी मैरिज गार्डन में गढ़वा जिला टेंट डेकोरेशन वेलफेयर एसोसिएशन का मिलन समारोह से अनुमंडल स्तरीय कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वा टेंट डेकोरेशन वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन विनोद जायसवाल, गढ़वा अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, महासचिव आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता एवं गोपाल प्रसाद जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्री बंशीधर नगर टेंट डेकोरेशन के लोगों ने सभी अतिथियों को बारी-बारी से शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता देकर तथा प्रसिद्ध राधा कृष्ण बंशीधर जी की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने कहा कि संगठन हमारे समुदाय के उत्थान हेतु अत्यधिक महत्वपूर्ण है हम सभी को बेहद समन्वय बनाकर मिलजुल कर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यवसाय का ब्रांडिंग करना जरूरी है ताकि हम अपने गुणवत्ता के आधार पर समाज में अपनी प्रतिष्ठा बढ़ा सकते हैं।जिलाध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता ने कहा कि संगठन से जुड़कर हम समाज में प्रशंसा पाते हैं और समाज सेवा में भी जुड़े रहते हैं। संस्था का सृजन अपने समुदाय के उत्थान और जनकल्याण की भावना से बेहतर समन्वय के साथ आपसी प्रेम सौहार्द को स्थापित करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दरमियान संगठन के चेयरमैन विनोद जायसवाल, अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, महासचिव आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता व मीडिया प्रभारी तबारक अंसारी ने अनुमंडल स्तरीय का चुनाव कराया। इस दौरान कमेटी के साथ-साथ कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें सभी के सर्वसम्मति से गोपाल प्रसाद जायसवाल को अध्यक्ष बनाया गया।

## सनातनियों के लिए गर्व का दिन होगा 22 जनवरी : बिजेंद्र पाठक



**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वरीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने शुक्रवार को विश्रामपुर व नावा बाजार प्रखंड के कई गांवों का भ्रमण किया.इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को अयोध्या से आए पवित्र अच्छत दिया.ग्रामीणों को अयोध्या चलकर रामलल्ला के दर्शन हेतु आमंत्रित भी किया.बिजेंद्र पाठक ने कहा कि 22 जनवरी का दिन विश्व भर के सनातनियों के लिए गर्व का क्षण होगा.उस दिन रामलल्ला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे.उन्होंने कहा कि यह सब मोदी योगी सरकार मे ही संभव था.साथ में वरीय भाजपा नेता विनोद तिवारी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पांकी में वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, अवैध लकड़ी लदे चार ऑटो को किया जप्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांकी :** पांकी में धड़ल्ले से हो रहे जंगलों की अवैध कटाई एवं अवैध लड़कियों को टेंपो से व्यापार करने की गुप्ता सूचना पर पलामू डीएफओ के निर्देश पर कुंदरी वन प्रक्षेत्र की संयुक्त टीम ने शुक्रवार की सुबह बड़ी कार्रवाई की है जिससे माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है, आपको बता दें कि शुक्रवार की सुबह लगभग 3 बजे वन विभाग के कुंदरी प्रक्षेत्र की संयुक्त टीम ने पांकी वन परिसर में पेट्रोलिंग के दौरान जैसे ही जोतांग गांव पहुंची 4 तीन पहिया टेंपो अवैध लकड़ी लद कर खड़ी थी । चालक वन विभाग की पेट्रोलिंग टीम की पहचान कर भाग निकले, । सभी टेंपो एवम उस पर लदी लकड़ियों को अभिरक्षा हेतु पांकी वन परिसर कार्यालय में लाया गया।गाड़ी को ले जाने के क्रम में ग्रामीण महिलाओं ने वन विभाग की टीम पर अपना गुस्सा भी निकाला। मिली जानकारी के अनुसार सभी टेंपो चालक पांकी थाना के जोतांग गांव के निवासी हैं जिसमे ललन यादव,राजेंद्र यादव,मनोज यादव तथा राजेश यादव का नाम शामिल है। वन विभाग की संयुक्त टीम में प्रभारी वनपाल रामश्रेष्ट कुमार , एसबीओ ओम प्रकाश सिंह ,शुभम सिंह ,अरुण दास ,प्रमोद कुमार ,श्रवण कुमार तथा आशुतोष तिवारी शामिल थे।वन अधिकारियों ने बताया कि इन चारों अभियुक्तों पर वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के साथ कार्रवाई की जा रही है ।इन अभियुक्तों के अतिरिक्त अमित ठाकुर ,अरविंद यादव ,कमल यादव ,नंदू यादव ,नारद यादव एवम कमलेश यादव द्वारा भी अवैध लकड़ी का व्यापार किया जाता है जिसपर बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या के विरोध में बंद रही पिपरा प्रखंड की अधिकांश दुकानें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा, पलामू :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पिपरा बाजार सहित आसपास की दुकाने हत्या के विरोध में बंद रही. दिन गुरुवार को छतरपुर में हरिहरगंज के युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. जिसके विरोध में आज व्यवसायी समाज ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी अपनी दुकान बंद रखी है. जिसका आम जनजीवन पर खासा प्रभाव पड़ा. रोजमर्रा की जरूरत के सामानों के लिए लोग गली-गली भटकते दिखे. लोगों ने अपना विरोध जताते हुए कुछ घंटे के लिए सड़क को जाम कर दिया था व्यवसाईयों का मांग है कि जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए. पिपरा बाजार के व्यापारियों में भी काफी रोष देखा गया. रंजीत गुप्ता ऋषभ रंजन गुप्ता राहुल गुप्ता आकाश मंटू यादव सहित अन्य लोग अपने-अपने तरीके से हत्या का विरोध कर रहे थे.

## युवा व्यवसायी के हत्या के बाद हरिहरगंज बाजार बंद रहा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज, पलामू :** हरिहरगंज के युवा व्यवसायी के गुरुवार को छतरपुर में दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर देने के विरुद्ध में शुक्रवार को हरिहरगंज के सभी व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर विरोध जताया। वहीं आक्रोशित व्यवसायियों ने जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिनेमा रोड स्थित एनएच 98 मुख्य मार्ग पर बैठ गए, जिससे करीब दो घंटे आवागमन बंद रहा।ज्ञातव्य हो की हरिहरगंज शहर के झंडा चौक स्थित निवासी शंकर गुप्त के पुत्र शुभम गुप्ता को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। जिसके विरुद्ध में व्यवसायियों ने बाजार को बंद रखा और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एनएच 98 मुख्य मार्ग को करीब दो घंटे जाम रखा। उधर हरिहरगंज शहर में करीब दो बजे पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही परिजनों और व्यवसायियों में चीत्कार मच गई और मोती राज महिला कॉलेज मोड़ के समीप शव को रख कर लोगों ने अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि मामले कि जांच चल रही है जल्द अपराधियों को पकड़ लिया जायेगा।

## सिगसिगी स्टेशन पर कार्यरत रेल कर्मी ने की आत्महत्या

**विश्रामपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीडीयू रेलखंड के सिगसिगी स्टेशन परिसर में स्थित सरकारी आवास में चाबीमैन प्रमोद कुमार ठाकुर ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार ठाकुर पिछले कुछ दिनों से तनाव में रह रहा था.शुक्रवार को जब उसके कमरे में उसके साथ रहने वाला दूसरा रेल कर्मी गया तो उसे फांसी के फंदे से झूलता पाया.उसने तत्काल इसकी सूचना वरीय रेल अधिकारियों और रेहला पुलिस को दी.आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है.पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया है.मृतक बिहार के गया का मूल निवासी था.वह लगभग 12 वर्षो से सिगसिगी रेलवे स्टेशन पर कार्यरत था।

## आगामी 24 जनवरी को जन नायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा: पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** देश व राज्यों के विभिन्न स्थानों पर आगामी 24 जनवरी को जन नायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है.डॉ राममनोहर लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र झारखंड रांची द्वारा राज्य के विभिन्न स्थानों पर लगाई गई प्रतिमा स्थल पर विभिन्न समितियों द्वारा जन नायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष मनाने का कार्यक्रम निर्धारित है.उक्त बातें पूर्वमंत्री सह डॉ राममनोहर लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र के अध्यक्ष रामचन्द्र केशरी ने शुक्रवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि खरौंधी, भवनाथपुर व धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रतिमा स्थल पर जन नायक कर्पूरी ठाकुर लोक चेतना मंच के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. खरौंधी के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णा विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि मथुरा पासवान, उदघाटन कर्ता सीताराम जायसवाल, सम्मानित अतिथि सलीम अंसारी ,भवनाथपुर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार केशरी, उदघाटन कर्ता सूरज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि दीपक ठाकुर, मो0 नईम खलीफा व धीरज जायसवाल तथा धुरकी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार केशरी, उदघाटन कर्ता सूरज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि दीपक ठाकुर, नईम खलीफा व धीरज जायसवाल होंगे। उन्होंने कहा कि रांची कर्पूरी चौक(हिनू)में अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के मनोज ठाकुर,रामवृक्ष ठाकुर,अवधेश ठाकुर व समिति के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्वमंत्री लालचंद महतो होंगे.यह कार्यक्रम दुमका में भी प्रतिमा स्थल पर पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संथाल परगना,दुमका व समाजवादी नेता रंजीत जायसवाल, हेमन्त कुमार व अन्य ने आयोजित करने का निर्णय लिया है.श्री केशरी ने प्रदेश वासियो से राज्य में गढवा,पलामू,गिरिडीह सहित कई स्थानों पर लगे प्रतिमा स्थलों पर तथा अन्य स्थानों पर फ़ोटो रखकर आगामी 24 जनवरी को जन नायक कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष मनाने की अपील किया है.उन्होंने पूरे वर्ष कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी वर्ष मनाने का अनुरोध किया है.प्रेसवार्ता में दिनेश शर्मा, अनिल गुप्ता, सोनू कुमार, सलीम अंसारी, सोबराती खां, सुनील प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट अपराधी हुए बेलगाम : कमलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** गुरुवार को दिन दहाड़े हरिहरगंज के प्रतिष्ठित व्यवसाई शंकर गुप्ता के पुत्र शुभम गुप्ता की छतरपुर में गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या की घटना को अंजाम देकर अपराधी भागने में सफल हो गए। वहीं गत दिनों छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद की गाड़ी पर हमला हुआ। जो पुलिस की नाकामी साबित करता है। यह झारखंड की गिरती कानून व्यवस्था का बड़ा सुबूत है। यह बातें एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद में पत्रकारों से कही।उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था खराब होने के पीछे राज्य में फल फूल रहा भ्रष्टाचार है। पुलिस पर सरकार का कोई लगाम नहीं रहा। झारखंड ऐसा राज्य है जहां के अनुमंडल में तीन माह से एसडीपीओ का पद रिक्त है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज के व्यवसाई पुत्र शुभम के हत्यारों को अविलंब गिरफ्तार नहीं किया गया, तो एनसीपी राज्यपाल से मिल कर पूरी जानकारी देंगे। जरूरत पड़ी तो राज्य मुख्यालय में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने शुभम के हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। यहां हर जगह लूट- खसोट का बाजार गर्म है। झारखंड की खनिज संपदा लूटी जा रही है। राज्य में लूट, चोरी, हत्या, दुष्कर्म जैसी घटनाएं बढ़ गई हैं। प्रशासक वर्ग भी हाथ पर हाथ धरकर बैठा है।आवाज उठाने वाले ग्रामीणों को जेल में डाल दिया जाता है।

**OFFICE OF THE DISTRICT CO-OPERATIVE, LATEHAR**

Ref no.: - Date: -

**NOTICE FOR INVITING VERY SHORT TERM EOI**

**Subject – Invitation for Very Short-Term Expression of Interestfor Rate Contract of Supply and installation of Solar Based Surface moveable pump Set 1 HP at different Area in Latehar District under DMFT Fund 2023-24.**

District Co-operative, Latehar invites for EOIfor rate contract from reputed firms/ Company /Partnership firm for Supply and installation of Solar Based Surface moveablepump Set 1 HP at different area in Latehar district.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply and installation of Solar Based Surface moveable pump Set 1 HP in different Area of LATEHAR District. |
| 2 | EMD & Processing Fee etc. | EMD - 25,00,000 INR In Favor of Deputy Commissioner, LATEHAR and Tender Fees Rs 10,000 INR (Non-Refundable) |
| 3 | Last Date of Submission of EOI | 29/01/2024 |
| 4 | Date of Opening of EOI | 30/01/2024 |
| 5 | Place of Submission/for getting Required Information | District Co-operative Office, Latehar |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

**District Co-operative Officer LATEHAR**

PR 316555 Co-opretive (23-24)_D

## संक्षिप्त खबरें

### 22 को श्रीमद रामायण में देखिए भगवान राम की अब तक की यात्रा

**रांची।** सोनी पर दिव्य महाकाव्य श्रीमद रामायण में अब तक, दर्शकों ने भगवान राम के दिव्य जन्म, गुरुकुल से लौटने के बाद राजा दशरथ के साथ उनके पुनर्मिलन और कैसे वो खतरनाक ताड़का का सामना करते हैं, देखा है। और दर्शक अब भव्य राम-सीता स्वयंवर के साथ कथा में एक महत्वपूर्ण पल देख रहे हैं! अहिल्या, जिसे पत्थर बनने का शाप दिया गया था, को मोक्ष देने के बाद, भगवान राम ऋषि विश्वामित्र के साथ मिथिला चले गए, जहां उन्होंने महल में राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में भाग लिया। राजा जनक ने घोषणा की है कि शिव धनुष को उठाने में सक्षम एक व्यक्ति की शादी उनकी बेटी सीता से की जाएगी, और भगवान राम न केवल धनुष को उठाने और प्रत्यंचा चढ़ाने में सक्षम हैं, बल्कि इसे मोड़ने में भी सक्षम हैं ताकि यह बीच में ही टूट जाए। और इस प्रकार, सीता का भव्य स्वयंवर भगवान राम के साथ उनके पवित्र विवाह के साथ संपन्न होगा।

### कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती 24 को

**रांची:** झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती 24 जनवरी को मनाएगा। मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने शुक्रवार को कहा कि 24 जनवरी को हिनू चौक स्थित कर्पूरी प्रतिमा के पास दिन के 11 बजे से झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच और कर्पूरी सेना द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती समारोह आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर राजनीति के महानायक और मार्गदर्शक रहे हैं।



## प्रमंडलीय आयुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल झाँकियों एवं परेड की तैयारियों की ली जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर, रांची दशरथ चंद्र दास (भ.प्र.से.) की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस 2024 समारोह की तैयारियों और विधिव्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक, द.छो.प्र. क्षेत्र, रांची, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रांची, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक यातायात, नगर पुलिस अधीक्षक, अपर जिला दंडाधिकारी, उप निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, द.छो.प्र. रांची, जिला परिवहन पदाधिकारी, कमांडिंग आफिसर आर्मी हेडक्वाटर, जिला नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, गोंदा, प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्यप्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, अग्निशामक पदाधिकारी, आड्रे हाउस, रांची सहित संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

**गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी की समीक्षाः** आयुक्त द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी और सफल संचालन को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। मोरहाबादी मैदान की साफ- सफाई के साथ पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कार्यक्रम स्थल पर वाटरप्रूफ पण्डाल/गैलरी/कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण एवं बैरिकेटिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निदेश दिये। मंच की साज सज्जा और मंच पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, परेड में शामिल कैडेटों के लिए अल्पाहार



एवं पुष्प सज्जा की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश आयुक्त द्वारा दिया गया।

**अनावश्यक गतिविधियों पर दे विशेष ध्यानः** आयुक्त द्वारा समारोह के दौरान मिडियाकर्मियों के लिए विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही उन्होने कार्यक्रम स्थल पर अनावश्यक गतिविधियों पर भी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया।

**शहीद स्थलों एवं सड़क मार्ग की सफाई :** आयुक्त महोदय द्वारा विशेष रूप से राजधानी रांची के प्रमुख शहीद स्थलों की साफ- सफाई करने एवं मोरहाबादी मैदान की ओर जानेवाली सड़कों की मरम्मती एवं सफाई के निर्देश दिए।

कार्यक्रम स्थल में चिकित्सा मेडिकल कैंप और अग्निशमन की व्यवस्था को लेकर ससमय पूरी तैयारी करने का निदेश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। इसके साथ ही पेयजल, अस्थाई शौचालय आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे कार्यक्रम स्थल पर आने वाले श्रोताओं एवं अतिथियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**झांकी एवं परेड की तैयारी एवं झांकी संबंधी आलेख उपलब्ध कराने का निर्देशः** गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाली झांकी और परेड के संबंध में आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारीयों से जानकारी ली गयी। उन्होंने झांकीयों को ससमय पूरा कर उनका ड्राई रन कराने का निर्देश दिया। साथ ही विभागीय झाकियों से सम्बंधित आलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। समारोह में शामिल होने वाले आईआरबी और भारतीय सेना के पलाटून की सहभागिता पर भी विचार विमर्श किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी से संबंधित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आयुक्त ने ससमय तैयारी पूरी करने के निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिये।

## पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने डीआईजी नौशाद से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मांडर से भाजपा की पूर्व विधायक व भाजपा नेत्री गंगोत्री कुजूर डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की और उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर गंगोत्री खजूर ने डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम से अपील की वैसे पुलिस पदाधिकारी जो लंबे समय से एक ही थाना, विभाग पर लंबे समय से जमे हुए हैं।

उन्हें उनके पद से दूसरे जगहों पर तबादला किया जाए और उनके अनुभव का लाभ भी उठाया जाये। गंगोत्री ने बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के थाना में ,जैप पुलिस लाइन, बाडीगार्ड सहित कई ऐसे विभाग हैं जहां पर पुलिसकर्मी, सिपाही , ट्रैफिक पुलिस, इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी लंबे समय से वहीं जमें हुए हैं उन पर भी ध्यान दिया जाए और उन्हें एक जगह से दूसरे जगह हस्तांतरित किया जाए, ताकि उनके कार्य अनुभव का लाभ मिल सके। पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर एवं समाज में बेहतर काम कर सके। वहीं कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि ऐसे पुलिसकर्मी जो लंबे समय से एक ही पद पर एक ही जगह पर लंबे समय से तैनात है उनकी सूची तैयार की जाएगी और जहां तक संभव होगा उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान में तबादला भी किया जाएगा।

## ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने न्यायमूर्ति, झारखंड उच्च न्यायालय संजय कुमार द्विवेदी की माताजी स्वर्गीय मनोरमा देवी के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन सीएमपीडीआई, कांके रोड स्थित रवींद्र भवन पहुंचकर स्वर्गीय मनोरमा देवी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने न्यायमूर्ति श्री संजय कुमार द्विवेदी एवं उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## थोरैसिक और एसोफैगल कैंसर का इलाज अब राँची के पारस अस्पताल में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** थोरैसिक और एसोफैगल कैंसर (फ़ूड पाइप कैंसर) की सर्जरी के माध्यम से इलाज अब राँची के पारस एचईसी अस्पताल में होगा। थोरैसिक और फ़ूड पाइप कैंसर का नियमित रूप से डॉ प्रभात कुमार रैना की निगरानी में सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी। संबंधित मामले में राँची के पारस एचईसी अस्पताल प्रांगण में पत्रकारों को संबोधित किया गया। इस मौके पर पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार सहित क्रिटिकल केयर विभाग के प्रमुख डॉ शिव अक्षत, मेडिकल ऑनकोलॉजी विभाग के कंसलटेंट डॉ गौरव कुमार एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सक और कर्मी उपस्थित रहे। पारस एचईसी





अस्पताल के कैंसर सर्जन डॉ प्रभात कुमार रैना ने बताया कि फेफड़े की यह बीमारी ज़्यादातर तंबाकू के सेवन से होता है और कैंसर की सबसे ख़तरनाक बीमारियों में से एक है। इस बीमारी का सर्जरी से इलाज संभव है, जो मरीज़ को एक सामान्य जीवन दे सकता है। राँची के पारस एचईसी अस्पताल में कैंसर की उत्कृष्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।

**सामान्य लक्षणों में शामिल हैं :** एक नई खांसी जो दूर नहीं होती, खूनी खाँसी, घरघराहट,सांस लेने में कठिनाई, स्वर बैठना, साँस लेते या छोड़ते समय तेज़ सीटी की आवाज़ , ब्रोंकाइटिस या निमोनिया के बार-बार होने वाले प्रकरण एसोफैगल कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें अन्नप्रणाली के ऊतकों में घातक (कैंसर) कोशिकाएं बन जाती हैं।

## रांची हिंसा मामले में आठ युवकों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 15जून 2022 में हुए रांची हिंसा एक बार फिर चर्चा में है। रांची सिविल कोर्ट ने शुक्रवार को आठ युवकों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। बताया गया कि कोर्ट ने जिन लोगों के खिलाफ वारंट जारी किया है, उनमें मो. नकीब, माजिद , मो. सद्दाम, जमाल्लुदीन, खालिद उमर, मो. बेलाल, मो. अरीफ आदि के नाम शामिल है। वहीं बाकी पर भी विचार हो रहा है। बताते चलें कि 10 जून 2022 (शुक्रवार) को डेली मार्केट थाना क्षेत्र के मेन रोड के आस पास जमकर बवाल हुआ था।

ईट पत्थर चले थे। इसमें कई पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी, जवान और



प्रदर्शनकारी घायल हो गए थे। इस दौरान दो युवकों की मौत भी हुई थी। शहर का माहौल इतना तनावपूर्ण बन गया था कि प्रशासन को 144 धारा लागू करना पड़ा था। जिला प्रशासन ने लोअर बाजार, डेली मार्केट, हिंद पीढ़ी, लालपुर , जगन्नाथपुर, कोतवाली थाना, सुखदेव नगर, पंडरा ओपी, चुटिया, डोरंडा और अरगोड़ा थाना क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दिया था ।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने अवध में राम आए हैं गीत किया लांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांचीः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को लोक गायक आशुतोष द्विवेदी के गीत अवध में राम आए हैं की लांचिंग की। इस दौरान मरांडी ने रांची स्थित आवास पर पोस्टर का अनावरण एवं गाने को यूट्यूब पर अपलोड किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी राम भक्तों के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस दिन प्रभु श्री रामलला नए घर में प्रवेश कर रहे हैं। मरांडी ने कहा कि राम भक्तों के





लिए यह शुभ दिन किसी त्योहार से कम नहीं है। ऐसे शुभ दिन में आशुतोष के द्वारा गाये इस नए गीत को हर राम भक्तों को सुनने की जरूरत है। इस नए गीत के लिए मैं पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक और लोक गायक आशुतोष द्विवेदी ने अवध में राम आए है का गाना गाया है। गाने में प्रभु श्री राम के जीवन और महिमा का पूर्ण वर्णन है। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, भाजपा रांची महानगर के सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश पांडेय, सिंधु बाला, गीत के प्रोड्यूसर एके दिवाकर, संगीतकार हर्ष उपाध्याय, गीतकार अंबुज राय सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड में जीओ ग्राफिकल इंडीकेटर का बड़ा स्कोप : जितेंद्र कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उद्योग विभाग झारखंड सरकार के सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड में जीओ ग्राफिकल इंडीकेटर (जीआइ टैग) का बड़ा स्कोप है। राज्य में कई ऐसे प्रोडक्ट है, जिसका जीआइ टैग कर उन्हें विश्वस्तर पर पहचान दी जा सकती है। राज्य में सोइराई व सोहबर और डोकरा कला को जीआइ टैग मिला है। कई ऐसे प्रोडक्ट को जीआइ टैग के चिन्हित किया गया है। किसी भी क्षेत्र का जो क्षेत्रीय उत्पाद होता है, उससे उस क्षेत्र की पहचान होती है। उस उत्पाद की ख्याति जब देश-दुनिया में फैलती है तो उसे प्रमाणित करने के लिए एक प्रक्रिया होती है। इसकी जानकारी राज्यवासियों को नहीं है। जागरूकता जरूरी है। उद्योग सचिव शुक्रवार को आड्रे हाउस में दो दिवसीय राष्टीय स्तर की बौद्धिक संपदा (आईपी) यात्रा पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इसका आयोजन विकास आयुक्त कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय, सरकार के सहयोग से पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री रांची ने किया। उद्योग सचिव ने कहा कि झारखंड में जनसंख्या के हिसाब से कई प्रोडक्ट को जीआइ टैग नहीं मिला है। सरकार का प्रयास है कि जिन उत्पादों को चिन्हित किया गया है, उन्हें जीआइ टैग के मदद से विश्वस्तर पर पहचान दिलाये। एमएसएमई डीएफओ के एचओडी सह संयुक्त सचिव इंद्रजीत यादव ने कहा कि अपने नये आइडिया का पेंटेंट जरूर करवाये, जिसे आपके नये आइडिया का लाभ देश और राज्य को मिले। सेमिनार में पीएचडी चैंबर झारखंड चैप्टर के चेयरमैन डॉ संजय कुमार, पीएचडीसीसीआइ के सलाहकार डॉ एचपी कुमार , झारखंड राय यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ पियूष रंजन , एनयूएसआरएल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ एमआरएस मुर्ति, पीएचडी चैंबर के झारखंड चैप्टर के को चेयरमैन एसपी अग्रवाल , झारखंड चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, राजकुमार पोद्दार, पीएचडी चैंबर के स्थानीय निदेशक मंतोष सिंह, राहुल कुमार लाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## प्रेम प्रसंग में दोस्त की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास, 35 हजार जुर्माना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रेम प्रसंग में दोस्त की हत्या करने के दोषी अनमोल वर्मा उर्फ कांटी को अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही अदालत ने 35 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

इससे पूर्व 16 जनवरी को अनमोल को दोषी करार किया गया था। हत्या का यह मामला साल 2019 का है। मामले में सुखदेवनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। आरोपित ने पहले प्रेमिका की हत्या कर रातू रोड स्थित कब्रिस्तान में शव गाड़ दिया था। बाद में उसी अंदाज में अपने दोस्त की भी हत्या कर उसी कब्रिस्तान में गाड़ दिया था। नाबालिग प्रेमिका की हत्या करने के मामले में अदालत पूर्व में अनमोल को आजीवन कारावास की सजा सुना चुकी है। यह जानकारी अधिवक्ता पुष्पा सिन्हा ने दी। अभियोजन की ओर से 10 गवाह प्रस्तुत किये गये।

## बार-बार समन भेजने वाले ईडी के खिलाफ गोल बंद हुए आदिवासी संगठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सरकार बनने के बाद लगातार भाजपा और ईडी का सरकार पर हमला जारी है। सरकार के 4 साल हो जाने के बाद ईडी ने अब तक आठवीं बार समन भेज चुके हैं । अब अंतिम बार ईडी प्रवर्तन निदेशालय 20 जनवरी दिन शनिवार को मुख्यमंत्री के आवास में जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ करेगी।

**आदिवासियों में गुस्सा :** आठवें सामान की सूचना मिलने के बाद झारखंड के आदिवासियों में एक गुस्से का उबाल देखने को मिला। वे शुक्रवार को सड़क पर उतर आए। झारखंड के तमाम जिलों में आदिवासी पिछले दो दिन से गोल बंद हुए और अपने-अपने स्थान पर ईडी के खिलाफ और भाजपा के विरोध में नारेबाजी की और आदिवासी सरकार को परेशान करने और राज्य में अस्थिरता पैदा करने का आरोप केंद्र सरकार पर मढ़ा।

**शुक्रवार को सड़क पर उतर आये आदिवासी :** शुक्रवार को आदिवासी विभिन्न क्षेत्रों से ढोल, नगाड़ा , तीर ,धनुष ,हर्वे हथियार,पोस्टर ,बैनर के साथ विभिन्न रूटों से होते हुए राजभवन पहुंचे। इस दौरान रांची शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। सभी चौक चौराहों पर आदिवासियों की भीड़ देखी गई। सभी केंद्र सरकार पर अपना गुस्सा





झाड़ रहे थे । आदिवासियों का कहना था कि झारखंड में आदिवासी मुख्यमंत्री को पसंद नहीं किया जा रहा है और खामखा इन्हें परेशान किया जा रहा है। केंद के सारे पर ईडी और दूसरी एजेंटीयों के तहत राज्य में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश की जा रही है। बता दे की 20 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आवास में ईडी सवाल पूछने जाएगी और मुख्यमंत्री इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पहले भी मुख्यमंत्री ईडी के समक्ष उसके कार्यालय में हाजिर हो चुके हैं करीब बी। घंटों तक उनसे पूछताछ की गई थी।

**कुछ नहीं होगा :** ईडी के पूछताछ के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कुछ नहीं होगा । वे राज्य में पूरे 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे । साथ ही लोकसभा और विधानसभा में बेहतर भी प्रदर्शन करेंगे। जनता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति विश्वास बड़ा है उनके कार्यो को देखते हुए खासकर युवाओं में अति उत्साह है।

## हॉकी का सफलतापूर्वक हुआ समापनः हार कर भी भारत ने जीता दिल

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी 2024 तक मोराहबादी मैदान के नजदीक मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में किया गया। इस सफल आयोजन में आठ देशों की टीम ने हिस्सा लिया था। भारत, जापान, इटली, चिली, न्यूजीलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य और युएसए शामिल थी।

**ये लोग हुए थे शामिलः** इस भव्य हॉकी आयोजन का शुभारंभ महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। इस दौरान पूरे मैच में कई गणमान्य लोगों ने बतौर अतिथि खिलाड़ियों के हौसला अफजाई के लिए उपस्थित हुए थे। जिनमें कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग मंत्री हफीजुल हसन, पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर , स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, डीआईजी अनुप बिरथरे, भाजपा विधायक अमर बाउरी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, महासचिव अमरकांत सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए । इस आयोजन को सफल बनाने में खेल निदेशक सुशांत गौरव, भारतीय हॉकी टीम के महासचिव सह झारखंड हॉकी के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह सहित खेल सचिव, एवं हॉकी टीम से जुड़े कई पदाधिकारी खिलाड़ीगण ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

**भारत और जापान के बीच हुई भिड़ंतः** भारत और जापान के बीच रोमांचक भरा मैच खेला गया। इस दौरान स्टेडियम दर्शकों की भीड़ से खचाखच भरी रही । इस तरह अंतिम



दिन जापान ने भारत को 1-0 से हराकर पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में जापान की ओर से उतरा काना ने विजयी गोल दागा । प्रतियोगिता में भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही।इस तरह से भारत का पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया। हालांकि भारत एक गोल खाने के बाद भी जापान पर अंत तक दबाव बनाए रखा। कई बार शॉट भी लगाया लेकिन सही निशाने पर नहीं लगा। भले भारत मैच हार गया हो लेकिन दिल जीतने में कामयाब रही। मुख्य रूप से इंडिया टीम में मोनिका, सोनीका, निक्की प्रधान , के . देवी, सविता कुमारी, संगीता , निशा, उदिता, फलक वैष्णवी , बलजीत कौर, ज्योति नवनीत कौर, सलीम टेटे, नेहा, इशिका चौधरी, ब्यूटी डुंगडुंग ,दीपिका से सजी टीम थी।

**चिली और चेक रिपब्लिक को हरायाः** एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के चिली और चेक रिपब्लिक के बीच 7वें और 8ठें स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में चिली ने 1-0 से जीत हासिल की। चिली की ओर से एकमात्र गोल वीलागरान फरनंनदा ने किया। इस जीत के साथ चिली की टीम ने सातवां स्थान हासिल किया जबकि चेक गणराज्य की टीम आठवें स्थान पर रही।

**इटली को हराकर न्यूजीलैंड पाँचवें स्थान परः** वहीं शुक्रवार को खेले गए मैच में इटली को हराकर न्यूजीलैंड पाँचवें स्थान पर पहुंचा। इटली को न्यूजीलैंड ने 3-1 से हराया। न्यूजीलैंड की ओर से तैयार रोज , कहना कोटर और मैरी ने गोल किया। वही इटली की ओर से पिसीना लावना ने एकमात्र गोल किया। प्लेयर ऑफ द मैच डेकिंग न्यूज़ीलैंड रहे।

### श्री सरोवर महादेव मंदिर में रामलीला नृत्य नाटिका 22 को

**रांची :** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को श्री सरोवर महादेव मंदिर प्रांगण में राजस्थान मित्र मंडल की ओर से रामलीला नृत्य नाटिका का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान मित्र मंडल के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने शुक्रवार को बताया कि श्री सरोवर महादेव का रुद्राभिषेक पंडित अरुण मिश्रा के जरिये मंत्रोच्चार पाठ किया जाएगा। प्रभु श्रीराम की महा आरती और भजन संकीर्तन होगा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक आज

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना परिसर में आज सुबह 9ः30 बजे से शांति समिति की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।इसकी जानकारी देते हुए पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा सह उदघाटन को लेकर क्षेत्र मे विधि एंव शांति व्यवस्था को लेकर बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा।उन्होंने क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी,पंचायत प्रतिनिधि, यूनियन प्रतिनिधि,राजनैतिक पार्टी,सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सहित शांति समिति सदस्य एंव सभी धर्म समुदाय के लोगो से बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है।

## बचरा व्यावसायिक संघ की बैठक में आतिशबाजी करने का लिया गया निर्णय

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** व्यावसायिक संघ की एक आवश्यक बैठक बचरा में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष सुनील प्रसाद और संचालन सचिव रविंद्र कुमार सिंह ने किया।बैठक मे अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर बचरा चार नम्बर के सभी दुकानदारो ने दीप प्रज्ज्वलित करने एंव शाम को चार नम्बर मैदान में सामूहिक आतिशबाजी का कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। वही बैठक मे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में दीपक ओझा, मंटु यादव, संजय सोनी, मुकेश राणा,रौशन कुमार, अनिरुद्ध पाठक, विकास मेहता, दिलीप अम्बष्ट सहित कई दुकानदार उपस्थित थे।

## नगर पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत की गई बैठक



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत खूंटी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास लोन उपलब्ध कराने हेतु बैंकर्स के साथ कार्यपालक पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें आवास योजना से संबंधित लाभुक उपस्थित थे। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बैंक कर्मियों को यह निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आसान लोन उपलब्ध कराया जाए ।जिससे जमुआदाग में निर्माण हो रहे आवास का कार्य शीघ्र पूरा हो सके तथा आवास विहीन परिवार को उनके सपनों का आशियाना मिल सके साथ ही यह निर्देश दिया गया की कार्यरत एजेंसी कार्य की गुणवत्ता बनाए रखेंगे। ज्ञात हो कि जमुआदाग में 100 फ्लैट का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें से 51 फ्लैट का आवंटन किया जा चुका है शेष का आवंटन होना अभी बाकी है अतः वैसे योग्य एवं इच्छुक लाभुक जिन्हें आवास की आवश्यकता है तथा पक्का मकान एवं भूमि नहीं है कार्यालय नगर पंचायत में शीघ्र संपर्क कर आवास ले सकते हैं। आवास विहीन परिवार आवास योजना हेतु कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस बैठक में नगर प्रबंधक आफताब आलम, नगर मिशन प्रबंधक विनीत कुमार, स्मिता एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## असंगठित मजदूरों की हुई बैठक



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एरिया एरिया क्षेत्र के असंगठित मजदूरों की बैठक अशोक सिंह की अध्यक्षता में हुयी.बैठक के दौरान असंगठित मजदूरों के समस्या को लेकर चर्चा किया गया. बैठक में मजदूरों ने बताया कि आज निजी कंपनियां असंगठित मजदूरों को छंटनी करने का काम कर रही है, जिससे मजदूरों के बीच बेरोजगारी की समस्या उतपन्न हो रही है. बैठक में उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्लाह अंसारी ने कहा कि के एनके क्षेत्र में काम करने वाले निजी कंपनी किसी भी असंगठित मजदूरों की छटनी करती है तो उनकी ईट से ईंट बजा देंगे.कहा कि किसी भी निजी कंपनी को काम करने नहीं दिया जाएगा सभी असंगठित मजदूर एकजुट होकर उनके खिलाफ आंदोलन करेंगे. जरूरत पड़ी तो इस क्षेत्र के कोयला ढुलाई को भी बाधित किया जाएगा .अंसारी ने कहा कि 20 वर्षों से निजी कंपनियों में काम करने वाले असंगठित मजदूरों का उनका पीएफ का पैसा नहीं दे रही है उन्होंने प्रबंधन से पहल कर मजदूरों का सीएमपीएफ का पैसा दिलाने का मांग किया है. अंसारी ने कहा कि आज निजी कंपनियां इस क्षेत्र में काम करने आती है तो खलारी कोलांचल के बेरोजगार मजदूरों को रोजगार देने की कम करें.अंसारी ने कहा कि आज जब कोई निजी कंपनी इस क्षेत्र में काम करने आती है तो यहां के बेरोजगारों का रोजगार का आश जगती है इसलिए एनके प्रबंधन इस ओर भी पहल कर यहां के युवाओं को रोजगार दिलाने की कम करें ताकि इस क्षेत्र से बेरोजगारी दूर हो सके.बैठक में मुख्य रूप से सुनील सिंह, सोनू पांडेय, मिथुन राणा, सलामत अंसारी, अफजल अंसारी, कृष्णा सिंह, जसीम अंसारी, मुमताज अंसारी, रवि केसरी, शिवा कुमार, अजय केसरी, रियाज अंसारी, विनोद उरांव, राजेश तुरी आदि लोग शामिल थे।

## 40 आदिवासी युवा एवं युवतीयों की टीम को किया रवाना



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 94 बटा के रि पु बल व नेहरू युवा केन्द्र संगठन के संयुक्त तत्वावधान में 40 आदिवासी युवा एवं युवतीयों की टीम नासिक (महाराष्ट्र) एवं अहमदाबाद (गुजरात) के लिए रवाना हुये। गौरतलब है कि पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी केरिपुबल व नेहरू युवा केन्द्र संगठन के द्वारा झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा के आदिवासी युवा/युवतीयों को देश के विभिन्न राज्यों/शहरों में मानसिक व कौशल विकास हेतु भेजा जा रहा है। इस वर्ष कुल बारह स्थलों देहरादून, जम्मू (जम्मू व कश्मीर), नासिक, मुबंई, कोलकाता, पूणे, मैसूर, बैंगलोर, हैदराबाद, अहमाबाद, नागपुर एवं लखनऊ के लिए कुल 260 युवा एवं युवतीयों को खूंटी जिले से भेजा जाना है। इस कार्यकम के दौरान युवा एवं युवतियों को नासिक (महाराष्ट्र) में दिनांक 20/01/2024 से 26/01/2024 एवं अहमदाबाद (गुजरात) में दिनांक 21/01/2024 से 27/01/2024 तक रखा जाएगा व वहाँ की सस्कृति, कला व परिवेश से अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर राधेश्याम सिंह कमाण्डेन्ट 94 बटा0, पी. आर. मिश्रा द्वित्तीय कमान अधिकारी, एवं अन्य अधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

# उर्दू भाषा के साथ छेड़छाड़ करना बन्द करे सरकार

### उर्दू भाषा के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव का पिपरवार मे हुआ विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता सदर इस्लाम अंसारी और संचालन सेक्रेटरी इरफान शेख ने किया।बैठक की शुरुआत बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने कुरान पाक की तिलावत के साथ की।इस बैठक मे झारखंड सरकार के द्वारा उर्दू भाषा को मरनीय भाषा घोषित किए जाने को लेकर लाये गये प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उर्दू भाषा देश की द्वितीय राष्ट्रीय भाषा है और इसके साथ छेड़छाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।झारखंड सरकार के द्वारा उर्दू भाषा को समाप्त करने को लेकर एक प्रस्ताव लाया गया है जो काफी निंदनीय है।वक्ताओ ने कहा कि वर्तमान में सरकार उर्दू शिक्षकों की बहाली अभी तक नहीं की है।वही मदरसा बोर्ड का भी गठन नहीं हुआ है और अब झारखंड सरकार उर्दू भाषा को मारनीय भाषा घोषित कर उर्दू भाषा को समाप्त करने का प्रयास कर रही है,जिससे मुस्लिम समाज में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।वक्ताओं ने कहा



कि यदि झारखंड सरकार उर्दू भाषा के साथ छेड़छाड़ करती है तो मुस्लिम समाज के लोग सड़क से लेकर सदन तक जोरदार आंदोलन करेगा जिसका परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव में देखा जाएगा।बैठक के दौरान सभी लोगों ने एक स्वर में झारखंड सरकार के इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए सरकार से प्रस्ताव वापस लेने की मांग। बैठक मे हाफिज मुमताज, हाफिज मन्नवर, इस्लाम अंसारी, इकबाल हुसैन, इरफान शेख, अब्दुल कुदूस, ज़समुद्दीन अंसारी,आबिद हुसैन, सैयद अरमान, साकिरउदीन अंसारी, रिंकु खान, कमाल मियां,सफीद अंसारी, कुदूस खान, बबलु आलम, कलन आजाद, जहांगीर मंसूरी, फैयाज मास्टर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अबुआ आवास योजना चयन में अनियमितता का आरोप

# ग्राम प्रधानों की मांगों को नजरंदाज किया गया तो होगा आंदोलन : रमेश उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष सह खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सलाहकार रमेश उरांव ने आरोप लगाया है कि अबुवा आवास योजना के चयन में भारी अनियमितता बरती गई है।उन्होंने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुवा आवास योजना में सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देश के तय मापदंड को दरकिनार कर लाभार्थियों का चयन किया गया है।रमेश उरांव ने कहा कि झारखंड के हर प्रखंड में लाभार्थियों के चयन में गड़बड़ी की गई है।प्रखंड के पदाधिकारियों, पंचायत के मुखिया, जनसेवकों, पंचायत सचिवों और कतिथ बिचौलियों की मिली-भगत से पात्र लाभुकों का चयन न कर अपात्र लाभुकों का चयन किया गया है।उन्होंने कहा कि सरकारी दिशा-निर्देश के अनुसार पात्र लाभुकों का चयन ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में होना था।लेकिन सरकार की सभी गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी तरीके से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों के आदेश के अनुसार आनलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के आधार पर ही सर्वेक्षण कर लाभुकों का चयन कर दिया गया है।जबकि,लाभुकों का अंतिम सूची ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ही होना चाहिए था।लाभुकों के चयन के लिए आयोजित ग्रामसभा में सिर्फ खानापूर्ति किया गया।चयन की गलत प्रक्रिया से योग्य लाभुक योजना के लाभ से वंचित रह गए।रमेश उरांव ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार गैर अनुसूचित और अनुसूचित क्षेत्र में ग्रामसभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान को करना है।लेकिन तानाशाह अफसरों के कार्य प्रणाली के कारण सभी नियम-कानून ताक पर रख दिया गया है।कहा कि इस अनियमितता और गलत तरीके से हो रहे लाभुकों के चयन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संबंधित मंत्री आलमगीर आलम सहित रांची के उपायुक्त को पत्र सौंप कर झारखंड प्रदेश ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष रमेश उरांव की ओर से अवगत कराया जा चुका है।रमेश उरांव ने सरकार से मांग की है कि वैसे लाभुकों को सूची में जोड़ने की दिशा में अविलंब पहल की जाए जो योग्य लाभुक हैं।

# टाटीसिलवे चैलेंजर्स कप 21 से, 26 को फाईनल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** टाटीसिलवे फुटबॉल अकैडमी के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक ईईएफ मैदान में प्रथम पुरस्कार= 1,00000/- , द्वितीय पुरस्कार = 60,000/ , तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार = 15,000-15,000/- हजार रूपए ईनामी राशि वाली फुटबॉल प्रतियोगिता टाटीसिलवे चैलेंजर्स कप आगामी 21 जनवरी से शुरू होगा, जिसका फाइनल मुकाबला राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को खेला जायेगा। जिसमें कुल 16 टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर बृहस्पतिवार को ईईएफ मैदान में कोषाध्यक्ष जगदीश नायक की अध्यक्षता में बैठक किया गया जिसमें सर्वसम्मति से जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य फलिन्द्र करमाली को मुख्य संरक्षक बनाया गया। बैठक में टाटीसिलवे फुटबॉल अकैडमी के अध्यक्ष बिगना महतो, सचिव मनेश महतो, संयोजक सुमित कुमार महतो, कप्तान सुरज महतो, मनोज महतो, अर्जुन महतो, जीतवाहन करमाली, शिव पाहन, लखन बैठा, प्रेम नायक, सोनाराम महतो एवं अन्य खेलप्रेमी उपस्थित थें।

# राहे ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राहे :** रांची जिला अंतर्गत राहे ओपी परिसर में शांति समिति की एक आवश्यक बैठक 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए ओपी प्रभारी ने कहा कि आगामी 22जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व आरम्भ प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम है। उसी को देखते हुए थाना क्षेत्र में लोगों से शांतिपूर्णमाहौल में मंदिर देव स्थानों पर पूजन अर्चना,भजन,कीर्तन करने कीअपील की ।उन्होंने कहा की अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे।कोई भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार से कोईमाहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए सूचित करें। क्षेत्र में शरारती तत्वों अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबरें को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्रमें अशांति हो। पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है, सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालोंपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद, एएसआइ राम पुकार बैठा,उप प्रमुख उमेश महतो समाजसेवी अजमत अली और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पिपरवार विकास समिति ने शिशु विद्या निकेतन के बच्चों को दिया गर्म वस्त्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के शिशु विद्या निकेतन बिलारी में शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर पिपरवार विकास समिति के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले गरीब और असहाय बच्चों के बीच गर्म वस्त्र स्वेटर का वितरण किया गया।इस संबंध में समिति के सचिव संतोष कुमार राम ने बताया कि स्कूल में कई ऐसे गरीब और निर्धन असहाय बच्चे हैं जिनके पास स्वेटर नहीं था और कड़ाके की इस ठंड में उक्त बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।ऐसे में समिति के सदस्यों के साथ स्कूल जाकर इसकी जानकारी ली और गरीब असहाय एवं निर्धन बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया।इसके साथ ही समिति ने स्कूल में पढ़ने वाले गरीब और असहाय निर्धन बच्चों को चिन्हित कर उनके छः माह की शिक्षा शुल्क देने की घोषणा की।स्कूली बच्चों को स्वेटर मिलने के बाद उनके चेहरे पर खुशी की झलक देखी गई।उन्होंने कहा कि पिपरवार विकास समिति कोयलांचल क्षेत्र के गरीब असहाय बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव मदद करने का काम कर रही है।वहीं समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर गरीब और असहाय लोगों की मदद कर रही है।उन्होंने कहा कि समिति के द्वारा इस तरह के सहयोग कार्य आगे भी लगातार जारी रहेगा।इस मौके पर समिति के सचिव संतोष राम,महेंद्र प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद,स्कूल के उप प्राचार्य भीम बहादुर थापा, निदेशक बिजय कुमार सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# नागदेव मूंगा बुरु पूजा एवं मेला संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के दोसिमा गोडाड़ीह में नागदेव मूंगा बुरु पूजा एवं मेला आयोजित की गई। मेला का उद्घाटन राष्ट्रीय पुस्तकालय के सलाहकार सदस्य कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो एवं मुखिया सावन देवीपूर्व मुखिया डब्लू महली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डॉ राजाराम महतो ने कहा कि मेला को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह जगह बहुत जल्द लोगों का आस्था का केंद्र बन गई है। उन्होंने इसके विकास पर बल देते हुए ग्रामवासियों से इसी तरह उत्साहपूर्वक आगे भी मेले का आयोजन करते रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारे सभ्यता संस्कृति को बचाने का मेला उत्सव एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म है। इसे बचाने के लिए नई पीढ़ी के युवाओं को आगे आना होगा। मेले में पूर्व विधायक अमित कुमार महतो देवेंद्र महतो आदि नव शिरकत किया।मेले में जहा हस्य कलाकार मजबूल खान द्वारा संगीत एवं नाटक की बेहतरीन प्रस्तुति पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं पश्चिम बंगाल से आए गोविंद लाल महतो द्वारा झूमर नाच पर भी लोगों ने आनंद लिया।इस मौके पर जनक सिंह महतो,जयराम महतो, परेश कुमार महतो ,राजकुमार महतो, सरोज कुमार महतो, नागेश्वर महतो, अजीत महतो, लखीराम महतो, अरविंद कुमार, सुधीर, जगदीश, विपिन ,सुदेश, मधुसूदन, मनोज ,प्रथम, पंकज, देवेंद्र कार्तिक, अमर सिंह, मंगल सिंह ,सुमन, हेमंत, गणेश, मनीष, पृथ्वीराज, सचिन, रसोरज, संतोष, शंभू नाथ, अशोक, संजय, योगेश्वर समेत काफी संख्या में लोगों उपस्थित थे।

# कैंब्रिज बीएड में इफेक्टिव कम्युनिकेशन पर कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** कैंब्रिज बी एड कॉलेज (सीआईटीआइ) में गुरुवार को मूल्य वर्धीत कोर्स के तहत इफेक्टिव कम्युनिकेशन विषय पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन हुआ ।वतौर रिसोर्स पर्सन महात्मा गाँधी केंद्रीय वि. वि. मोतिहारी की सहायक प्राध्यापिका डॉ मनीषा रानी ने विषय से सम्बंधित मूल तथ्यों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षु विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक दूसरे के बीच प्रभावी संप्रेशन केवल सरल संवादों से ही नहीं वल्कि भावों और विचारों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने से होता है।जिससे सहज़ अंदाज में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच सुगम संचार स्थापित होता है। कार्यशाला में बीएड व डीएलएड दोनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रधापिका अनीता मेहता ने किया। जबकि कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, कोर्डिनेटर संजीव तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ सत्येश कुमार सिंह, डी एल एड विभागध्यक्ष डॉ रेणु, अपूर्व मुखर्जी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।


Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office Of The Gumla Nagar Parishad, Gumla

**E-procurement Tender NoticeNIT No.- GML/NP/01/2023-24**
**(Urban Transportation & Civic Amenities) 2nd Call**

| Sl No/ Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents by DD (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of road, PCC work from Main road to DSP road at ward no 20 and 21 under Nagar Parishad, Gumla (Urban Tranportation) | 2040608.00 | 40900.00 | 5000.00 | 03 Month |
| | | **2040608.00** | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Administrator, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Date of tender published on website | 29.01.2024 |
| 3 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 4 | Availability of tender online biding | 29.01.2024 (at 11:00 AM) to 05.02.2024 (at 05:00 PM) |
| 5 | Date & time of opening bid | 06.02.2024 (at 01:00 PM) |
| 6 | Mode of Submission of bid | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

नोट :–(1) केवल ई–निविदास्वीकार की जायेगी। (2) निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद्, गुमला।

PR.NO.316595 District(23-24):D



झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड
कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा-835302

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0–64 दिनांक–11.01.2024के आलोक में कृशक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में केन्द्र प्रायोजित इन्टीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हार्टिकल्चर योजना अन्तर्गतराष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का कार्यान्वयन लोहरदगा जिला में निम्नांकित रूप से किया जाना है। जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखीमण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक **30.01.2024** तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय,प्रखण्ड उद्यान नर्सरी परिसर, लोहरदगा में जमा कर सकते हैं।

**राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का भौतिक लक्ष्य (हे०/इकाई/संख्या में)**

| क्र.सं. | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | Strawberry (Int. package with drip irrigation & mulching) (in ha.) | 5 |
| 2 | Strawberry - Without integration (in ha.) | 0.5 |
| 3 | Papaya (Int. package with drip irrigation) (in ha.) | 7 |
| 4 | Papaya -without integration (in ha.) | 0.5 |
| 5 | Mango (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 7 |
| 6 | Lime (4x4.5) (Rs.54,980/ha) (in ha.) | 7 |
| 7 | Sapota (Rs.45400/ha) (in ha.) | 5 |
| 8 | Guava (6mx6m) (Rs.38340/ha) (in ha.) | 8 |
| 9 | Pomegranate (5.0m × 5.0m) (in ha.) | 5 |
| 10 | Aonla (Rs.40008/ha) (in ha.) | 2 |
| 11 | Bael (Rs.48400/ha) (in ha.) | 2 |
| 12 | Litchi (Rs.28000/ha) (in ha.) | 2 |
| 13 | Jack Fruit (10x10m) (Rs.25,500/ha) (in ha.) | 1 |
| 14 | Vegetable Hybrid (Rs. 50,000/ha) (in ha.) | 55 |
| 15 | Cut Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 1.00 lakh/ha) (in ha.) | 6 |
| 16 | Bulbulous Flowers - Small & marginal farmers (Rs.1.50 lakh/ha) (in ha.) | 7 |
| 17 | Loose Flowers- Small & Marginal farmers (Rs. 40,000/ha) (in ha.) | 7 |
| 18 | Spices (Seed spice and Rhizomatic spices (Rs. 30,000/ha) (in ha.) | 8 |
| 19 | Shadenet (Tubular structure) (in Sqm) | 3000 |
| 20 | Plastic Mulching (in ha.) | 30 |
| 21 | Anti Bird/ Anti Hail Nets (in Sqm) | 2000 |
| 22 | Cost of planting material of high value vegetables grown in poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 23 | Cost of planting material & cultivation of Carnation & Gerbera undeer poly house/shadenet house. (in Sqm) | 1000 |
| 24 | Cost of planting material & cultivation of rose and lilum under poly house/shadenet house (in Sqm) | 1000 |
| 25 | Organic Farming- Vermi compost Units/organic input production - HDPE Vermibed (in Nos) | 30 |
| 26 | Pack house/ on farm collection & storage unit (in Nos) | 8 |
| 27 | PHM- Primary/ Mobile/ Minimal Processing Unit (DPR Based) (in Nos) | 1 |
| 28 | Training of farmers- Within the State (in Nos) | 250 |
| 29 | Training of farmers- Outside the state (in Nos) | 25 |
| 30 | Exposure visit of farmers- Outside the state (in Nos) | 25 |
| 31 | Marketing Infrastructure- Static Mobile Vending Cart/ platform with cool chamber (in Nos) | 1 |

नोट :–
1. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन लाभुक या उनके परिवार का चयन नहीं किया गया है, केवल उन्हीं का चयन किया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन में पिछले तीन वर्षों में जिन ग्रामों का चयन नहीं किया गया है, उन ग्रामों के चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. ST, SC, टाना भगत, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs)एवं Marginal Farmers का नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जायेगा। साथ ही महिला कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर एम0आई0डी0एच0 मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. आवेदन कार्यालय में पूर्ण रूपेण भरा हुआ दिनांक 30.01.2024 तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
7. कार्यालय अवधि में ही आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
8. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/VLW/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 316558 Lohardaga(23-24).D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## अंसार खान ने मंत्री हाफिज उल हसन और आयोग अध्यक्ष हिदातुल्लाह खान का किया स्वागत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने झारखंड सरकार के खेल मंत्री हाफिज उल हसन अंसारी और अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदातुल्लाह खान का सर्किट हाउस में स्वागत किया। सर्किट हाउस में झामुमो के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। अंसार खान ने बताया खेल मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से क्रिकेट फुटबॉल और हॉकी खेल को लेकर चर्चाएं हुई। हफीजुल हसन ने बताया झारखंड राज्य में खेल को काफी महत्व दिया जाता है। जो खेल के माध्यम से पूरे दुनिया में झारखंड का नाम है। स्वागत करने में मौलाना अंसार खान के साथ समाजसेवी राजा राम पंडित, नूरजमा और अब्दुल साथ थे।

## रोमांचक ऑफर के साथ गैलेक्सी एस24 सीरीज लॉन्च

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज मोबाइल एआई के एक नए युग की शुरुआत करते हुए अपने नवीनतम गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस24प्लस और गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन के लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। गैलेक्सी एस24 श्रृंखला बाधा-मुक्त संचार को सक्षम बनाती है, गैलेक्सी के प्रोविज़ुअल इंजन के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता को अधिकतम करती है, और खोज के लिए एक नया मानक स्थापित करती है जो गैलेक्सी उपयोगकर्ताओं के अपने आसपास की दुनिया को खोजने के तरीके को बदल देगी। गैलेक्सी एस24 अल्ट्रा और गैलेक्सी एस24प्लस की प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 22,000 रुपये का लाभ मिलेगा और गैलेक्सी एस24 की प्री-बुकिंग करने वालों को 15,000 रुपये का लाभ मिलेगा। सैमसंग लाइव् इवेंट के दौरान गैलेक्सी एस24 सीरीज की प्री-बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 4999 रुपये मूल्य के वायरलेस चार्जर डुओ का अतिरिक्त विशेष उपहार मिलेगा। गैलेक्सी एस24 सीरीज़ के लिए प्री-बुक 18 जनवरी से सभी प्रमुख ऑनलाइन और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स पर शुरू हो गयी हैं।




## झामुमो नेता ने दर्जनों जरूरतमंद लोगों के बीच बांटे कंबल



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की खेरुआ पंचायत के बुरुडीह सबर टोला में शुक्रवार को झारखंड आंदोलनकारी सह वरिष्ठ झामुमो नेता अजय रजक ने भीषण ठंड को देखते हुए दर्जनों सबर परिवार के बीच कंबलों का वितरण किया। अजय ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता सुशील बेसरा से मिली जानकारी के बाद वे आज गांव पहुंचकर लोगों की मदद की। सबर परिवारों को हाथ में कंबल मिलते ही उनके चेहरों में खुशियां दिखाई देने लगी। इस दौरान अब्दुल बारी, सामद अंसारी, उमानाथ झा, सुशील बेसरा व लखीराम मुर्मू उपस्थित थे। इसके आलावे बेलटांड़ चौक एवं अन्य जगहों पर भी जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए।

## बोड़ाम में एक आदिवासी परिवार को जिंदा जलाने का प्रयास



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम पंचायत भवन के समीप स्थित एक आदिवासी परिवार को गुरुवार की रात को अज्ञात लोगों द्वारा जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। घटनास्थल बाईपास रोड स्थित गंगा नारायण सिंह की मूर्ति के बगल में है। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार की रात को पीड़ित सुभाष सिंह व उसकी पत्नी घर पर सोए हुए थे जबकि बच्चे टुसू मनाने के लिए ननिहाल गए हुए थे। बताते हैं कि अज्ञात लोगों द्वारा किसी साजिश के तहत दुश्मनी निभाने के लिए ही पूरी प्लानिंग के साथ रात करीब 10 से साढ़े 10 बजे के बीच घर के बरामदे में पेट्रोल छिड़कने के बाद पुआल व लाल मिर्च (एक बोरा) को जमीन पर गिराकर आग लगा दी गई। घटना की सूचना मिलने पर शुक्रवार की सुबह बोड़ाम पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने बताया कि बोड़ाम बाजार में बीती रात एक घटना हुई है जिसकी जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार की ओर से देर शाम तक थाना में कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है।

**आगामी 22 जनवरी को विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की बैठक**

# धर्म विशेष के खिलाफ अभद्र भाषण या गाना बजाने पर होगी कार्रवाई

**सभी जुलुस में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात | सभी चौक चौराहो पर पुलिस बल की रहेगी तैनाती**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक डॉ.विमल कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम 22 जनवरी विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक की गई। बैठक में उस दिन विभिन्न क्षेत्र में आयोजित होने वाले पूजा अर्चना को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा किसी भी परिस्थिति में किसी भी धर्म या भाषा के विरुद्ध अभद्र भाषण, गाना बजाना पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले पर नियम संगत कार्रवाई करें। सभी थाना प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलधिकारी अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत समिति सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक कर क्षेत्र अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर उसके अनुरूप ससमय तैयारी कर लें। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने कहा सोसल मीडिया एवं संवेदनशील क्षेत्र में प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। सभी जुलुस में पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रहेगी, सभी मुख्य चौक चौराहो पर पुलिस बल की तैनाती, यातायात परिचालन सुचारु रुप से चलते रहें इस निमित कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का एदल में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय एदल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीकांत कटारे उपस्थित हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीधर पाठक, झा.रा.ग्रा. बैंक के शाखा प्रबंधक रुखसार आलम, समेत ग्राम प्रधान महादेव गोप, पूर्व मुखिया शंभू सरदार एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। वहीं झा.रा.ग्रा. बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीकांत कटारे ने ग्रामवासियों को पीएमएफएमई, पीएमईजीपी, पीएमएमएसवाई,पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही एन.आर.एल.एम और इंस्टा क्रेडिट कार्ड एवं सरकार द्वारा प्रायोजित अटल पेंशन योजना,सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना आदि की संपूर्ण जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर पदाधिकारीयों पौधा रोपण एवं बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण किया।

## साहित्यकार सुनील कुमार दे को मिले राष्ट्रपति पुरस्कार : बीथिका मंडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** हमारे समाज में कुछ ऐसी छिपी हुई प्रतिभा है जो आज भी निरंतर चुपचाप साहित्य, संस्कृति, समाजसेवा, जनकल्याण और समाज निर्माण के काम में खुद को समर्पित किए हुए हैं, जिसे न तो समाज जानता है और न ही सरकार। ऐसे ही एक बहुमुखी प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं पोटका के हाता निवासी सुनील कुमार दे। झारखंड के ग्रामीण इलाके में विगत 45 वर्षों से साहित्य, संस्कृति, समाजसेवा, धर्म, समाज निर्माण और मानव कल्याण का काम कर रहे हैं। यह बातें शुक्रवार को जमशेदपुर से सटे पोटका प्रखंड की शिक्षिका सह लेखिका बीथिका मंडल ने हाता स्थित माताजी आश्रम में प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने दे के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मांग किया कि सुनील कुमार दे को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलना चाहिए। शिक्षिका ने बताया कि सुनील कुमार दे से काफी प्रभावित हूं, काफी कुछ सीखी हूं। मैं उनको मेरा साहित्यिक गुरु भी मानती हूं। मैं उनकी महान जीवनी लिखने का प्रयास भी कर रही हूं। मैं एक शिक्षिका और लेखिका होने के नाते सुनील कुमार दे जैसे महान विभूति को लोगों के बीच उजागर कर रही हूं।

## दुनिया की कोई अदालत सिख को परिभाषित नहीं कर सकती : कुलविंदर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जिला व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने कहा कि दुनिया की कोई भी अदालत सिख को परिभाषित नहीं कर सकती है। सिख धर्म एक अलग न्यारा धर्म है और इसकी अपनी समृद्ध विरासत, मूल्य, पद्धति, परंपरा और इतिहास है। ऐतिहासिक क्षणों और घटनाओं के आधार पर सिख को परिभाषित किया गया है। सिख वही है जो दस गुरुओं के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी पर अपनी आस्था और विश्वास रखता है। सिंह और कौर उपनाम का नाम के साथ जुड़ा होना ही सिख की सही और तार्किक पहचान है। उस पर जम्मू एवं कश्मीर उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति द्वारा यह कहना कि सिख धर्म के व्यक्ति की पहचान के लिए उसके सरनेम में सिंह या कौर होना जरूरी नहीं है। यह पूरी तरह से संविधान प्रदत्त धार्मिक अधिकार की आजादी पर हमला एवं ऐतिहासिक तथ्यों की अनदेखी है। जस्टिस वसीम सादिक नरगल की एकल पीठ ने अखनूर गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (डीजीपीसी) के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के क्रम में यह टिप्पणी की। अधिवक्ता कुलविंदर सिंह के अनुसार जम्मू कश्मीर के सेवनिवृत अधिकारी सुखदेव सिंह अखनूर जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव में उम्मीदवार बने और हार गए। उन्होंने मतदाता सूची का अवलोकन किया तो पाया कि उसमें कई मतदाताओं के नाम के साथ कौर एवं सिंह सरनेम नहीं लगा हुआ है। मतदाता सूची और चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए उन्होंने वैधानिक अपीलीय प्राधिकारी को याचिका दी, वहां से खारिज होने के बाद वह उच्च न्यायालय की शरण में पहुंचे। वही कुलविंदर सिंह ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान अधिवक्ता स धामी से भी अपील की है कि वह इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में लेकर जाएं।

## कुचाई प्रखंड कार्यालय में 8:30 बजे प्रखंड एवं अंचल कर्मी झंडे को देंगे सलामी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पर कुचाई प्रखंड कार्यालय में प्रातः 8:30 बजे झंडोत्तोलन समारोह का आयोजन किया गया है। बीडीओ साधु चरण देवगम ने बताया कि प्रातः 8:30 बजे कुचाई प्रखंड मुख्यालय में झंडा फहराया जाएगा। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रातः 8:45 बजे, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 9:00 बजे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में 9:15 बजे, कुचाई थाना परिसर में 9:30 बजे, कुचाई लैंप्स में 9:45 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचाई में 10:00 बजे फहराया जाएगा। वही 26 जनवरी गणतंत्र दिवस 12:00 बजे मध्यान्ह से प्रखंड सभागार कुचाई में स्टाफ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है इसमें सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी भाग लेंगे। इसी दिन 3:00 बजे अपराह्न से बिरसा स्टेडियम कुचाई में प्रशासन एकादश बनाम नागरिक एकादशी के बीच एक मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी को सा समय उपस्थित होना अनिवार्य है।

## उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 4 की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** गम्हरिया रेलवे स्टेशन के समीप पॉइंट संख्या 64 बी के पोल संख्या 260/22बी के समीप गुरुवार की देर शाम उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान नई दिल्ली-पुरी उत्कल एक्सप्रेस तीव्र गति से टाटानगर स्टेशन की ओर आ रही थी। इसी क्रम में घने कोहरे के कारण रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान सभी ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे कट कर उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ पुलिस तथा गम्हरिया स्टेशन में तैनात कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। उनके द्वारा वरीय रेल अधिकारियों समेत थाना को भी इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर गम्हरिया, आदित्यपुर और आरआईटी थाना पुलिस पहुंची और रेलवे ट्रैक से शव हटाने में जुटी। इसी क्रम में टाटानगर स्टेशन से भी मेडिकल व रिलीफ ट्रेन भी मौके पर पहुंची और ट्रैक से शव को हटाया। रिलीफ ट्रेन से सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए टाटानगर ले जाया गया है।

## सतवाहिनी सत्संग आश्रम में दो दिवसीय जिला वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सिंहभूम जिला संतमत सत्संग समिति की ओर से सतवाहिनी धिराजगंज स्थित सत्संग आश्रम में दो दिवसीय 32वां जिला वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में सिद्धपीठ कुप्पाघाट, भागलपुर से स्वामी प्रमोद बाबा, डॉ स्वामी विवेकानंद बाबा, स्वामी निर्मलानंद, स्वामी परमानंद समेत कई साधु संत शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित प्रवचन में स्वामी प्रमोद बाबा ने कहा कि संसार का हर प्राणी शांति चाहता है किंतु वह सुख बाहर में ढूंढता है। संतमत सिखाता है कि सुख, शांति और ईश्वर मनुष्य के अपने भीतर है। इस मौके पर समिति के महामंत्री रमण कुमार लाभ, अनिल शर्मा, रामकिशोर शर्मा, नंदू भगत, संजय कुमार आदि भी उपस्थित थे। इसके सफल आयोजन में उमेश प्रसाद सिंह, मुरलीधर केडिया, श्याम मित्तल, लाल साहेब, अभय सिंह, नीरज, पंकज, जयरासुका, केडीपी सिंह, सच्चिदानंद, विकास श्रीवास्तव, सुनील, प्रिया कुमारी, रीता, रीना, गीता पाल, बिंदु, मुस्कान आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जमशेदपुर डेयरी में संक्रांति पर मिलन समारोह सह चूड़ा-दही भोज का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित जमशेदपुर डेयरी में संक्रांति पर मिलन समारोह सह चूड़ा-दही भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर डेयरी के सभी कर्मचारी और वितरक उपस्थित थे। इस मौके पर डेयरी के मुख्य कार्यपालक अमित कुमार सुमन ने कई नए उत्पादों और योजनाओं की घोषणा किया। उन्होंने बताया कि अबतक गम्हरिया स्थित जमशेदपुर डेयरी द्वारा पनीर, दही तथा पेड़ा का उत्पाद किया जाता है। किंतु, शीघ्र ही पेयजल तथा उत्तम गुणवत्तायुक्त चाय पत्ती भी यहां से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस डेयरी से एक महिला समूह समेत कुल 25 समूह जुड़े हैं जिनके द्वारा करीब 1500 लीटर दूध उपलब्ध कराया जा रहा है। इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप से भी स्थानीय लोगों को यह नियोजन उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा स्थानीय बेरोजगार लोगों के लिए भी योजना लाई गई है। इसके तहत इच्छुक लोगों को सामान्य शुल्क पर दूध एवं दुग्ध उत्पाद बिक्री केंद्र खोलने की अनुमति दी जाएगी ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस मौके पर विपणन पदाधिकारी डी कुंडू, हेम कुमार, उदय कुमार ठाकुर, नित्यानन्द, संयंत्र विभाग की शिल्पा सिंह, मिथिलेश कुमार समेत वितरकों में श्रद्धा कुमार पांडेय, दिलीप शर्मा, डीएन चौधरी, गौतम कुमार के अलावे सभी कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित थे।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोनारी राम मंदिर में होगा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन : प्रशांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोनारी राम मंदिर में अयोध्या में आयोजित राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर आज एक बैठक सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 21 जनवरी भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी, 22 तारीख को 11000 दीप जलाने के अलावा भोग एवं कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। बैठक में मुख्य रुप से पूर्व जिला अध्यक्ष सह राम मंदिर कार्यक्रम के संयोजक विनोद सिंह उपस्थित थे। प्रशांत पोद्दार ने कहा सोनारी मंडल के सभी कार्यकर्ता आमंत्रण पत्र बांटने से लेकर सभी कार्यक्रमो मे हिस्सा ले रहे है। कहा 22 जनवरी समस्त को सोनारी के प्रत्येक घर मे दीपावली के रुप मे मनायी जायेगी। बैठक का संचालन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल तिवारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता महावीर सिंह, प्रदीप सिंह, नारायण प्रसाद,संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, शंकर सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।




## कुचाई के बारुहातु में दो दिवसीय फुटबॉल सह टुसू मेला संपन्न, दशरथ गागराई हुऐ शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**खरसावां :** कुचाई प्रखंड अंतर्गत बारूहातु फुटबॉल मैदान में स्व महीपति सिंह मुंडा के पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय फुटबॉल सह पुष्प चन्द्र शांति टुसू मेला का आयोजन किया गया. इसमें कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया. वहीं गुरूवार को प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खरसावां विधायक दशरथ गागराई शामिल हुए. फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच फलक एफसी लतारडीह व जयदेव एफसी के बीच खेला गया. जिसमें 1-0 गोल से लतारडीह की टीम विजेता रही. इससे पूर्व अतिथियों ने फाइनल मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मार कर किया. विजेता टीम लतारडीह को 50 हजार एवं उपविजेता रहे जयदेव एफसी की टीम को 35 हजार रुपए नगद राशि देकर अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया. तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहे टीमों को 20-20 हजार रुपए नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया. इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के प्रति गंभीर है ताकि खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपना भविष्य को कैसे निखार सके. खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों के लिए वैकेंसी निकली हैं. खिलाड़ी इन योजनाओं का लाभ ले। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन उर्फ नायडू गोप, भरत सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा, समाजसेवी बासंती गागराई, मुखिया रेखामुनी उरांव, मुखिया करम सिंह मुंडा, चांदमुनी मुंडा, मुन्ना सोय, धनश्याम सोय, राहुल दशरथ उरांव आदि मौजूद थे।

## बिष्टुपुर गोपाल मैदान में टुसू मेला कल, तैयारी पूरी

**मेला में झारखंड सहित पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा के कई जिलों से प्रतिभागी होगे शामिल**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** झारखंड वासी एकता मंच की ओर से इस वर्ष भी बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आगामी 21 जनवरी (रविवार) को टुसू मेला का आयोजन किया जाएगा. हर वर्ष की तरह इस बार भी टुसू मेला में टुसू प्रतिमा चौड़ल लेकर आनेवाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे. साथ ही बूढ़ी गाड़ी नाच प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को भी नगद इनाम दिए जाएंगे. उक्त जानकारी आज सोनारी निर्मल भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो तथा मुख्य संयोजक सह समाजसेवी आस्तिक महतो ने पत्रकारों को दी. उन्होंने बताया कि इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. मेला में इस बार भी झारखंड के विभिन्न जिला सहित पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा के कई जिलों से प्रतिभागी शामिल होंगे. सांसद ने बताया कि सुबह 10 बजे से प्रतिभागियों का आगमन मैदान में आरम्भ हो जाएगा. इस दौरान टुसू प्रतिमा, चौड़ल, बूढ़ी गाड़ी नाच के अलग अलग श्रेणियों में प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार के अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा. उन्होंने बताया कि इसकी शुरुआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद स्वर्गीय सुनील महतो ने की थी तभी से लेकर आज तक झारखंड की संस्कृति और परंपरा को कायम रखने के लिए हर वर्ष 21 जनवरी को टुसू मेला का आयोजन किया जाता रहा है. आस्तिक महतो ने बताया कि मेला में होनेवाली भीड़ को देखते हुए सभी सुरक्षात्मक उपाय किये जायेंगे. इसमे प्रशासन के साथ साथ मंच के कार्यकर्ता भी लोगों की सहूलियत अनुसार उपलब्ध रहेंगे. संवाददाता सम्मेलन में विद्युत महतो, आस्तिक महतो के साथ फणीन्द्र महतो, सुखदेव महतो, बबलू महतो, करमु हांसदा, युगल किशोर मुखी, सचिन महतो, सत्यनारायण महतो, हसीन अहमद, गोपाल महतो, चुनका मार्डी, नारायण महतो, कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, ओपा सिंह, कैलाश सिंह, दिलजय बोस सहित कई सदस्य मौजूद थे.

**विभिन्न प्रतियोगिता की राशि इस प्रकार है**

**टुसू प्रतिमा का पुरस्कार-** प्रथम - 31 हज़ार रु, द्वितीय - 25 हज़ार रु, तृतीय - 20 हज़ार रु, चतुर्थ - 15 हज़ार रु, पंचम - 11 हज़ार रु, छठा - 7 हज़ार रु, सातवां - 5 हज़ार रु ।

**चौड़ल का पुरस्कार-** प्रथम - 25 हज़ार रु, द्वितीय - 20 हज़ार रु, तृतीय - 15 हज़ार रु, चतुर्थ - 5 हज़ार रु

**बूढ़ी गाड़ी नाच का पुरस्कार-** प्रथम - 15 हज़ार रु, द्वितीय - 11 हज़ार रु, तृतीय - 7 हज़ार रु, चतुर्थ - 5 हज़ार रु

## 20 सूत्री मांगों को लेकर आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी का मुख्यमंत्री आवास घेराव आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 20 जनवरी को झारखंड में आदिवासी, दलित, पिछड़ों और धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ रहे अत्याचार और शोषण के विरोध में और प्रदेश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा राँची राजभवन के समक्ष धरना एवं मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 24 सूत्री मांगों को लेकर कल आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन कल मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदेशन देगी, जिसमें पूरे झारखंड के 24 ज़िलों से कार्यकर्ता पहुँच रहे हैं।

## एशिया में दो देशों के बीच बढ़ा कूटनीतिक तनाव

एशिया में दो और देशों के बीच कूटनीतिक तनाव उत्पन्न हो गया है।मंगलवार को ईरान की सेना ने पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान में एयर स्ट्राइक कर दी। जवाब में गुरुवार को पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी सेना ने ईरान की सीमा में घुसकर कथित आतंकी ठिकानों पर हमला किया है। इससे पहले ईरान की एयरस्ट्राइक के बाद बुधवार को पाकिस्तान ने ईरानी राजदूत को तलब किया था। वहीं, हमले को लेकर ईरान ने भी स्पष्ट किया कि उसके नागरिकों के खिलाफ आतंकी कार्रवाई पर देश की प्रतिक्रिया निर्णायक और सख्त होगी। इन कार्रवाइयों के चलते दोनों देशों में तनाव काफी बढ़ चुका है। ईरान और पाकिस्तान कभी एक दूसरे के घनिष्ठ दोस्त हुआ करते थे लेकिन अब दोनों एक दूसरे के यहां हमले कर रहे हैं। आइये जानते हैं विवाद की शुरुआत कैसे हुई? पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई को लेकर क्या दावा किया है? दोनों देशों के रिश्ते कैसे बिगड़े हैं? दोनों देशों के बीच हालिया तनाव तब उत्पन्न हुआ जब ईरान ने पाकिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल-अदल के ठिकानों पर बमबारी की। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने ब्लूचिस्तान प्रांत के एक गांव पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिसमें जैश अल-अदल के दो प्रमुख मुख्यालय तबाह हो गए। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हमले में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई और तीन लड़कियां घायल हो गई। ईरान की यह कार्रवाई उसके द्वारा हाल ही में किए गए हमलों की श्रृंखला का ही हिस्सा थी। पाकिस्तान में हमले से महज कुछ ही घंटे पहले ईरान ने सीरिया और इराक में भी मिसाइल हमले किए थे। दरअसल, ईरान के करमन शहर में दोहरे आत्मघाती बम विस्फोट में 80 से अधिक ईरानी नागरिकों की मौत हो गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी। ईरान को शक था कि हमले में जैश अल-अदल का भी हाथ हो सकता है।अब पाकिस्तान ने भी आतंकियों के ठिकानों पर मिलिट्री स्ट्राइक करना का दावा किया है। इसके विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी वायुसेना ने ईरान के सिस्तान-ब्लूचिस्तान प्रांत में सरावन शहर में आतंकियों के ठिकानों पर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में सात विदेशी मारे गए हैं जिसमें चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा,खुफिया सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। इस ऑपरेशन को मार्ग बार सरमाचार नाम दिया गया। बीते कई सालों से हम इसे लेकर ईरान से बात कर रहे थे। लगातार ईरान के सामने अपनी चिंताएं जाहिर की कि कैसे ईरान का गैर प्रशासित इलाका आतंकियों की पनाहगाह बन गया था। पाकिस्तान ने इसे लेकर ईरान को कई बार डॉजियर भी सौंपा था। साथ ही आतंकी गतिविधियों के कई सबूत भी दिए गए थे।वहीं अब हमले के बारे में जानकारी लेने के लिए ईरान ने पाकिस्तान प्रभारी डी एफेयर को अपने विदेश मंत्रालय में तलब किया है। जानकारी के अनुसार,पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने अपना बयान दर्ज कराया है। बता दें कि ईरान का क्षेत्रफल पाकिस्तान से दोगुने से भी ज्यादा है जबकि इसकी जनसंख्या पाकिस्तान की लगभग एक-तिहाई है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण ईरान के पास दूसरा सबसे बड़ा गैस भंडार, चौथा सबसे बड़ा कच्चा तेल भंडार और महत्वपूर्ण गैर-ईंधन खनिज संसाधन हैं। ईरान और पाकिस्तान के रिश्ते शुरुआत से मधुर रहे हैं। 14 अगस्त 1947 को ईरान पाकिस्तान को मान्यता देने वाला पहला देश था। ईरान वह देश भी है जहां विदेश में पाकिस्तान का पहला दूतावास खोला गया था। दोनों देशों के रिश्तों में तीन मुद्दे (ऊर्जा, सीमा और व्यापार) अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। वहीं रक्षा क्षेत्र में दोनों ने आपसी सहयोग किया है। पाकिस्तान ने 1965 में भारत के साथ युद्ध किया था जिसमें उसकी हार हुई। इस युद्ध में पाकिस्तानी सेना को ईरान से मदद मिली थी। दोनों देश अमेरिका के नेतृत्व वाले सीटो और सेंटो रक्षा समझौते के सदस्य भी बने। इसके अलावा ईरान ने पाकिस्तानी छात्रों के लिए अपने विश्वविद्यालय खोले। यही कारण है कि ईरान के शासक को पाकिस्तान अपना सबसे बड़ा मित्र मानता रहा है। ईरान के साथ पाकिस्तान के रिश्ते ज्यादा समय तक मुधर नहीं रह पाए। 1979 में अयातुल्ला खामेनेई की इस्लामी क्रांति और अफगानिस्तान पर सोवियत संघ के नियंत्रण ने दोनों देशों की दोस्ती में खटास ला दी। पाकिस्तानी प्रोफेसर और लेखक परवेज अमिराली हुदभॉय एक लेख में दावा करते हैं कि जैसे ही ईरान और अमेरिका के रिश्ते बिगड़े, पाकिस्तान सोवियत संघ से लड़ने के लिए अमेरिकियों के साथ शामिल हो गया। सऊदी के पैसे से दोनों ने मजहबी गुट पश्तून मुजाहिदीन बनाया और उसे हथियारबंद किया। वहीं ईरान ने दूसरे गुट ताजिक का समर्थन किया। जैसे-जैसे पाकिस्तान और ईरान के मामलों में मजहब सामने आया, तो दोनों के रिश्तों में मतभेद बढ़ते गए। दरअसल, पाकिस्तान सुन्नी मूल का देश है जबकि ईरान में शिया मुस्लिम बहुतायत में हैं। 1990 के दशक में पाकिस्तान में दोनों समुदायों के बीच तनाव हुआ जिसको लेकर पाकिस्तान ने ईरान पर शियाओं को भड़काने का आरोप लगाया। 1990 में पाकिस्तान के लाहौर में ईरान के राजदूत सादिक गंजी की हत्या कर दी गई थी। पाकिस्तान के पूर्व पुलिस अधिकारी हसन अब्बास ने हत्या के पीछे आईएसआई का हाथ बताया था। इसी समय ईरान की वायुसेना के कैडेटों को भी मार दिया गया। इन घटनाओं की वजह से दोनों देशों के रिश्ते और खराब हो गए।कभी दोस्त रहे देशों के बीच आतंकवाद ने भी एक बड़ी खाई पैदा की। ईरान और पाकिस्तान एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे हैं कि कुछ उग्रवादी समूह लगातार सीमा पार आतंकवाद में लिप्त हैं। ऐसा ही एक समूह जुंदाल्लाह हुआ करता था।

### कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया

## सोमनाथ से अयोध्या तक... तुष्टिकरण की राजनीति पर कायम है कांग्रेस

डॉ. आशीष वशिष्ठ

कांग्रेस भले ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रहे। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। उस वक्त पंडित नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण उसके एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शामिल नहीं होंगी। कांग्रेस भले ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रहे। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। उस वक्त पंडित नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण उसके एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है। इतिहास के पन्ने पलटे तो स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने मुहम्मद गजनवी द्वारा तोड़े गए भगवान सोमनाथ के मंदिर का पुनः निर्माण कराया था। सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सरदार स्वर्गवासी हो गए तो कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन कराया। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विरोध के बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ गए। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति करते हुए केवल तुष्टिकरण का ही सहारा लिया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस



बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर था। स्वतंत्रता के बाद से वंदे मातरम राष्ट्रगान है। इसे लेकर कहा जाता है कि जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया था। उन्होंने इसे मुसलमानों के विरोध में बताया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मोहम्मद करीम छागला राज्यसभा में एक प्रस्ताव लाये थे जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदू शब्द हटाने की बात कही गई थी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मुस्लिम शब्द हटाने की बात नहीं थी। इसके विरोध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बेनियाबाग मैदान में 1965 में सभा की थी। साल 1966 को गोहत्या रोकने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहे निहत्थों संतों पर इंदिरा गांधी सरकार ने गोलियां चलवाई थी। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस सरकार द्वारा 1991 में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू किया गया। पूजा स्थल कानून कहता है कि पूजा स्थलों की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 में थी वही रहेगी। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कानून कहता है अयोध्या राम जन्म भूमि मुकदमे के अलावा जो भी मुकदमे हैं वे समाप्त समझे जाएंगे। यह कानून अदालत के जरिये अपने धार्मिक स्थलों और तीर्थों को वापस पाने के अधिकार से वंचित करता है। कानून आक्रांताओं के गैर कानूनी कृत्यों को कानूनी मान्यता देता है। कानून हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों को अपने पूजा स्थलों और तीर्थों का वापस कब्जा पाने से वंचित करता है जबकि मुसलमानों को वक्फ कानून की धारा सात के तहत ऐसा अधिकार मिला हुआ है। वर्ष 1992 में अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, इस कानून ने अल्पसंख्यक लोगों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं को बांट दिया। भारत के अधिकांश मंदिरों पर सरकारों का नियंत्रण है। लेकिन, इसी देश में वक्फ एक्ट के तहत वक्फ बोर्ड को इतनी असीमित ताकतें दी गई हैं कि वो तमिलनाडु के तिरुचेंथुरई में स्थित एक 1500 साल पुराने मंदिर समेत पूरे गांव पर ही दावा ठोक सकता है। वक्फ बोर्ड के पास भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे बड़ी मात्रा में जमीन है। नवंबर 2004 में कांग्रेस के सत्ता में आने के कुछ महीनों के अंदर ही दिवाली के मौके पर कांची कोटि पीठ के शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती को हत्या के एक केस में गिरफ्तार करवाया गया। यूपीए सरकार के दौरान मालेगांव ब्लास्ट मामले में उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने की साजिश रची गई थी। समझौता ब्लास्ट केस में पाकिस्तानी आतंकवादी पकड़ा गया था, उसने अपना गुनाह भी कबूल किया था, लेकिन महज 14 दिनों में उसे चुपचाप छोड़ दिया। इसके बाद इस केस में स्वामी असीमानंद को फंसाया गया। साल 2006 में मनमोहन सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 16 मई, 2016 को तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वकील कपिल सिब्बल ने तीन तलाक और हलाला जैसी घटिया परंपराओं की तुलना भगवान राम के अयोध्या में जन्म से कर डाली।

दृष्टि कोण

## बारिश नदारद होने से कृषि पर संकट

सर्दियों में हिमाचल में नाममात्र ही बारिश हुई। दिसंबर का महीना बिना बारिश और हिमपात के गुजर गया। जनवरी 2024 का पहला व दूसरा सप्ताह भी बिना बारिश के गुजर गए। हालांकि लाहुल-स्पीति और दूसरे ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, लेकिन इतनी नहीं कि किसानों और बागवानों को इसका कोई फायदा मिला हो। अब जबकि पौधारोपण का समय है तो भी बारिश नहीं हो रही। किसान-बागबान परेशान हैं। आने वाले समय में भी फिलहाल बारिश के कोई आसार नहीं हैं। प्रदेश के अधिकतर जल स्रोत सूखने शुरू हो जाएंगे, नदियों में पानी पहले से ही सूख रहा है। बावडियों, कूहलों, कुडों, खड्डों और दूसरे छोटे जलस्त्रोतों की ओर हमने कभी ध्यान ही नहीं दिया, और हिमाचल में जल सरंक्षण को लेकर आज तक किसी संस्था या सरकार ने बड़ा अभियान चलाया ही नहीं। यह सभी बातें सिर्फ इस बात की ओर इशारा करती हैं कि आने वाले समय में हिमाचल में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पीने के पानी की समस्या और व्यग्र रूप धारण कर सकती है। सोलन, ऊना, बिलासपुर के कुछ इलाके, जिन्हें चंगर भी कहा जाता है, कुछ समय के बाद मरुभूमि की तरह दिखने लगेंगे। हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहुल और स्पीति में जहां लोग सब्जियां उगाते हैं,



अतिरिक्त आय के लिए उन्हें यह सब उगाने में परेशानी तो होगी ही, साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश में लोग ग्रीन हाउस में फूलों की खेती भी करते हैं। इस पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। अगर उनके पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं होंगे और जल भंडारण की व्यवस्था भी नहीं होगी, तो संकट के आसार हैं। दिसम्बर में केवल 5.8 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि अनुमानित 38.1 मिलीलीटर थी। हिमाचल में 85 प्रतिशत बारिश कम हुई। पिछले 8 सालों में यह प्रतिशत सबसे कम है। किन्नौर में भी सूखे की स्थिति जैसे हालात हैं। वहां पर 99 प्रतिशत बारिश कम हुई। हिमाचल प्रदेश में 71 प्रतिशत नागरिकों को कृषि में प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है। कृषि का प्रदेश की आय में योगदान 30 प्रतिशत के करीब है। हिमाचल प्रदेश में फसलें 940597 हेक्टेयर भूमि में होती हैं। 70 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की जाती है। हिमाचल को कभी एप्पल बाउल ऑफ इंडिया भी कहा जाता था। विशेषज्ञों के अनुसार जलवायु परिवर्तन इसका एक बड़ा कारण माना जा रहा है। लेकिन कहीं न कहीं हम भी इसके लिए जिम्मेदार हैं, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। हमने अपने जंगलों की तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। पानी के भंडराण को लेकर जागरूकता नहीं फैलाई। बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, इस बात को हमने अनदेखा कर दिया। पहाड़ी इलाकों में पानी के भंडारण और संरक्षण को लेकर व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। हमारे प्राचीन और पीढियों से चले आ रहे जल स्त्रोतों के रखरखाव और उनके पुनर्निर्माण को लेकर योजनाएं बनाने की आवश्यकता है। बावडियों, छोटी नदियों, नालों, कुंडों, खड्डों के रखरखाव और उन्हें पुनर्जीवन देने की जरूरत है। जहां-जहां संभव हो, बायो टॉयलेट्स को बढ़ावा देने की जरूरत है। इससे पानी की भारी बचत की जा सकती है। खासकर होटल्स और सार्वजनिक स्थानों पर बायो टॉयलेट्स लगाए जा सकते हैं। पद्मश्री नेकराम जो हिमाचल में करसोग से हैं और मोटे अनाज की खेती के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं, उनके अनुसार सूखे का सीधा प्रभाव छोटे और बड़े किसानों पर पड़ेगा। चाहे वे सब्जियां उगाते हों, फसलें उगाते हों या फिर बागवानी करते हों या बिक्री के लिए फूल लगाते हों। बुआई का समय है और इस समय बारिश चाहिए। जमीन में सूखे के कारण खुदाई करना मुश्किल है। किसान कितना इंतजार करेगा बारिश का। उनका मानना है कि जलसंरक्षण को सरकार महत्त्व दे और नदियों के आसपास वाले क्षेत्रों में नदी से पानी लेकर सिंचाई योजनाओं के बारे में गंभीरता से सोचे, ताकि कुछ समय के लिए पानी की व्यवस्था की जा सके, जब तक बारिशें नहीं आती। उनका मानना है कि पहाड़ों से पलायन के ये भी मुख्य कारण हैं, रोजगार और खेतीबाड़ी का न होना। भले ही पहाड़ पर रहने वाले लोगों की जरूरतें कम हों, लेकिन उन्हें मूलभूत सुविधाएं और अनाज तो चाहिए ही अपना जीवन बसर करने के लिए। वर्षा आधारित कृषि वाले क्षेत्रों में सिंचाई की व्यवस्था का जिम्मा सरकार और क्षेत्रीय लोगों को लेने की जरूरत है। पानी का भंडारण इसमें सबसे पहला कार्य होना चाहिए। हिमाचल में हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर की कई परियोजनाएं चल रही हैं। उनका उस क्षेत्र के प्रति कुछ दायित्व होना चाहिए। वहां की जमीन को सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था ये कंपनियां कर सकती हैं, ताकि कम से कम पौधारोपण के समय जमीन की सिंचाई की जा सके तथा उसे तैयार किया जा सके।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के सभी सदस्य रांची हुए रवाना

## ईडी समन की आड़ में राज्य के मुख्यमंत्री को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं : सोनाराम मांझी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के सिद्धू-कान्हू चौक स्थित शुक्रवार को संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के सभी सदस्य झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इंडी द्वारा समन भेज कर बदनाम करने की मंशा पर उरीमारी के आदिवासी समाज एकजुट होकर रांची रवाना हुए। इसदौरान दिशोम मांझी परगना के केन्द्रीय महासचिव सोनाराम मांझी ने कहा कि आदिवासी होने की वजह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परेशान किया जा रहा है और ये सब केन्द्र की मोदी सरकार के इसारे पर किया जा रहा है। जिसका हम सभी आदिवासी समाज पुरजोर विरोध करते हैं और इसी आलोक में आज रांची के मोराबादी से राजभवन तक विद्रोह का विगुल फुंका जाएगा। वहीं सोनाराम ने यह भी कहा कि इंडी समन की आड़ में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।वहीं इस मौके पर केन्द्रीय सचिव मोहन सोरेन,केंद्रीय सचिव अजय बेसरा, पोटंगा पंचायत अध्यक्ष बिनोद हेंब्रम, रविन्द्र सोरेन, सीताराम किस्कू, जतरु मांझी, राजेंद्र सोरेन, गणेश सोरेन, किशोर हंसदा, बेनिलाल सोरेन, पप्पू मांझी, मोतीलाल मांझी, पंकज हेंब्रम, विजय सोरेन, सुखराम बेसरा, प्रेम सोरेन, उदन सोरेन, जुगल सोरेन, लालधारी मुर्मू, सोलेन हंसदा, परमेश्वर सोरेन,बंशी मुर्मू, कार्तिक मुर्मू, तेरेशा बेसरा, लीलमुनी देवी, कपुरमुनी देवी, ममता देवी, गूंजा देवी, रीना कुमारी, चंदमुनी कुमारी, निशा टुडू इत्यादि हजारो लोग विद्रोह में शामिल होने के लिए रांची रवाना हुए।




## सयाल दक्षिणी में ग्रामीणों को वीवी पेट मशीन की जानकारी दी गई




प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल के खास कर्णपुरा कोलियरी उच्च विद्यालय में शुक्रवार को बुथ संख्या 294, 295, 296 के मतदाताओं को आने वाले चुनाव से संबंधित व चुनाव में प्रयोग किए जाने वाले वीवीपैट मशीन से वोटिंग की ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी ग्रामीणो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। वहीं इस जागरूकता कार्यक्रम में सयाल दक्षिणी के मुखिया जगदीश साव, पंचायत समिति सदस्य विजय साव, बीएलओ गीता कुमारी, रेणुका देवी,किरण देवी मुख्य रुप से शामिल हुए। मुखिया जगदीश साव ने कहा कि ग्रामीणो को आज चुनाव से संबंधित व वीवीपैट मशीन के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों में अभी और जागरूकता लाने की जरूरत है।वही इस जागरूकता कार्यक्रम में गणेश साव, संजय सोनी,अमृत भुइयां, निर्मल भुइयां, प्रमिला देवी, रायमुनी देवी, रूपेश विश्वकर्मा, रंजीत राम, बिहारी यादव इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में भव्य विद्युत सज्जा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री राम जन्मभूमि पर विशाल मंदिर के निर्माण का उद्घाटन जो की 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा होने जा रहा है उसके देखते हुए पूरे देश में 22 तारीख को भव्य तैयारी की जा रही है,हर शहर, कस्बे मै झंडे एवम लाइट लगाई जा रही है, उसे देखते हुए रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी एवं हैप्पी छाबड़ा द्वारा संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा गया है की पूरे भारत मै 22 तारीख के महा उत्सव को देखते हुए रामगढ़ की सिख समुदाय भी अतिउत्साहित है, एवम कमिटी ने फैसला किया है की 22 जनवरी को रामगढ़ गुरुद्वारा साहेब मैं भी विद्युत सजा की जाएगी एवं उस दिन गुरुद्वारा साहिब के गेट के बाहर नगर वासियों के लिएप्रसाद वितरण भी किया जाएगा गुरुद्वारा कमेटी की ओर से समस्त नगर वासियों एवं देशवासियों को रामलला के मंदिर की बनने की लख-लख बधाई हो।

## भारतीय स्टेट बैंक का गोला शाखा मठवा टांड़ के दुर्गा कांप्लेक्स में हुआ स्थानांरित

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मेन रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया की गोला शाखा शुक्रवार को मठवाटाड़ दुर्गा कांप्लेक्स में स्थानांरित हो गया। इसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अथिति उप महाप्रबंधक धनबाद के विजय कुमार व क्षेत्रीय प्रबंधक रणधीर मिश्रा ने फीता काटते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस दौरान मुख्य अथिति ने कहा कि पूर्व में जिस जगह पर शाखा चल रही थी वहाँ पर जगह कम होने के कारण उपभोक्ताओ को काफ़ी असुविधा हो रही थी। इसलिए अब नये शाखा के खुल जाने से उपभोक्ताओ को काफी सुविधा होंगी। वही ट्रेफिक की भी समस्या से उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी। शाखा प्रबंधक स्वाति कंडुलना ने बताया कि नए शाखा में पूरी तरह से आधुनिक तरीके की सर्विस लोगो को मुहैया कराया जायेगा। साथ ही किसी तरह के बैंक से सम्बंधित काम के लिए क्षेत्र के लोग उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। मौके पर कल्लू बेदिया,सहायक प्रबंधक अतुल प्रवीण लकड़ा,प्रबंधक अभिषेक कुमार, आजसू के केंद्रीय सदस्य अशोक कुमार, अरविन्द कुमार, राकेश प्रसाद, विक्की कुमार, रमेश प्रसाद, प्रमोद रंजन आदि मौजूद थे।



## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय रामायण पाठ आज से, विभिन्न मंदिरों में भी कार्यक्रम

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ अजित कुमार चितरंजन सेवा सदन गोला परिसर क्षेत्र अंतर्गत श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 20 जनवरी से तीन दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए सेवा सदन के प्रबंधक वंदना अम्बष्ट ने बताया कि अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में प्रभु श्री राम लाल प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रामायण पाठ आयोजित किया गया है। पाठ का समापन पूर्णाहुति के साथ 22 जनवरी को किया जाएगा। इस दिन मंदिर से प्रभात फेरी के तहत नगर भ्रमण किया जाना है। साथ ही भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इधर क्षेत्र के समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र, भाजपा के सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने बताया कि उनके नेतृत्व में सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गोला में रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ के साथ प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन सार्वजनिक दुर्गा मंदिर समिति के प्रतिनिधि और सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने लोगों से भंडारा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। मनोज मिश्र, कृष्ण बल्लभ पाठक, अजय पाठक, सुनील पाठक ने बताया कि पाठक टोला स्टेशन रोड गोला स्थित जोड़ा शिवालय परिसर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम किया गया है।



## ओवरलोड के कारण ट्रक नें खाई पलटी चालक व खलासी बाल बाल बचे

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरलंगा थाना क्षेत्र के गोला मुरी मार्ग के नावाडीह जोगिया बाबा आश्रम घंसिया गढ़ा नदी पुल के सामने सामान से लदा हुआ एक एलपी ट्रक संख्या जे-एच 05 डी एच 6341 पलटी खा गई। ट्रक पलटी होने के पश्चात् वाहन के चालक व खलासी बाल बाल बच गए। इस संबंध में बताया गया की उक्त वाहन में पत्ती लोड था जिसको लेकर वह टाटा से बोकारो जा रहा था घांसिया गढ़ा पुल के समीप गाड़ी पीछे करने के दौरान एक दूसरे गाड़ी से टक्कर हो गई जिसके कारण वाहन पलटी खा गई। दुघर्टना के पश्चात किसी तरह की हताहत नहीं हुई लेकिन वाहन के पीछे के डला का परखच्चे उड़ गए।



## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए चतरा सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा लोकसभा में रेलवे संबंधित विभिन्न जनउपयोगी योजनाओं के संबंध सांसद सुनील कुमार सिंह ने रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया। इस बैठक में मुख्य रूप से अयोध्या राम मंदिर दर्शन हेतु चतरा लोकसभा में यात्री सुविधा एवं चतरा-गया लाइन का शिलान्यास शीघ्र करने, टोरी शिवपुर रेल लाइन में पैसेंजर ट्रेन चलाने, चंदवा (टोरी) में ओवरब्रिज का शीघ्र निर्माण की समीक्षा, कोरोना के पूर्व ट्रेनों का जो ठहराव होता था, उसको पूनः चालू करने के विषयों पर चर्चा की। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने दी।

# पूरे देश में राम वर्ष के रूप में मनाया जाएगा 2024 : सांसद सुनील कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सांसद सुनील सिंह सहित पलामू के सांसद बीडी राम और धनबाद के सांसद पीएन सिंह सिंह के नेतृत्व में पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद सुनील कुमार सिंह ने टोरी - शिवपुरी रेलवे लाइन पर पैसेंजर ट्रेन चलने को लेकर रेलवे के अधिकारियों को निर्देश दिया। समिति की बैठक में सांसद सुनील कुमार सिंह ने चतरा- गया रेल लाइन को शिलान्यास करने के साथ-साथ चंदवा में बनने वाले रेल ओवर ब्रिज के निर्माण की भी समीक्षा की। बैठक में सांसद सुनील कुमार सिंह ने रेलवे का अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कोरोना कल के दौरान जिन-जिन रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों का परिचालन या ठहराव बंद किया गया था उसे यथाशीघ्र शुरू किया जाए ताकि लोगों को आने-जाने में सुविधा मिले। इसके अलावा चतरा संसदीय क्षेत्र में विभिन्न जन उपयोगी योजनाओं के बारे में रेलवे को निर्देश दिया गया। सांसद सुनील कुमार सिंह ने रेलवे के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्टेशनों पर यात्री की सुविधाओं को और बेहतर करने का निर्देश दिया है। समिति की बैठक में पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल खंडेलवाल, सीनियर डीआरएम कमल किशोर, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, सीनियर डीएओ अंजन तिवारी, एडीआरएम अमित कुमार सहित रेलवे के अधिकारी चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रतिनिधि राकेश झा सहित अन्य सभी सांसदों के प्रतिनिधि भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में सांसद सुनील कुमार सिंह ने रेलवे के अधिकारियों एवं सभी सांसदों को राम मंदिर को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। सांसद सुनील कुमार सिंह ने वर्ष 2024 को राम वर्ष के रूप में मनाने की भी अपील देशवासियों से की है। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को भी राम वर्ष के रूप में बधाई दी है।

### नाबालिक युवती के साथ अधेड़ ने किया बलात्कार

# पीड़िता की मां ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर की गिरफ्तारी की मांग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के महज 5 किलोमीटर की दूरी पर एक नाबालिक युवती के साथ पास के हीं गांव के रहने वाले अधेड़ व्यक्ति ने घर में जाकर बलात्कार करने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। जिसे लेकर युवती के माँ ने सिमरिया थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय के साथ गिरफ्तारी की मांग की है। लिखित आवेदन में पीड़िता की माँ ने कही है कि टुटीलावा गांव निवासी संजय पांडे बीते 13 जनवरी को रात्रि 9:30 बजे मोटरसाइकिल से मेरे घर आया और मेरी पुत्री से जरूरी बात करने को लेकर घर का दरवाजा खुलवाया। हम लोग डर के मारे दरवाजा खोल दिए। उन्होंने ने कहा कि आपकी पुत्री से निजी बात करना है इस लिए घर से बाहर आंगन में भेज दीजिए। हम लोग अपनी पुत्री को आंगन में भेज दिए। हम लोग ठंड के मारे घर में हीं रहें। मेरे पुत्री के साथ कुछ बात करते करते आंगन के बाहर ग्रामीण सड़क में ले गया जहां से बाजबरन पकड़ कर मुहँ में कपड़ा बांध पास के बारी में ले गया। जहां बाजबरन बलात्कार कर दिया ।हालांकि मेरी पुत्री ने इसका विरोध करते हुए हाथ में दांत से काट भी दी है। इसके बाद आरोपी ने मेरी पुत्री को किसी से ना कहने तथा इसका अंजाम भुगतने का धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। उसके भाग जाने के बाद मेरी पुत्री ने आप बीती बात हमें बताई। हम गरीब असहाय एवं निर्धन व्यक्ति हैं जिसके कारण उसके डर से किसी से कुछ नहीं बोल पाया । हालांकि समाज में कुछ लोगों की जानकारी की गई थी। अंत में आज 19 जनवरी को मैं लिखित आवेदन देकर उक्त आरोपी संजय पांडेय को कार्रवाई के तहत गिरफ्तारी की मांग कर रही हूँ। बता दें कि पीड़ित युवती की विद्यालय में आठवीं की पढाई जारी है फरवरी माह में बोर्ड की परीक्षा लिखने की तैयारी है। हालांकि इस तरह मामले को लेकर पीड़िता की माँ का कहना है कि अब हमारी पुत्री पढाई आगे कैसे कर पाएगी ।चुकी गलत नजर हमारी पुत्री पर दरिंदो को लग गयी है। इधर आवेदन मिलते हीं थाना प्रभारी विवेक कुमार ने एक्शन मोड़ में आ गए हैं ।उक्त बच्ची को 164 का बयान से लेकर मेडिकल तक कि तैयारी शुरू कर दी गयी है। थाना प्रभारी ने बताया कि अगर दोषी है तो किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## बकचौमा में गैरमजरुआ खास भूमि का सीओ ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** टंडवा रोड स्थित ग्राम बकचोमा के खाता नंबर 2 पलौट नम्बर 76,77 गैर मजरूआ खास प्रति कदीम, जंगल झाड़ी का सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे हल्का कर्मचारी अमरलाल अमीन शिवनाथ के साथ स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश भूमि पर मकान, दुकान और पेट्रोल पंप बना हुआ पाया गया। उपरोक्त भूमि पर कब्जा करने वाले रैयतो को किसी भी कार्य दिवस को अंचल कार्यालय में अपने दावे के सभी दस्तावेज के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अन्यथा सरकारी सार्वजनिक अतिक्रमण अधिनियम 2000 के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। श्री दुबे ने कहा की सरकार द्वारा चेतावनी के लिए बोर्ड लगाने के बावजूद भी लोग धड़ल्ले से मकान और दुकान बना रहे हैं। कुछ भूमाफिया लोग उक्त खाता पलौट की जमीन की बिक्री एग्रीमेंट पर धड़ल्ले से कर रहे हैं ।आदेश और अधिनियम के विरुद्ध कोई भी कब्जा धारी को बख्शा नही जायेगा। इस बाबत वरीय अधिकारी को सूचना देकर मार्गदर्शन मांगा गया है। अंचलाधिकारी के इस कार्रवाई से भू माफियाओं और जमीन धारको में हड़कंप मची हुई है।

# विकास को लेकर पलस टू विद्यालय टंडवा में बुद्धि जीवियों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड में स्थित राज्य संपोषित उच्च विद्यालय (पलस टू) में शुक्रवार को प्रधानाचार्य नीरज कुमार के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कई बुद्धिजीवी एवम् ग्रामीणों ने भाग लिया। राज्य संपोषित उच्च विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर तथा पूर्वजों के द्वारा राज्य संपोषित उच्च विद्यालय बनाने के लिए, दान में दिए गए, जमीनी मामलो के साथ स्कूल व्यवस्थाओं के प्रगति एवं विकास के लिए कई अहम चर्चाएं हुई। खाली पड़े विद्यालय की भूमि को अवैध तरीके से अतिक्रमण करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है तथा अवैध तरीके से कुछ जमीन को हथिया लिया गया है, एवं भूमि पर मकान निर्माण कर दिया गया है। प्रधानाध्यापक के द्वारा अब आशंका जाताई जा रही है कि, अगर इस तरह से स्कूल भूमि का अतिक्रमण किया गया तो बच्चों के लिए खेलने - कूदने का स्थान ही नहीं बचेगा तो, प्रखंड के बच्चों का भविष्य खेलकूद में उज्जवल कैसे बना पाएंगे। अतिक्रमण के मामला को देखते हुए, प्रधानाध्यापक के द्वारा अंचल कार्यालय में आवेदन दिया जा चुका है। भू-माफिया और अतिक्रमण करने वाले की अब खैर नही। स्कूल विकास के लिए कई और अहम चर्चाएं हुई, जिसमें मुख्य रूप से जमीन की मापी पूरे ग्रामीण एवं मौजूदा अधिकारियों के समक्ष संपन्न कराने की बात कही गई, तथा पूरे जमीन को माफी उपरांत बाउंड्रीवॉल, गड्ढे की समतलीकरण, एवम् स्कूल परिसर के बीचो-बीच लगे वृक्ष को हटाकर उसे पूरी तरह से बच्चों के लिए खेलकूद का मैदान बनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता, जिला परिषद सदस्य सह 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, गाड़ीलॉन्ग मुखिया सबीदा खातून, प्रोफेसर बिगुल प्रसाद, पूर्व शिक्षक वासुदेव राम , नथु गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, संतोष नायक, छोटू गुप्ता संतोष साव, रंजीत गुप्ता, कन्हाई नायक, मोइनुद्दीन अंसारी, सहित कई लोग मौजूद थे।

## डूगनी फेड प्रोड्यूसर लिमिटेड कंपनी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** शुक्रवार को कुन्दा मेन चौक के समीप उमेश यादव के मकान मे भारत सरकार के कृषि एवं विकास कल्याण मंत्रालय की सेंट्रल सेक्टर योजना अन्तर्गत क्रियान्वयन एजेंसी नफेड द्वारा गठित किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) डूगनी फेड प्रोड्यूसर लिमिटेड कंपनी कार्यालय का विधिवत रूप से सीओ शंभु राम,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपिन भारती ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।कंपनी के सीईओ अजित कुमार ने कहा की सेंट्रल सेक्टर स्कीम के तहत गठित एफपीओ का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के सभी किसानों की आय में वृद्धि एवं किसान के हित में कार्य करना है ताकि कृषि व्यवसाय को बढ़ावा दिया जा सके।इसमें मुख्य रूप से सस्ते दामों में किसानों को खाद व बीज उपलब्ध करवाना, किसानों के फसल की उपज का सही दाम दिलवाना, समय समय पर किसानों को प्रशिक्षण देना,जैविक खेती की ओर किसानों को मोड़ना है।उद्घाटन के मौके पर कंपनी के अकाउंटेंट दिनेश कुमार, डायरेक्टर चंचल कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## लातेहार की खबरें

### 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू (लातेहार) :** बारियातू प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च बारियातू परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय से बस स्टैंड होते हुए बारियातू प्रखंड कार्यालय तक चलता गया। फ्लैग मार्च के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुरे देश भर के मंदिरों में कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके लेकर पुलिस प्रशासन कि ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया है।पुरे क्षेत्र में शांति पूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम सम्पन्न कराने में बारियातू थाना पुलिस तत्पर रहेगी। मौके पर धर्मेश कुमार लिबू, संतोष पाठक, द्वारिका नाथ पांडेय,बिन्देशवर महतो, बालेश्वर गंझू सहित काफी संख्या में जवान सामिल थे।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू (लातेहार) :** बारियातू थाना परिसर में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम राम मंदिर मे प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुलिस अवर निरक्षक आनंद कुमार,बिंदेश्वर महतो, समाजसेवी देवनन्दन प्रसाद उपस्थित रहे।बैठक को सम्बोधित करते हुए अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम ने कहा कि आप सभी एकजुट होकर एकता और सौहार्द का परिचय देते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में 22 जनवरी को पूरा अर्चना करें , आपत्तिजनक गाना न बजाएं वहीं सोसल मीडिया पर भ्रम में आ कर कोई निर्णय नहीं ले। कोई बात हो तो हमें या थाना प्रभारी को सुचित करें। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि बारियातू में सभी वर्गो के लोगों ने हमेशा से आपसी भाईचारा का परिचय दिया है। अत आप सभी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं।समाज सेवी देवनन्दन प्रसाद ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को नवनिर्मित अयोध्या मंदिर के लोकार्पण व आरम्भ प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम है। उसी को देखते हुए थाना क्षेत्र में लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर देव स्थानों पर पूजा अर्चना,भजन,कीर्तन करने की अपील की। सत्येन्द्र प्रसाद ने बैठक में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि सनातन धर्म मे 33 कोटी देवी देवता हैं। जिसमें भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है।हम सभी के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हैं।इस लिए हम सभी को अपनी मर्यादा में रहकर कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए।वहीं थाना प्रभारी चौधरी ने लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, कोई भीसमस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील किया वहीं उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो बिना देर किए सूचित करें। क्षेत्र में शरारती तत्वों अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी। साथही सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक खबर को ना फैलाएं, जिससे क्षेत्र में अशांति हो। पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है, सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इससे पूर्व बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व समाजसेवीयों ने भी संबोधित किया। सभी ने? क्षेत्र मे शान्तिपुर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की बात की. वहीं अंत में सर्वसम्मति से शनिवार को एक बजे ग्राम इटके मदरसा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके संबन्ध में क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने का अपील किया गया।

### सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी से बचाव के लिए सजग एवं सचेत रहें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त लातेहार के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर साइबर अपराधियों द्वारा कई लोगों से राशि की मांग करने का मामला सामने आया है। फर्जी फेसबुक अकाउंट में उपायुक्त लातेहार की फोटो लगाई गई है।यदि उक्त फर्जी फेसबुक अकाउंट से आपसे संपर्क किया जाता है तो उनके झांसे में नहीं आएं और न ही कोई राशि हस्तांतरित करें। साइबर सेल के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।कई बार साइबर अपराधी द्वारा ठगी के लिए फर्जी एकाउंट तैयार कर लोगों से रुपए की मांग की जाती है। किसी नये या अनजाने नम्बर से कॉल या मैसेज के माध्यम से राशि की मांग किये जाने पर विशेष सावधानी बरतें।मोबाइल फोन/ सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी का प्रयास किये जाने पर अविलम्ब इसकी सूचना नजदीकी थाना में दें।

## श्रीरामजन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी को होंगे कई कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के मुख्य पथ के राधाकृष्ण मंदिर, ठाकुरबाड़ी में श्रीरामजन्म भूमि मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।मंदिर समिति के राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि 19 जनवरी से मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है. 20 जनवरी को अखंड कीर्तन के समापन के बाद भंडारा किया जायेगा. 21 जनवरी को संध्या छह बजे महाआरती व महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। जबकि 22 जनवरी को प्रात~ नौ बजे से सुंदर कांड पाठ किया जायेगा. अपराह्न एक से पांच बजे तक भंडारा और रात्रि में सात बजे से मंदिर परिसर में बाहर से आये कलाकारों के द्वारा जागरण का किया जायेगा। आयोजन को सफल बनाने में रवि कुमार गुप्ता, रंजन प्रसाद, अरविंद कुमार, विजय प्रसाद, अशोक कुमार, रामरेश कुमार, आंनद कुमार व ब्रजेश अग्रवाल आदि सक्रिय हैं. मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है. सड़क में भगवा झंडा लगाया गया है। श्रीरामनवमी महासमिति निकालेगी शोभा यात्रा आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जायेगा। इसे लेकर देश में खासा उत्साह है. लातेहार जिला में भी 22 जनवरी को विभिन्न मंदिर व धार्मिक स्थलों में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। श्रीरामनवमी पूजा महासमिति, लातेहार के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अपराह्न एक बजे से बाजारटांड़ से एक शोभा यात्रा निकाली जायेगी।शोभा यात्रा प्रखंड कार्यालय परिसर तक जायेगी और इसके बाद पुन~ बाजारटांड़ पहुंचेगी. यहां लौटने के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा उन्होंने इस शोभा यात्रा में भाग लेने की अपील की। पंचमुखी मंदिर में भी होगा कार्यक्रम शहर के स्टेशन रोड में राजहार के पंचमुखी मंदिर में भी आगामी 22 जनवरी को विशेष पूजा का आयोजन किया जायेगा। पूजा के बाद लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।मंदिर में सजावट भी की जायेगी. आयोजन की सफलता के लिए मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद, संरक्षक गोविंद प्रसाद, मुरारी प्रसाद, कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद, विनीत कुमार मधुकर, विशाल चंद्र साहू, खुशी दयाल प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, शंकर प्रसाद, नारायण प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, विश्वजीत प्रसाद, सुनील कुमार, अमित राम व ओमप्रकाश आदि सक्रिय हैं।

## उपप्रमुख ने असहाय जरुरतमंदो के बीच किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखण्ड के फूलसु पंचायत स्थित पीपरा टोला मे बढ़ते ठण्ड को देखते हुए प्रखण्ड उपप्रमुख निशाशहादेव के प्रतिनिधि समाजसेवी लाल आशिस नाथ शाहदेव ने विकलांग असहाय व जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुषो के बिच घर घर जाकर ठण्ड से बचने के लिए चालीस कंबल का वितरण किया. इस दौरान उन्होंने कहा की वृद्ध जानो का ठण्ड मे विशेष ध्यान रखने की जरूरत है और अपनी क्षमता के अनुसार सभी जरुरत मंदो की मदद करनी चाहिए. ठण्ड के प्रकोप मे कंबल पाकर लोगो ने उन्हें धन्यवाद दिया. मौके पर,गंगा यादव, अलोक यादव सहित अन्य बुजुर्ग महिला पुरुष उपस्थित थे।

## टोरी जंक्शन पर प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला यात्री को नहीं मिली मेडिकल सुविधा

### आरपीएफ जवानों कि मदद से भेजा गया अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन पर स्थित टोरी जंक्शन पर गुरुवार अहले शुबह एक गर्भवती महिला यात्री को टोरी जंक्शन पर मेडिकल की सुविधा नहीं मिल पाने के कारण वह काफी देर तक स्टेशन परिसर में असहनीय पीड़ा से कराहती रही। इस संबंध में महिला के ससुर नंदलाल राम बिंद ने बताया कि वे लोग रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के रहने वाले हैं, कुदरा (बिहार) में भी हम लोगों का मकान है। उन्होंने बताया कि वे अपनी बहु रौशनी कुमारी पति जीव मोहन बिंद को लेकर झारसुगड़ा स्टेशन से विशाखपट्नम एक्सप्रेस में सवार होकर अपने घर कुदरा (बिहार) जा रहे थे सीएट का एक्जाम देने इसी बीच टोरी जंक्शन पहुंचने से पहले ही बहू को प्रसव पीड़ा शुरू हो गया, करीब एक घंटे से वह एक्सप्रेस ट्रेन में दर्द से जूझती रही, मेडिकल सुविधा के लिए वह टोरी स्टेशन में उतर गए, स्टेशन के रेलवे ओवरब्रिज की सिढ़ियां चढ़ाने के लिए आरपीएफ के पदाधिकारी और जवान ने उनकी मदद की, इस दौरान स्टेशन में ही करीब एक घंटे से अधिक समय तक वह दर्द से परेशान रही, आरपीएफ के पदाधिकारी और जवानो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को फोन पर मामले की जानकारी दी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नीलिमा कुमारी ने 108 एम्बुलेंस टोरी स्टेशन भेजकर प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला को अस्पताल लाया जहां महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। इधर जानकारी प्राप्त होते ही कामता पंसस अयुब खान,कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान समेत अन्य महिला का हाल चाल लेने अस्पताल पहुंचे।पंसस अयुब खान ने कहा कि स्टेशन पर मेडिकल सुविधाएं नहीं रहने से प्रसव पीड़ा से जूझने वाली महिला यात्री के जच्चा बच्चा के जान को खतरा हो सकता था।

# पोस्टमार्टम के लिए धरने पर बैठना पड़ा विधायक को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बरही विधायक उमाशंकर यादव अकेला को जब यह पता लगा कि उनके क्षेत्र के तीन मृतक कैलाश रविदास, प्रकाश रविदास सदर प्रखंड के बैहरी निवासी अनमोल कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात पोस्टमार्टम में देरी हो रही है तो विधायक सीधे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे. वहां पहुंचकर पोस्टमार्टम के लिए लगातार प्रयास करते रहे लेकिन 2 घंटे तक कोई डॉक्टर नहीं आया तो विधायक श्री अकेला ने नाराज होकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को फोन किया। स्वास्थ्य मंत्री के फोन के बाद तुरंत दो डॉक्टर पोस्टमार्टम करने आए लेकिन विधायक उमाशंकर अकेला उन्हे वही रोक कर पोस्टमार्टम हाउस के पास ही धरने पर बैठ गये। उनके धरने पर बैठने की सूचना पर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने जब मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉ विनोद कुमार सिन्हा को दी तो सुपरिंटेंडेंट भी अपने लोगों के साथ धरना पर बैठे विधायक से मिलने पहुंचे।विधायक ने सुपरिंटेंडेंट को कहा कि आप लोगों की लापरवाही के चलते आम जनता में सरकार का इमेज खराब हो रहा है जो गलत है, इससे सरकार की बदनामी होती है इसलिए ऐसी व्यवस्था को आप तत्काल सुधारे ताकि आम जनता को परेशानी नहीं हो। देर से पोस्टमार्टम होने की शिकायत प्रतिदिन हम लोग को मिल रही है।इस पर सुपरिंटेंडेंट ने कहा कि ऐसी व्यवस्था को हम तत्काल सुधार करेंगे और आज के बाद ऐसी कोई घटना सदर अस्पताल में नहीं होगी पोस्टमार्टम समय पर होगा। ऐसी व्यवस्था हम तत्काल कर देंगे।इसके बाद विधायक और उनके साथ धरने पर बैठे गणेश कुमार सीटू, ईश्वर महतो, पूरन महतो, विधायक प्रतिनिधि संजय यादव, अशोक पासवान, प्रमोद पासवान, वीरेंद्र राम, मिथिलेश कुमार, मनोज पासवान, कुलेश्वर राम, मनोहर कुमार राज, गोलू कुमार दास, प्रकाश पासवान ने धरना समाप्त किया। उसके बाद तीनों लोगों का पोस्टमार्टम हुआ।

## उप मुखिया रोहित यादव ने सीओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही(हजारीबाग) :** खोंडाहर के उपमुखिया रोहित यादव ने बरही सीओ रामनारायण खलखो को आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से उन्होंने आय जाति आवासीय एवं अन्य प्रमाण पत्र में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारे खोंडाहर पंचायत के अधिकतम रैयत के पास डीबीसी के खतियान, पर्चा, भूदान, वन पट्टा एवं अन्य प्रकार की ऑफलाइन भूमि के कागजात जिसके माध्यम से ही विद्यार्थी, मजदूरी कर रहे मजदूर कर्मी एवं अन्य जरूरतमंदों के जरूरत अनुसार प्रमाण पत्रों पर हम सभी जनप्रतिन गण स्वच्छ वंशावली व गुणवता की जांच कर ही अनुशंसा करते हैं, जिससे सारे काम ठीक-ठाक से हो रहे थे। बीते कुछ दिनों से इन सबों का प्रमाण पत्र बनने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## विष्णुगढ़, गोविंदपुर के ग्रामीणों ने रामलला के भव्य स्वागत की तैयारी को लेकर की बैठक

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को आगामी 22 जनवरी को अयोध्याधाम में होने जा रहे प्रभु श्री राम के बालस्वरूप प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के लेकर तैयारियों को लेकर श्रीश्री नव दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।आयोजित बैठक में सभी ग्रामीणों,पंचायत के जन-प्रतिनिधियों एवम समाजसेवियों को सादर सुचित कर आमंत्रित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक में तय किया गया कि श्रीश्री नवदुर्गा पूजा समिति, गोविंदपुर परिसर से पंचायत के सभी मंदिरों में 51-51 घी से भरे दीपक,तथा बत्ती दिए, जाएंगे,पंचायत के सभी मंदिरों में तथा मंदिर के आस-पास साफ-सफाई की जायेगी,अपने -अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मंदिरों में जाकर पुजा-पाठ की जायेगी, दुर्गा मंदिर परिसर से दोपहर 1 बजे ग्राम भ्रमण हेतु भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, संध्या 6 बजे से अपने-अपने घरों में तथा नजदीकी मंदिरों में जाकर दीपक जलाई जायेगी एवम सामुहिक हवन का आयोजन दुर्गा मंदिर में किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों एवम श्रद्धालुओं से सहयोग का आग्रह किया गया ताकि सारी तैयारी सुनियोजित तरीके से हो सके। बैठक में प्रखंड उपप्रमुख सरयू साव, सोमर महतो, महेश महतो, तिलक साव, माही बाबू, प्रदीप महतो, हरेंद्र कुमार, प्रकाश महतो सहित कई अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।



# झरपो देवी मंडप में अयोध्या महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** झरपो देवी मंडप प्रांगण में अयोध्या में रामलला की महोत्सव को लेकर बैठक रामबिलास साव की अध्यक्षता में किया गया जिसका संचालन छोटन कुमार ने किया बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की 21 जनवरी 2024 को कलश यात्रा निकाला जाएगा 22 जनवरी 2024 देवी मंडप में पूजा अर्चना हवन प्रसाद वितरण किया जाएगा ग्रामीणों द्वारा पूजा तक 20 जनवरी से लेकर 22 जनवरी 2024 तो पूरे ग्राम में मांस ,दारू बेचने और लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है । बैठक में उपप्रमुख रवि वर्नवावाल , उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा दयाल प्रसाद सुरेंद्र राणा, रामलखन पांडेय , सोनू पंडा, सुबोध पंडा, महेंद्र पंडा, बढ़न पासवान, रघुनंदन प्रसाद छोटी महतो, गणेश राम परमेश्वर महतो सिकंदर प्रसाद, प्रभु माली, प्रबील महतो सहित ग्रामीण उपस्थित थे ।

# सड़क दुर्घटना में हुई दो युवक की मौत के बाद परिजनों ने किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बीती रात को बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धमना पेट्रोल पंप के नजदीक चंदवारा जामुखांडी के रहने वाले कुलेश्वर रविदास व उरवां निवासी प्रकाश रविदास का निधन सड़क दुर्घटना में हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें ढाढस बंधाया। जिसके बाद अहले सुबह पीड़ित परिवार के लोगों ने एनएच-02 जाम कर दिया। काफी देर तक सड़क जाम रहने की सूचना मिलने के पश्चात पूर्व विधायक श्री यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ शोकाकुल परिवार के साथ खड़े रहे। अंततः एनएचएआई कांट्रेक्टर की ओर से उचित मुआवजा दिलाकर पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाने का काम किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव जनता के प्रति सकारात्मक कार्यशैली को देखने के बाद आम जनों ने कहा कि पूर्व विधायक जीता रहा या हारा, सदा रहा तुम्हरा पुरे तन मन धन से पूरा कर रहे है इसलिए हम सभी पूर्व विधायक के प्रति कृतज्ञ है। मौके पर प्रशासन की ओर से एसडीपीओ नाजिर अख्तर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता,उरवां मुखिया मनोज पासवान, कैलाश यादव, युवा नेता मनितोष यादव, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डेली मार्केट में लगी भीषण आग से आहत कांग्रेसी मुन्ना सिंह ने जताया दुख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के मेन रोड स्थित डेली मार्केट में भीषण आग लगने से लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक दुकाने जलकर ख़ाक हो गई। जिसपर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है इस दुःख की घड़ी में हमारी सहानुभूति डेली मार्केट के व्यवसायियों के साथ है। मौके पर उनकी टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थित का जायजा लिया , स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि जब वे दुकान खोलने पहुंचे तब इस घटना का पता चला घटना स्थल पर दमकल की तीन गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं लग पाया है जिसपर श्री सिंह ने प्रशासन से उचित जांच की मांग की। इस आकलन में। मुन्ना सिंह के मिडिया प्रभारी विक्की कुमार धान , रंजित यादव, अनिल यादव, इनामुल हक़, मो इस्लाम , मो अशरफ़, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहम्मद गुलाम, मोहम्मद रियाजुद्दीन, पप्पू सिद्दीकी, मोहम्मद सालिक, ताहिर, प्रवीण कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थें।

## माँ सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हेठली बोदरा में निकाली गई कलश यात्रा

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत हेंठली बोदरा में माँ सरस्वती मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पाँच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है,जिसके निमित भव्य शोभायात्रा के साथ पूरे धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा उत्तरवाहिनी जमुनिया नदी से हजारों की संख्या में महिलाएं ढोल नगाड़ों के साथ समूचे गाँव मे भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर नियत समय पर पहुँचकर आगे के के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।बताया जाता है कि सैकड़ों वर्षो पूर्व हेठली बोदरा गाँव के बुद्धिजीवी ग्रामीणों ने बैठक कर आपसी सहमति बनाते हुए यह विचार किया गया कि अगल बगल के गाँव में कई प्रकार के उतसव मेला लगता है। हमारे गांव में भी एक उत्सव मेला होना चाहिए।उसी समय से मिट्टी नुमा मंडप का सकल देकर सरस्वती पूजा का शुभारंभ किया गया, तब से माँ सरस्वती की पूजा अराधना निरन्तर जारी है। इसी कड़ी को आज पीढ़ी बढ़ाते हुए, सभी ग्रामीणों के सहयोग से मंन्दिर का जिर्णोधार कर भव्य मंदिर का निर्माण किया गया।नवनिर्मित मंदिर में माँ सरस्वती की संगमरमर प्रतिमा स्थापित करते हुए, पंन्च दिवसीय यज्ञ प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिवस की भाँति वृंदावन से पधारे महान कथा वाचक आचार्य शास्त्री के द्वारा संध्या में 6:30 अपराह्न से 10 अपराह्न बजे तक कथा प्रवचन का कार्यक्रम किया गया, जिसमें काफी संख्या में महिला एवं पुरषो के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर यादव,पंसस घनश्याम पाठक, विप्र समाज के अध्यक्ष रोहितान्नद मिश्र, जानकी शर्मा, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, मिथलेश बर्मन समेत कमिटि के अध्यक्ष निलेश पाठक, सचिव महेंद्र यादव, भोला यादव, टेकलाल यादव, कन्हाई यादव, नन्दकुमार पाठक, मुलचन्द यादव, गजेन्द्र पाठक समेत पंचायत के गणमान्य लोग शामिल हुए।



# 17 माईल में 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजा का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के डहरभंगा पंचायत अंतर्गत गोधेया गांव के 17 माईल चौक जो एनएच 100 विष्णुगढ़ और हाजरीबाग जाने वाले मैन रोड पर स्थित है। गोधेया राम भक्त समती के संरक्षक चांदो ठाकुर ,अध्यक्ष करण राणा ,सचिव संजय शर्मा ,कोषाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में श्रद्धालुओ के सहयोग से 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हनुमान मंदिर परिसर में गाजे बाजे के साथ धूम धाम से पूजा अर्चना कीर्तन भजन करने की बात को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि 17 माईल चौक में लाइट की व्यवस्था नहीं रहने के कारण हजारों की संख्या में पैदल साइकिल ,दो पहिया,चार पहिया वाहनों से दिन रात यात्रियों का आवागमन होता है जो अंधेरा होने के कारण इन्हे चोरी आपातकालीन दुर्घटना संबंधी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है इसी रास्ते बरकट्ठा विधानसभा सभा और मांडू विधान सभा क्षेत्र के कई नेता मंत्रियों का आवागमन होता है । लेकिन अब तक मामले का किसी ने सुध तक नहीं लिया। उन्होंने सरकारी विभाग या नेता मंत्रियों से निजी खर्च कर लाइट की मांग किया है।वही समिति के लोगो ने प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डूमर धर्मपुर बेड़म टाटीझरिया, डहरभंगा आठों पंचायत के विभिन्न गांवों के लोगो से पूजा में शामिल होने का आग्रह किया और अयोध्या मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अपने घरों में नजदीकी मंदिरों में दीप जलाकर दीपावली मनाने पर जोर दिया। मौके पर बासुदेव ठाकुर, संतोष पासवान, प्रकाश कुमार, बलदेव महतो, मो. सोनिया, सूरज कुमार, देवंती देवी, तेतरी देवी, मो.गीता, कांति देवी, चांदो महतो, ठाकुर महतो, अन्य कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन हजारीबाग क्षेत्र के राजकुमार वर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष को मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** झारखंड कोलयारी मजदूर यूनियन हजारीबाग क्षेत्र के राज कुमार वर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष को यूनियन के मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार दिया दिया गया है । वही मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य करेंगे। यूनियन के पदाधिकारी के रूप में इनसे आशा है कि मजदूरो के हितो कि रक्षा, कोयला उद्योग के विकास, प्रबंधन से बेहतर औद्योगिक संबंध बनाने हेतू मीडिया से जुड़े मामलों में यूनियन का पक्ष रख पाएंगे। वही राजकुमार वर्मा ने बताया कि मजदूरों के हित के लिए हम काम करेंगे और उनकी आवाजों को प्रबंधन तक पहुंचाने का काम करेंगे वही उन्होंने बताया कि अगर किसी भी मजदूर को किसी तरह का भी परेशानी हो तो हमसे सीधे संपर्क करके बता सकते हैं और उनकी बातों को हम प्रबंधक तक पहुंचाएंगे और किसी भी मजदूरो का किसी तरह का शोषण होने नहीं देंगे और उन्होंने बताया कि मीडिया से मिलकर मजदूरों का बातों को प्रबंधक तक पहुंचाने का काम करेंगे एवं उन्होंने अस्वस्थ किया है कि हम मजदूरों के हित के लिए हमेशा ही तत्पर रहेंगे।

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**कटकमदाग(हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मेयातु में प्रखण्ड स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा सप्ताह दिवस के उपलक्ष में किया गया। कार्यक्रम का प्रायोजक झारखण्ड सेवा मंडल के द्वारा किया गया। जिस में प्रखण्ड के साइन पब्लिक स्कूल सुल्तान, इंदिरा गांधी पब्लिक स्कूल सुल्ताना, राजकीय मध्य विद्यालय सुल्तान, शोभा ज्ञान पब्लिक स्कूल सुल्तान, बनादाग उच्च विद्यालय बानादाग, सुभाष सैनिक हाई स्कूल कटकमदाग, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेंयातू के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख कुमारी विनीता अति विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड सेवा मंडल के सचिव सुबोध ओझा सुल्तान पंचायत उप मुखिया विनय कुमार दुबे वार्ड सदस्य नेहा कुमारी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए खेलकूद अति आवश्यक है इस क्षेत्र में पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन का पहला अति सराहनीय है। झारखंड सेवा मंडल के सचिव सुबोध कुमार ओझा ने विवेकांद के जीवनी पर प्रकाश डाला व बच्चों को उनके मार्गदर्शन पर आगे चलने के लिए कहा व विवेकानंद के कहे हुवे पंक्ति उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्त यानी बोधाती को दुहराया । पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव सुनील कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों में उत्साह बढ़ाने के लिए और प्रखंड में छुपी हुई प्रतिभा को आगे लाने के लिए किया जा रहा है, इस प्रकार का कार्यक्रम अब प्रत्येक वर्ष किया जाएगा और खेलकूद में रुचि रखने वाले बच्चों को आगे बढ़ाया जाएगा । मौके पर वार्ड सदस्य इंदु कुमारी, लेखराज कुमार, अजय कुमार, अनिल कुमार भोक्ता, मो.वारिश मो. शाहिद, सरजू प्रसाद, जगरनाथ प्रजापति, करुणा कुमारी, सोनम देवी, शकुंतला देवी, किरण देवी, निर्मला देवी, शिला देवी, आदि उपस्थित रहे।



# बिरहोर टोला में जन मन योजना को लेकर शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड अंतर्गत जरगा बिरहोर टोला में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जनमन योजना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अलग-अलग योजना का स्टॉल लगाया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि प्रखंड में दो स्थान पर शिविर का आयोजन करना है जिसमें आज जरगा बिरहोर टोला में लगाया गया वही दूसरा जल्द ही इरगा में लगाया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि शिविर में वैसे योग्य लाभुक जिसका आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मेडिकल, आंगनवाड़ी इत्यादि में नाम छूटा है वैसे लाभुकों का नाम जोड़ा जा रहा है। साथ ही साथ शिविर में चार व्यक्ति का ऑन द सपोर्ट पीवीटीजी किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जिसका आवास छूट गया है इसे लेकर 18 आवेदन आया। बिडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना में आवास को लेकर 2 लाख की राशि दी जाएगी जिसमें से ईरगा में 10 व्यक्ति को आवास का पहला किस्त दिया जा चुका है। इस योजना में लाभुकों को चार किस्तों में आवास की रकम दी जाएगी।इसमें पहला किस्त तीस हजार,दूसरा किस्त पच्चास हज़ार,तीसरा किस्त एक लाख और अंतिम किस्त बीस हजार दिया जाएगा।

# जेबीकेएसएस के केंद्रीय संगठन मंत्री बने राकेश मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने बड़कागांव निवासी राकेश मेहता को जेबीकेएसएस का केंद्रीय संगठन मंत्री बनाया। केंद्रीय संगठन मंत्री बनाए जाने पर राकेश मेहता ने कहा के जो जिम्मेवारी मुझे दी गई है उसे निष्ठा पूर्वक मैं पूरा करूंगा। संगठन मंत्री बनने पर राकेश को कई लोगों ने बधाई दी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सोनू इराकी, मिथलेश दांगी, लेखक बिपिन कुमार, अनिता कुशवाहा, सत्यम साव, बबिता देवी, विवेक सोनी, विकाश शर्मा, सुनील कुमार, जयदीप पटेल, बबलु मेहता, सफदर हुसैन, जितेंद्र कुमार, अवध किशोर कुशवाहा, सत्रुधन मोर्या, अविनाश आहुजा, दशरथ यादव, देवलाल कुमार, प्रमोद कुमार, जनीसार आलम, निशु कुमारी, कपिल कुमार, गंगाधर साव, योगेंद्र कुमार, अरविंद साव आदि शामिल हैं।

## सांसद जयंत सिन्हा ने कर्णपुरा महाविद्यालय लाइब्रेरी के लिए सांसद मद से दो लाख का पुस्तक दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के द्वारा कर्णपुरा महाविद्यालय लाइब्रेरी में सांसद मद से 200000 का पुस्तक दिया गया जिसका उद्घाटन जयंत सिन्हा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात सांसद ने बच्चों के बीच स्मार्ट क्लास लिया इसमें कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा आगे बढ़ने, जीवन को संवारने के टिप्स दिए। प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि सांसद के द्वारा महाविद्यालय को अत्यआधुनिक सुविधाओं से लैस, सुंदरीकरण करने को लेकर 10 करोड रुपए राशि का मास्टर प्लान तैयार करने को कहा गया है। जिसकी तैयारी चल रही है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, कर्णपुरा महाविद्यालय के सचिव टुकेस्वर प्रसाद, निरंजन कुमार नीरज, सुरेश महतो, मोहम्मद फजरूद्दीन, नरेश कुमार दांगी, अनु कुमारी, ऋतुराज दास, रंजीत प्रसाद, पवन कुमार, ललिता कुमारी, ज्योति जलधर, रामकिशोर प्रसाद, चंद्रशेखर राणा, लालदेव महतो, सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अनीता देवी, धनेश्वर महतो, धनु नाथ महतो, हेमराज कुमार, कृष्णा पटेल के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रतिनिधि। सीसीएल ऑफिसर क्लब में शक्रवार को सीसीएल के चरही महाप्रबंधक केके सिन्हा के द्वारा कोलियरी और विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। श्री सिन्हा ने इसके पूर्व हेल्फ़ डेस्क का उद्घाटन किया।उपस्थित अधिकारियों, पदाधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित कर कई तरह की जानकारी दिया।इसके बाद प्रेस वार्ता का आयोजन किया।इन्होंने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि हजारीबाग कोयला क्षेत्र में दलालों की दलाली अब चलने वाली नहीं है।इनके दिन लद हैं।आगे यह भी बताया कि पहले मृतक के आश्रितों को नौकरी के लिए दलालों के पास जाते थे।और नौकरी दिलाने के नाम पर हजारों रुपये ऐंठ लेते थे।वर्षो कार्य नहीं हो पाता था।आश्रितों परेशानी कम करने के लिए और भरपूर मिल सके।इसके लिए हेल्फ़ डेस्क बनाया गया है।इसी के माध्यम से मृतक के आश्रितों का कार्य किया जायेगा।कई कम्प्यूटर लगाए जाएंगे।ऑन लाईन के माध्यम से कार्य किया जाएगा।ताकि आश्रितों को जल्द नौकरी मिल सके।आगे कहा कि एक वर्ष के अंदर आश्रित आवेदन दें।ताकि जल्द ही कार्य का निष्पादन किया जा सके।इसके बाद आवेदन देने वालों पर विचार नहीं किया जाएगा।विस्थापित हुए ग्रामीणों के बारे में बताया कि इस पर भी ध्यान रखा जा रहा है।विस्थापित ग्रामीणों की जिस भूमि को सीसीएल के द्वारा अधिग्रहण किया है उसकी कागजात को कार्यालय को समर्पित करें।ताकि कार्य को निष्पादन करने में कंपनी को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े।कोल परियोजनाओं में भर पुर कोयले का उत्पादन किया जाना है।इस वर्ष 47 लाख टन उपादन का लक्ष्य है।जिसको पूरा कर लिया जाएगा।इसके लिए सीसीएल कर्मी,कर्मचारी,पदाधिकारी और अधिकारी मिलकर काम करने बीड़ा उठाया है।माइंस की सुरक्षा-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त किया गया है।साथ ही कोयला क्षेत्र के आस पास के गावं में भी विकास के कार्य कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है।आगामी 27 जनवरी को तापीन साउथ के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम में पारितोषिक वितरण किया जाएगा।इस मौके पर महाप्रबंधक केके सिन्हा,एसओपी पल्लव चक्रवर्ती, तापीन साउथ पीओ एमके पांडेय,क्षितिज कुमार,चंद्रिका कुमार, राजदीप सहित कई अधिकारी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मिलकर मनाएं रघुनंदन के आगमन का उत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हिंदुस्तान में करीब 500 वर्ष पुराना एक ऐसा विवाद जो सिर्फ अपने देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक बड़ा मुद्दा बना हुआ था। इस मुद्दे ने देश के हिंदू तथा मुसलमानों के बीच आपसी सौहार्द को कितना बार बिगाड़ा होगा कहा नहीं जा सकता है। दोनों समुदाय के बीच एक चौड़ी खाई पड़ गई थी। दोनों समुदाय एक- दूसरे को शंका की निगाह से देखते थे। इसके हल के लिए कितने बार सर्वदलीय बैठकें भी आयोजित की गई परंतु कोई निदान नहीं निकल पाया। अंतोगत्वा न्यायालय के निर्णय से ही हल निकला। यह विवाद कोई और नहीं बल्कि अयोध्या में ÷राम मंदिर और बाबरी मस्जिद विवाद÷ था। लेकिन वर्षों बाद 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने वर्षों से चल रहे इस मामले पर अपना फैसला सुनाया। इस फैसले में अदालत में विवादित भूमि को हिंदू के पक्ष को देने का फैसला किया जबकि मुस्लिम पक्ष को अयोध्या के बाहरी क्षेत्र में 5 एकड़ जमीन देने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राम मंदिर निर्माण के लिए 09 फरवरी 2020 की तिथि तय की गई थी जिससे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने संसद में मंदिर निर्माण के लिए एक स्वायत्त ट्रस्ट के गठन की घोषणा कर दी और फिर तत्काल ÷राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट÷ का गठन कर दिया गया। कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में बीते 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास हुआ। श्री राम मंदिर का भूमि पूजन और शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से हुआ। राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा करने के लिए करीब साढ़े 3 साल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और निर्धारित लक्ष्य में ही मंदिर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मंदिर की ऊंचाई 161 फीट है। मंदिर में पांच गुंबद है। अयोध्या का राम मंदिर देश का सबसे भव्य मंदिर है। इतना भव्य मंदिर देश में कहीं नहीं है। मंदिर परंपरागत नागर शैली से बनाया गया है। मंदिर की लंबाई (पूर्व से पश्चिम) 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट तथा ऊंचाई 161 फीट है। मंदिर तीन मंजिला है और प्रत्येक मंजिल की ऊंचाई 20 फीट है। मंदिर में कुल 392 खंभे व 44 द्वार है। मुख्य गर्भगृह में प्रभु श्रीराम का बालरूप (श्रीरामलला सरकार का विग्रह), तथा प्रथम तल पर श्रीराम दरबार होगा। मंदिर में 5 मंडप होंगे– नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना मंडप व कीर्तन मंडप। खंभों व दीवारों में देवी देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियां उकेरी जा रही हैं। मंदिर में प्रवेश पूर्व दिशा से, 32 सीढ़ियां चढ़कर सिंहद्वार से होगा। मंदिर के नीचे 14 मीटर मोटी रोलर कॉम्पेक्टेड कंक्रीट बिछाई गई है। इसे कृत्रिम चट्टान का रूप दिया गया है। मंदिर को धरती की नमी से बचाने के लिए 21 फीट ऊंची प्लिंथ ग्रेनाइट से बनाई गई है। मंदिर परिसर में स्वतंत्र रूप से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, अग्निशमन के लिए जल व्यवस्था तथा स्वतंत्र पॉवर स्टेशन का निर्माण किया गया है, ताकि बाहरी संसाधनों पर न्यूनतम निर्भरता रहे। मंदिर का निर्माण पूर्णतया भारतीय परम्परानुसार व स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होने वाला है। अवध के साथ संपूर्ण देश- दुनिया में रामोत्सव मनाने की तैयारी है।

**प्रस्तुतिः- रंजन चौधरी, मीडिया प्रतिनिधि, सदर विधायक, हजारीबाग।**

## बिड़ला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रायबरेली सीमेंट वर्क्स ने मनायी रजत जयंती



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिड़ला कॉरपोरेशन लिमिटेड के एमडी और सीइओ संदीप घोष ने उत्तर प्रदेश में एमपी बिड़ला सीमेंट की पहली ग्राइंडिंग यूनिट, रायबरेली समेंट वर्क्स की तारीफ करते हुए इसे छोटी लेकिन सुंदर बताया। उन्होंने इसकी दक्षता, सुरक्षा रिकॉर्ड, सीमेंट की गुणवत्ता और हाउर कीपिंग मानदंडों पर प्रकाश डाला। आरसीडब्ल्यू में रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इकाई ने ग्राहकों के सेवा स्तर में सुधार करके कंपनी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख बाजारों में कंपनी के ब्रांड के पदचिह्न को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने कंपनी का पहला प्रीमियम पीपीसी ब्रांड, एमपी बिड़ला सीमेंट अल्टीमेट भी बनाया जिसे जानकार उपयोगकर्ताओं ने काफी सराहा। कंपनी की कुन्दनगंज इकाई, रायबरेली के आगमन के बाद भी, रायबरेली उच्च श्रेणी के सीमेंट के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत बना हुआ है, जो रायबरेली, लखनऊ और अमेठी-सुल्तानपुर बेल्ट के विशिष्ट बाजारों की पूर्ति करता है। श्री घोष ने इस बात पर जोर दिया कि कंपनी को अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बनना था जिसका ध्येय प्रदर्शन, नैतिकता और संस्कृति के जरिये सराहा जाना था। उन्होंने कहा कि विज़न, वैल्यू, वेलोसिटी और वेलोसिटी जो उत्कृष्टता के मॉडल के 4ङ्क थे, उन्हें कंपनी ने अपनाया ताकि सभी कार्य की दक्षता में सुधार लाया जाये। डीलरों के लिए विशेष सहायता लॉजिस्टिक संचालन का डिजिटलीकरण था जिसने विशेष रूप से विपणन गतिविधियों के लिए वेग और दृश्यता प्रदान की। जोनल सेल्स हेड श्री संजय भंडारी ने डीलरों और बाजार डेवलपर्स से एमपी बिड़ला सीमेंट के ब्रांड्स को बढ़ावा देने का आग्रह किया, विशेष रूप से परफेक्ट प्लस और अल्टीमेट। डीलर कंपनी के रिकॉर्ड उत्पादन और प्रेषण को रिकॉर्ड बिक्री में परिवर्तित करने में भागीदार थे। उन्होंने कहा- जहां हमारे दो प्रीमियम ब्रांड, परफेक्ट प्लस और अल्टीमेट, कंक्रीट की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करते हैं और लागत बचाते हैं, ये सभी प्रकार के निर्माण की आवश्यकताओं को पूरा भी करते हैं।

## भीम आर्मी का मुख्यमंत्री आवास घेराव आज




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया की कल दिनांक 20 जनवरी, शनिवार को झारखंड में आदिवासी, दलित, पिछड़ों और धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ रहे अत्याचार और शोषण के विरोध में और प्रदेश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा राँची राजभवन के समक्ष धरना एवं मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा।उन्होंने बताया की झारखंड को अलग राज्य का दर्जा दिलाने के लिए झारखंड के कई वीर योद्धाओं ने अपने प्राणों की आहुति दी थी, झारखंड आंदोलनकारी आज अपनी कुर्बानियों का हिसाब मांग रहे हैं, धरती आबा वीर शहीद बिरसा मुंडा के सपने अब तक अधूरे हैं, झारखंड के आदिवासी मूलवासियों की स्थिति दयनीय है, प्रदेश में धार्मिक अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं, उनके खिलाफ नफरत का माहौल लगातार बनाया जा रहा है। इन्ही मुद्दों को और 24 सूत्री मांगों को लेकर कल आज़ाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन कल मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदेशन देगी, जिसमें पूरे झारखंड के 24 ज़िलों से कार्यकर्ता पहुँच रहे हैं।

## सयाल मध्य विद्यालय में नमामि गंगे योजना को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल के उतरी पंचायत में पुर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय सयाल में नमामी गंगे योजना के अंतर्गत बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। वही नमामि गंगे योजना के तहत स्कूली बच्चों के बीच 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन सयाल के हिल ब्यू स्टेडियम में किया गया। वहीं कार्यक्रम कि अध्यक्षता मुखिया आशा देवी ने किया। वही दौड़ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मालिश कुमार ने पहला स्थान हासिल किया तो वहीं दूसरे स्थान पर विकास हेम्ब्रोम व तृतीय स्थान अश्लोक कुमार रहे। वहीं सभी सफल प्रतिभागियों को सयाल उतरी पंचायत मुखिया आशा देवी ने नमामि गंगे का मेडल पहनकर बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान मुखिया आशा देवी ने कहा कि नमामि गंगे योजना के अंतर्गत अपने ग्राम पंचायत के नदियों तालाबों नालो झरना और जलाशयों को पूरी तरह से साफ सफाई करके स्वच्छ रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव, प्राचार्य श्रीकांत प्रसाद, संगीता देवी, सीता देवी, कांति कुमारी, तमन्ना परवीन, रेखा कुमारी, कुमकुम कामिनी, कुमारी अनिता सिंन्हा, एवं पप्पू यादव का विशेष योगदान रहा।

## झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव व विधायक अंबा से मिले राजू यादव



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूरी यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव ने पतरातु डेम परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में आए हुए झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव व विधायक अंबा प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात किये। इस दौरान राजू यादव व विसमो के सभी सदस्य पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया एवं उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। वही राजू यादव ने पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव व विधायक अंबा प्रसाद को उरीमारी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, डा जीआर भगत, महादेव बेसरा,दीपक कुमार यादव,चरका आदि लोग उपस्थित थे।

# अक्षयपात्र रसोईघर व सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज को क्षेत्रवासियों को किया गया समर्पित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हज़ारीबाग लोकसभा के इतिहास में 19 जनवरी 2024 का दिन स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया। हज़ारीबाग को अक्षयपात्र रसोईघर और सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज की सौगात दी गयी।सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के प्रयासों से यह दो विशाल परियोजनाएं धरातल पर उतारी गयीं। झारखण्ड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन जी ने अपने करकमलों से इन परियोजनाओं का उद्घाटन कर इन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।यह रसोईघर बड़ी संख्या में रोज़गार का सृजन करेगा। इससे स्थानीय किसानों व व्यापारियों को भी सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। मोदी जी के नेतृत्व में हज़ारीबाग लोकसभा में हमने कई महत्वपूर्ण परियोजनों का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। रामगढ़ स्थित पतरातू में ?20 हज़ार करोड़ की लागत से 4 हज़ार मेगावाट के पावर प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। यहाँ 6 हज़ार लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिला है। हज़ारीबाग अब देश में सिर्फ कोयला नहीं बिजली भी भेजेगा। हम 5 हज़ार करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग बना रहे हैं। भारतमाला परियोजना के तहत सुपर हाईवे बनेगा, जिससे हज़ारीबाग से कोलकाता सिर्फ 4 घंटो में पहुंचा जा सकेगा। वंदे भारत एक्सप्रेस व इंटरसिटी ट्रेनों का संचालन करवाया है। 4 हज़ार करोड़ के निवेश से यह संभव हो पाया है।राज्यपाल महोदय ने कहा कि जीवन में इससे महत्वपूर्ण क्षण और कोई नहीं हो सकता जब हम बच्चों को पौष्टिक भोजन देने के प्रयासों में सफल होते हैं। हज़ारीबाग में अक्षयपात्र रसोईघर की महत्वकांक्षी योजना के उद्घाटन कार्यक्रम में आकर बहुत खुशी हुई। सांसद जयंत सिन्हा के प्रयासों से ही हज़ारीबाग में यह आधुनिक रसोईघर स्थापित हो पाया है, जो आने वाले दिनों में क्षेत्र के 1 लाख बच्चों को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध करवाएगा। विवेकानंद जी ने कहा था कि अगर कोई हमारे सामने भूखा है तो हमें उसे भोजन कराना चाहिए न कि उसे भाषण देना चाहिए। विवेकानंद जी ने भूखे को भोजन करना भाषण से इसलिए महत्वपूर्ण बताय था क्योंकि यह हमारे वेदों में कहा गया है। विवेकानंद जी अच्छी तरह से समझते थे कि मनुष्य की पहली जरुरत उसकी भूख को शांत करना है, उसी तरह अक्षयपात्र ने भी इस बात को समझा है। अक्षयपात्र द्वारा लाखों बच्चों को भोजान करवाना मानवता के प्रति सबसे बड़ी सेवा है। इस कार्यक्रम के उपरान्त विनोबा भावे विश्वविद्यालय में सेण्टर फॉर ट्राइबल स्टडीज का लोकार्पण किया गया। 8 करोड़ की लागत से इसका निर्माण किया गया है। यहां क्षेत्रीय व लोक कलाओं पर रिसर्च कर उनका संरक्षण व प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यहां विशाल संग्रहालय समेत प्रशासनिक भवन इत्यादि भी होंगे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के चयनित लाभुक खाता खुलवाए व अंशदान की राशि खाता में जल्द जमा करें : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को सफल पुर्वक लाभ मिले। जिसको लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता दुलमी बीडीओ सुनिल प्रजापति ने किया बैठक में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सांसद प्रतिनिधि इन्देव साव उपप्रमुख धर्मधीर महतो प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशी सिन्हा उपस्थित थे। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना ये काफी महत्वकांक्षी योजना है। दुलमी प्रखंड क्षेत्र के गाय पालन मुर्गी पालन बकरी पालन शुकर पालन आदि के जितने भी चयनित लाभुक हैं वे लोग जल्द ही खाता खुलवाए एवं अंशदान की राशि को खाता में जमा करने की निर्देश दिया गया ताकि सभी लोगों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ मिल सके। मौके पर मुखिया उर्मिल देवी रंजु देवी राजीव मेहता प्रमेश्वर पटेल चुडगी देवी अमरुन निशा उमाशंकर महतो पंचायत सचिव ममता कुमारी प्रकाश चटर्जी बबलू कुमार बासुदेव महतो राजीव कुमार आतिफ कमर धर्मनाथ केवट शिवशंकर महतो रोजगार सेवक रामकुमार महतो आशीष कुमार रामु करमाली कलीन्दर महतो लखन मुंडा जितेंद्र शर्मा मनोज कुमार पंचायत समिति शेखबहादुर गोपाल महतो बैजती देवी सुधीर महतो रविन्द्र महतो वीणा देवी आदि।

## भाजपा के नवगठित कमेटी में तेली समाज की अनदेखी भाजपा को पड़ेगी भारी : अमित साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** तेली युवा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा गठित प्रदेश कमेटी में तेली समाज के नेताओं को प्रदेश कमेटी में उचित मान सम्मान नहीं देने से गहरा आक्रोश प्रकट किया है। साहू ने कहा है कि प्रदेश के लगभग 13त्न आबादी वाले तेली समाज को भाजपा सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती आ रही है। आने वाले दिनों में समाज के राजनीतिक भागीदारी से वंचित रखने वाले भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तेली समाज जल्द से जल्द राज्यस्तरीय आंदोलन की रूप रेखा तैयार करेगी। साहू ने कहा कि लगातार कई सालों से भारतीय जनता पार्टी अपने प्रदेश कमेटी में तेली के नाम पर सिर्फ कऔलम पूरा करने का कार्य करते आ रही है जो अब बर्दाश्त से बाहर हो गया है। इसीलिए साहू ने प्रदेश कमेटी में जल्द से जल्द तेली समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही है। अन्यथा अंत में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तेली समाज आगे की आंदोलन के रूप रेखा तैयार करेगी।

## मोटिवेशन ट्रेनिंग ऑफ ब्लड डोनेशन कैम्प के लिए एक सेमिनार का आयोजन हुआ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शुक्रवार को सदर अस्पताल रामगढ के सभागार में मोटिवेशन ट्रेनिंग ऑफ ब्लड डोनेशन कैम्प के लिए एक सेमिनार रखा गया था, जिसमे विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउन्डेशन के झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा विप्र फाउन्डेशन के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा व संरक्षक नवीन पाठक ने मुख्य रूप से भाग लिया। रांची से आई टीम ने बताया कि रक्त दान महा दान है,ब्लड बैंक के असिस्टेंट डायरेक्टर जुली नीता मैम, असिस्टेंट डायरेक्टर सुधीर कुमार, सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ रेणु कुमारी तथा जमशेदपुर से, जमशेदपुर भोलेन्ट्री ब्लड डोनेशन एसोसिएशन के सुनील मुखर्जी एवं उनकी टीम एवं रामगढ़ जिला से विभिन्न स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजकों के साथ ब्लड डोनेशन से संबंधित चर्चा हुई। रक्त दान न कोई धर्म न मजहब देखा जाता है। मानव सेवा ही सची सेवा है

## पतरातू प्रखंड के दो उच्च विद्यालय विज्ञान प्रयोगशाला उत्क्रमित होंगे : महेंद्र महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि माननीय सांसद जयंत सिन्हा के अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड के कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु एवं एस एस उच्च विद्यालय 10 प्लस टू पतरातु को विज्ञान प्रयोगशाला को उत्क्रमित करने के लिए लगभग 12 लाख रुपया की स्वीकृति प्रदान जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा किया गया है। और पंचायती राज विभाग जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द निविदा जारी कर सारी कागजी कार्रवाई करने के बाद कार्य प्रारंभ किया जाए इन दोनों विद्यालय में काफी संख्या में क्षेत्र के मध्यम वर्ग के लोग के बच्चे पढ़ते हैं और माननीय सांसद जयंत सिन्हा की सोच है की प्रत्येक विद्यालय में विज्ञान की एक अच्छी प्रयोगशाला हो ताकि छात्र छात्राओं को ज्ञान में बढोतरी हो।तथा उत्क्रमित होने से अधिक से अधिक बच्चों का प्रयोगशाला में भाग ले सकेंगे और अपने बौद्धिक क्षमता को आगे बढ़ाएंगे ताकि टेन प्लस टू करने के बाद उनको कई क्षेत्रों में जाकर अपने जीवन के जो लक्ष्य पूरा करना करने में मदद हो।

## सरना उच्च विद्यालय डाडीडीह में स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** सरना उच्च विद्यालय ड़ाडीडीह में शुक्रवार को धूमधाम से विद्यालय का 24 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि पार्षद सदस्य राजाराम प्रजापति पूर्व जिला पार्षद अर्चना देवी,पालू पंचायत मुखिया पानो देवी,कोतो पंचायत मुखिया निधि सिंह,कटिया पंचायत मुखिया किशोर कुमार महतो,समाजसेवी धनेश्वर महतो,कोतो पंसस वीणा देवी पालू पंसस सुनीता देवी-1और पंसस अजय कुमार सिंह-2 कोतो उपमुखिया उमा कुमारी एवं पालू उपमुखिया उज्जवल कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर एवं दीप-प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा विद्यालय के वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी संजय कुमार एवं संजना कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षा के प्रति मैट्रिक के परीक्षा 2022 एवं 23 में अधिक अंक हासिल करने वाले अजय कुमार महतो, हरीश कुमार, बबली कुमारी और पूजा कुमारी को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही अतिथियों द्वारा कार्यक्रम को संबोधन करने के बाद स्कूल के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक नित्य, लघु नाटक, गीत और भाषण आदि प्रस्तुत किए गए। मौके पर अशोक पाठक, ब्रजेश सिंह, प्रधानाध्यापक रामा अवतार महतो, शिक्षको में अजीत कुमार सिंह,वीणा कुमारी, शांति कुमारी, अशोक कुमार सिंह, सोनू कुमार, साजन कुमारी, रिगलाल महतो, सोनू कुमार फूलेद्र कुमार महतो,लीलावती देवी और सार्थक सौरव सहित विद्यालय संरक्षक गंगाधर महतो, अध्यक्ष गोपाल महतो, सचिव जगदेव महतो के अलावे विद्यार्थियों में रानी कुमारी दीपाली कुमारी परी कुमारी, आरती, साक्षी, आयात कुमार, सलोनी, अनामिका, कीर्ति, वर्षा, राधिका, नंदिनी, सृष्टि और निधि कुमारी आदि सैकड़ों विद्यार्थी शामिल रहे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीआरएनसी-03-2024**, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **सूचना सं.: डीआरएमईएनजीआरएनसी-03-2024, कार्य का नाम** : राँची मंडल-ऑटो टैंपिंग थिंबल के साथ फिट किए हुए सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 2775 अदद 60 केजी 90 यूटीएस, 1000 अदद 52 केजी 90 यूटीएस और 116 अदद 60 केजी/60ईआई-आर260 ग्रेड रेल वेल्डिंग पोर्शन इन सिटू की आपूर्ति (कुल:3891 जॉइंट्स)। **निविदा मूल्य:** रु.82,57,356/-, **बयाना राशि:** रु.1,65,200/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** उपर्युक्त निविदा के लिए दिनांक 09.02.2024 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। पिन कोड-834003 **(PR-1041)**

## अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को शांति- सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारगी के साथ मनाए : थाना प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना में आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राममंदिर मे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजन को लेकर रजरप्पा थाना मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सुरेश लिंडा ने ने किया बैठक में बताया गया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा आयोजन देखते हुए पूरे क्षेत्र के सभी समुदाय वर्ग के लोगों से अपील किया गया है की इस प्राण प्रतिष्ठा के दिन को समाज के सभी लोग इसको शांति पूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ हर्ष और उल्लास के साथ मनाए।वही सभी शांति समिति में उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से अपने विचार व्यक्त किया कहा कि सभी को अपना त्योहार मनाने का अधिकार है लेकिन वे अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन भी करें।साथ ही किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों की अविलंब सूचना थाना पुलिस को करने का निर्देश दिया।अफवाहों से दूर रहे और श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में के साथ सहयोग करने का कार्य करें ।कार्यक्रम का संचालन आंदोलन नेता चंद्रशेखर पटवा ने की।मौके पर मौके पर बीस,चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञानमानी एक्का, अंचल अधिकारी दीपक मिंज,, प्रखंड विकास पदाधिकारी दुलमी सुनील प्रजापति,दुलमी अंचलाधिकारी मदन महली, चितरपुर प्रखंड20 सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक संजय नायक ,रघुनाथ सिंह,श्याम भगत ,समाजसेवी मंजूर खान ,मुखिया कुलदीप सिंह, अब्दुल हकीम अंसारी ,सुनीता देवी ,किरण कुमारी,भानु प्रकाश महतो ,दिवाकर नायक, सुमित पटवा, रविंद्र चौधरी, तारा प्रसाद, वसीर अंसारी, ठाकुर दास महतो, बहादुर ,डब्लू साव सहित कई लोग मौजूद थे।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लोहरदगा**

**रोजगार मेला संबंधी सूचना**

दिनांक 25.01.2024 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Experience | Remarks (Pay Scale) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Vijana Employableskills Pvt. Ltd., Ahmedabad, Gujrat. | Trainee at TML, Sanand (Apprenticeship) | 300 | 12th/ITI | 18-23 | 0-1 Year | 12,600/= Job Location Sanand, Ahmedabad and Gujrat. |
| | | Trainee at OLA Electric | 400 | 12th,ITI, Diploma and Any Degree | 18-25 | 0-2 Years | 16,200/= Job Location Krishnagiri. |
| | | Trainee at Dixon | 100 | 10th/12th/ITI/Diploma | 18-30 | 0-3 Years | 12,775/= to 15,161/= Job Location Noida UP. |
| | | Operator at Schneider (Only Female) | 150 | 10th/12th/ITI/Diploma | 18-23 | 0-2 years | 11,344/= Job Location Gagilapur Hyderabad and Ponnamalle Chennai. |
| | | Operator at JBM | 150 | 10th | 18-35 | 0-2 years | 13,253/=Sanand |
| | | Trainee at Valeo & Valeo R&D | 100 | Diploma & BE | 18-24 | 0-2 years | 16,000/= to 14,500/= Job Location Chennai Vallam. |
| | | Trainee at Wistron GS (Only Female) | 500 | SSLC/PUC/Diploma & Graduation | 18-25 | 0-2 years | CTC- 19,719/= Job Location- Bengaluru. |
| 2 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | ASIM (Agency Sales Insurance Manager) | 10 | 10th/12th/Graduation | 20 and Above | 01 year | 30,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | ASO (Agency Sale Officer) | 15 | 10th/12th/Graduation | 20 and Above | 0-6 years | 24,000/= Job Location – Lohardaga. |
| | | Insurance Advisor | 25 | 10th/12th/Graduation | 18 and Above | NA | 35,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 3 | Prejha Foundation (Kalyan Gurukul), Ranchi. | Wire Harness | 50 | 10th Pass | 18-27 | 0 | 14,000/= to 15,000/= Job Location- Bengaluru. |
| | | Mobile Assembly | 50 | 10th Pass | 18-27 | 0 | 14,000/= to 15,000/= Job Location- Bengaluru. |
| | | Tiles Mason | 50 | 5th/10th Pass | 18-30 | 0 | 17,000/= Job Location- Bengaluru. |
| | | SMO | 40 | 7th/10th Pass | 18-27 | 0 | 10,000/= Job Location- Tamil Naidu. |
| | | Manufacturing | 40 | 10th Pass | 18-27 | 0 | ,14 000/= to 15 000/= Job Location- Tamil Naidu. |
| 4 | Eduvantage Pvt. Ltd., New Delhi. | Trainees (SHO) | 50 | 10th Pass | 18-35 | 0-1 year | 12,000/= Job Location- Tamil Naidu. |
| | | Trainees | 100 | 10th Pass | 18-35 | 0-1 year | 13,000/= Job Location- PAN India. |
| 5 | Adecco India Pvt. Ltd., Karnataka. | Technical Operator | 2000 | 12th/Graduation | 18-26 | Fresher | 18,815/= CTC Job Location- Bengaluru, Karnataka. |
| 6 | Metalmon Auto Pvt. Ltd., Tamil Naidu. | Associate | 300 | 10th/12th | 18-35 | NA | 16,000/= Job Location- Hosur. |
| | | Operator | 200 | ITI | 18-35 | NA | 17,500/= Job Location- Bengaluru. |
| 7 | Aamdhane Pvt. Ltd. Hyderabad. | Assembly Operator | 50 | 10th/Diploma | 18-28 | -- | 11,000/= to 17,000/= Job Location- Gujrat. |
| | | Picker Packer | 50 | ITI | 18-28 | -- | 11,000/= to 15,000/= Job Location- Hyderabad. |
| 8 | Medicare Environmental Management Pvt. Ltd., Lohardaga. | Driver | 1 | Commercial Heavy Licenses | 25-35 | 02 years | 14,000/= Job Location- Daltonganj and Lohardaga. |
| 9 | LIC of India, Block more, Lohardaga. | Insurance Advisor | 20 | Matric | 21-50 | NA | Commission Base Job Location- Lohardaga. |
| 10 | Honda Motorcycle Pvt. Ltd., Kolar (Karnataka) | Trainee | 200 | Matric | 18-35 | Fresher | 10,000/= Job Location- Narasapura. |
| 11 | SBI Life Insurance, Lohardaga. | Unit Manager | 2 | Graduation | 18-35 | Fresher | 25,000/= Job Location- Lohardaga. |
| | | Life Mitra | 25 | Matric | 18-35 | Fresher | Commission Base Job Location- Lohardaga. |
| 12 | Nistha , Senha, Lohardaga. | Logistic | 5 | B.com | 22-30 | 02 years | 12,000/= Job Location- Senha. |
| 13 | V-Mart, Lohardaga. | Sale | 1 | Matric | 18-35 | 01 year | 8,000/= Job Location- Lohardaga. |
| 14 | Deo Astha Honda, Lohardaga. | Sale | 2 | 10th/12th | 18-35 | 01 year | 8,000/= Job Location- Lohardaga. |
| | Total | | 4986 | | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in/www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 11:00 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

**District Employment Officer, Lohardaga.**

**PR 316568 Lohardaga(23-24)#D**

## सद्दाम के प्रयास से दिव्यांग को मिला व्हीलचेयर व पेंशन का लाभ



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वार्ड संख्या 18 के पार्षद उम्मीदवार सह झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन के प्रयास से वार्ड संख्या 14, वासेपुर के निवासी दिव्यांग सज्जाद अंसारी को झारखंड सरकार द्वारा व्हीलचेयर और दिव्यांग पेंशन प्रमाण पत्र दिया गया। व्हीलचेयर के माध्यम से दिव्यांग सज्जाद अंसारी को आने जाने में सहूलियत होगी और पेंशन के रूप में आजीवन काल प्रत्येक माह एक हजार रुपए झारखंड सरकार द्वारा दिया जाएगा। सद्दाम हुसैन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाई जा रही वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशन योजना सराहनीय है। सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही हमारा कर्तव्य है। मौके पर झामुमो नेता जुबेर अंसारी, हसीब अंसारी एवं इब्राहिम अंसारी उपस्थित थे।

## ठंड से बचाओ को लेकर हुआ कंबल वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए टीएमसी झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के द्वारा वासेपुर स्थित रशीद कॉम्प्लेक्स मे जामियातुल मदीना मे पढ़ने वाले बच्चों के बीच कंबल एवं बिस्किट का वितरण किया गया। मौके पर हाजी ज़मीर आरिफ, शादाब आलम, मनव्वर अख्तर, नुमान खान आदि मौजूद थे। कार्यक्रम से पूर्व जामियातुल मदीना के प्रधान अध्यापक, सदर सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया तथा अपने संस्थान के क्रिया-कलापों से अवगत कराया। साथ ही कंबल वितरण के लिये उन्हें धन्यवाद भी दिया।

## नए डीएल कैंडिडेट को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार प्रियदर्शी के निर्देशानुसार आज फाइनल लाइसेंस बनवाने कैंडिडेट आए हुए बारवाडीह ग्राउंड, गिरिडीह में एम वी आई (रंजित मारंडी) डीआरएमएस (मो0 वाजिद) एवम् अविनाश राज के द्वारा प्रशिक्षु चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का अनुपालन के प्रति जागरूक किया और साथ में हिट एंड रन एवं गुड सेमिरिथन योजना के बारे में भी जागरूक किया और बताया गया की सड़क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सभी लोगो के बीच रोड़ सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट कि भी वितरण कि गई। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक मोहम्द वाज़िद हसन ने सड़क सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया।

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर जेपी हॉस्पिटल परिसर से निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बलियापुर बायपास रोड मंझीलाडीह स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के परिसर से कोलाकुस्मा के आसपास के क्षेत्रो गांवों में झांकियां युक्त वाहनों से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जहां आसपास के लोग अपने घरों प्रतिष्ठानों से इस शोभा यात्रा का स्वागत करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए जेपी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवा नेता नित्यानंद मंडल ने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस क्षेत्र में श्री राम जन्मभूमि से आए धर्माचार्य द्वारा पूजित अक्षत कलश व फोटो को घर-घर में उनके एवं सहयोगियों के द्वारा वितरित किया जा रहा है। जेपी हॉस्पिटल के अध्यक्ष एवं भाजपा के कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल ने बताया कि 22 जनवरी को श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जेपी हॉस्पिटल एवं जेपी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के परिसर में 11000 दिए जलाए जाएंगे। साथ ही इस क्षेत्र के घरों में हजारों दिए जलाएं जायेंगे जिसका वितरण किया जा रहा है।एवं इस क्षेत्र के सभी घरों में बिजली की माला झालर लगाकर दिवाली के रूप में मनाया जाएगा। क्षेत्र के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाने के साथ-साथ भगवा रंग के झड़े लगाने एवं तोरण द्वार निर्माण की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही है। 22 जनवरी को सुबह शोभा यात्रा पूरे क्षेत्रो का भ्रमण कर वापस जेपी हॉस्पिटल परिसर पहुंचेंगे जहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को यहां एक बहुत बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

### जमुआ : स्कूल में पढ़ाई की जगह शिक्षक बच्चों से करवाते हैं निजी कार्य

# बाल मजदूरी के साथ इस कड़क शीतलहरी में बच्चों के प्रति ऐसी भावना शर्मनाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत चिलगा पंचायत मे शिक्षक द्वारा पढ़ाई की जगह बच्चों से निजी कार्य करवाने का मामला सामने आया है। शिक्षक विद्यालय में पढ़ाई के जगह अपना निजी कार्य करवाते हुए पाए गए। मामला जमुआ प्रखंड के चिलगा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय प्रतारडीह के शिक्षक बच्चों से पुवाल एवं अन्य सामग्री को विद्यालय के क्लास रूम में रखवा रहा था । वहीं स्थानीय लोगों ने कहा शिक्षक का बच्चों के प्रति हमेशा यही रवैया रहता है । एक तरफ विभाग विद्यालय में बाल मजदूरी को लेकर शपथ अभियान चलाते नजर आते है वहीं शिक्षक के द्वारा बच्चों से बाल मजदूरी करवाया जा रहा है। वर्तमान में गिरिडीह का न्यूनतम तापमान एवं पूरे जिले में कड़क शीतलहरी के बीच बच्चों से काम करवाना शिक्षक को बच्चा के प्रति ऐसी भावना शर्मनाक हैं । संवाददाता ने बच्चों से इस विषय में बात करने की कोशिश की लेकिन शिक्षक का डर सभी बच्चों के चेहरा पर झलक रहा था । शिक्षक से बात करने की प्रयास की गई लेकिन कैमरा के सामने आने से मुकरने लगे वही अधिकारियों का खौफ जमाते हुए कहा कुछ भी नहीं होने वाला है यह सब यूं ही चलता रहता है। एक तरफ शिक्षा विभाग बच्चों से आधा घंटा पूर्व गांव में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ इत्यादि अभियान चला रहे हैं ताकि बच्चे शिक्षा के प्रति जुड़े लेकिन शर्मशार करने वाले शिक्षक बच्चों से बाल मजदूरी करवाते हैं। इस संबंध में शिक्षक नरेश यादव से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने पर बात को टालमटोल करते हुए कहा एक ट्रैक्टर पलटी हो गया था जहां पर बच्चे खेल रहे थे लेकिन स्पष्ट पता चलता है कि बच्चों के द्वारा शिक्षक कि उपस्थिति में पुवाल को क्लास रूम में रखवाया जा रहा था। इस मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने पर कहा अगर इस तरह की बात है तो स्पष्टीकरण के साथ कार्रवाई की जाएगी । अब देखने वाली बात है कि इस पर विभाग कारवाई करती है या लीपा पोती कर मामले को दबा दिया जाएगा।

## गिरिडीह जेल में रह रहे 65 वर्षीय कैदी की मौत, माले ने की जांच की मांग



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह विधानसभा माले नेता राजेश सिन्हा ने राजधनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव को जानकारी दी की जेल में राजधनवार के अरखांगो बस्ती जो राजधनवार के करीब है । वही जेल में रह रहे कैदी शनिचर तूरी की मौत हो गई। सिन्हा ने बताया कि शनिचर तूरी का उम्र लगभग 65 वर्ष था। जो सितंबर माह 2023 में जमीन विवाद में जेल में बंद थे । वही उनकी मौत जेल में मौत हो गई। इसकी जानकारी मिली कि तबियत बिगड़ी 9 बजे सुबह, हॉस्पिटल लाया गया लेकिन डॉक्टर ने उन्हें दस बजे मौत घोषित कर दी। इधर सिन्हा ने शनिचर तूरी के बेटे सिकंदर तुरी से पूरी बात को समझा। सिन्हा ने कहा कि जिनकी मौत हुई है उनके एक बेटे भी जेल में बंद है तत्काल उसको अंतिम संस्कार में जाने का प्रक्रिया कोई हो तो तत्काल किया जाना चाहिए। इधर भाकपा माले ने मांग करते हुए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जेल में उच्च स्तरीय जांच हो साथ ही उच्च अधिकारी से लगातार माले बात करेगा। वही राजधनावर पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने सिन्हा ने भी कहा की उच्च स्तरीय जांच हो और जेल में सुधार हो। खान पान आदि पर भी ध्यान रखे। साथ ही ठंड को देखते हुए कैदियों को ज्यादा सुविधा हो और एक जांच टीम भी जल्द बने और कैदियों की सुविधा का भी जांच बहाल हो।

## 10 लाख रुपए की अवैध शराब को गिरिडीह पुलिस ने किया जब्त, तीन गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस द्वारा लगातार ताबड़तोड़ अवैध शराब कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की है। वही शुक्रवार को पचंबा पुलिस ने दो वाहनों को जब्त कर उससे 110 पेटी अवैध शराब जब्त किया है वहीं 3 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है।जब्त शराब की कीमत करीब 8 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार लोगों में बिहार के बेगूसराय जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र के लियाई टेंगरा निवासी राजन कुमार, बोकारो जिला के गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी सूरज कुमार सोनी और चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के भंडारीदह निवासी आशीष रंजन शामिल हैं। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। बताया गया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पचंबा पुलिस को निर्देशित किया गया और पचंबा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए इन्हें दबोचा गया।

## फरवरी में राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा

### यात्रा को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर कांग्रेस की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम के तहत संभवत फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड, धनबाद में प्रवेश करेगी। उक्त कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बनाने को लेकर शुक्रवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में पूर्व मंत्रीगण, एआईसीसी के सभी सदस्य, प्रदेश डेलीगेट एवं प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारीगणों की आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी का धनबाद आगमन हो रहा है। उक्त कार्यक्रम को लेकर और एक कोयलांचल के कांग्रेसियों में उत्साह है और सभी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला स्तरीय प्रचार प्रसार कमेटी एवं स्वागत कमेटी बनाई जाएगी और उक्त कमेटी जिला के सभी विधानसभा के सभी प्रखंडों एवं नगरों के पंचायत, गांव एवं वार्डों में राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार करेंगे। उक्त कमेटी में पदाधिकारीयों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी जाएगी तथा कमेटियों की घोषणा कल की जाएगी।

## कल पचंबा में संगीत के सुरों से रामलला का स्वागत करेंगे कलाकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** 22 जनवरी अयोध्या धाम में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर पूरे गिरिडीह में भी उत्साह का माहौल है।इसी क्रम में भाजपा नेत्री प्रोफेसर विनीता कुमारी के सौजन्य से 21 जनवरी को दिन 11बजे से सार्वजनिक दुर्गा स्थान पचंबा के रंगमंच पर भक्ति संगीत का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है,जिसकी तैयारी को लेकर कार्यकर्ता जूटे हुए हैं। प्रो विनीता ने बताया कि भक्ति संगीतमय कार्यक्रम में मशहूर गायिका राज लक्ष्मी और गायक पिंटू शर्मा का ग्रुप भजन की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में सभी रामभक्त सादर आमंत्रित हैं।

## धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** धनबाद मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद के सभाकक्ष में किया गया । इस बैठक में धनबाद मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता धनबाद के सांसद पषुपति नाथ सिंह द्वारा की गयी। सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किषोर सिन्हा सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह, पलामू के माननीय सांसद विष्णु दयाल राम, गिरिडीह के सांसद चन्द्र प्रकाश चैधरी उपस्थित थे। इनके अलावा माननीया षिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि नागेन्द्र महतो, सांसद जयंत सिन्हा के प्रतिनिधि चन्द्र भूषण प्रसाद, सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि प्रीतम साहू, सांसद अजय प्रताप सिंह के प्रतिनिधि विक्रम सिंह चंदेल, सांसद पकौड़ी लाल के प्रतिनिधि कृष्णा गौतम, माननीय सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि अजय कुमार सिन्हा, सांसद महुआ मांझी के प्रतिनिधि लखी सोरेन, सांसद समीर उरांव के प्रतिनिधि अरूण कुमार जोषी, सांसद दीपक प्रकाष के प्रतिनिधि चन्द्रषेखर सिंह एवं सांसद आदित्य प्रसाद के प्रतिनिधि मिल्टन पार्थ सारथी उपस्थित थे बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई । इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में धनबाद मंडल माल लदान एवं इससे प्राप्त आय में भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महुदा थाना व भाटडीह ओपी में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना और भाटडीह ओपी क्षेत्र के लोगो के साथ अयोधा में 22 जनवरी को हो रहे राम मंदिर भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शांति समिति की बैठक भाटडीह में भाटडीह ओपी प्रभारी सौरभ चौबे और महुदा में महुदा थाना प्रभारी योगेश महतो की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें महुदा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मुखिया। जन-प्रतिनिधियों ने उपस्थित हुए बैठक में कहा गया की किसी को किसी तरह की अफवाह में नही देना है। बैठक में बताया गया कि सभी लोग शांति पूर्वक पूजा पाठ करे। यदि कोई असमाजिक तत्वों के आदमी दिखे तो थाना को या मुझे संपर्क करे। मौके पर करामात अंसारी, सुषमा देवी संपद घोषाल, अब्दुल समद बदरुद्दीन अंसारी मालती देवी आमेना खातुन, पवन कु तिवारी, सनौल्ला अंसारी, तयब अंसारी, भगलु महतो, राकेश बाउरी, अजय कर्मकार, सलाउद्दीन अंसारी आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## झूठे आरोपों के साथ किए गए केस के खिलाफ जांच की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** भाकपा माले ने बेंगाबाद थाना में दर्ज कांड संख्या 9/24 को मनगढ़ंत और झूठा बताते हुए आज बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बोरोटांड़ (महुआर) में एक बैठक कर वरीय पुलिस अधिकारियों से सबंधित केस की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। बोरोटांड़ में आज की प्रतिवाद बैठक में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपना आक्रोश दर्ज कराया। मामले की जानकारी लेने के बाद, यहां लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी नेता यादव ने कहा कि, इस तरह से मनगढ़ंत केस दर्ज कर ग्रामीणों को परेशान करना गलत है। कहा कि, यह केस बाहर के एक व्यक्ति, जिसकी यहां कुछ जमीन है, के द्वारा स्थानीय लोगों की जमीन हड़पने की नीयत से किया गया है। लेकिन दुखद बात है कि, दशकों से टूटे-फूटे एक अर्द्धनिर्मित कमरे को दुकान बताकर वहां चोरी की मनगढ़ंत घटना का जिक्र कर एक ही परिवार से जुड़े 4 निर्दोष लोगों को पेशेवर अपराधी बताते हुए केस किया गया, और बेंगाबाद पुलिस के द्वारा इसकी उचित जांच-पड़ताल किए बगैर मामला दर्ज कर लिया गया है। यादव ने कहा कि, ऐसा करने से ग्रामीणों का पुलिस के प्रति विश्वास कमजोर होता है। पुलिस के अधिकारियों को संबंधित केस की निष्पक्ष जांच कर निर्दोष लोगों को बरी तथा इस तरह की साजिश में शामिल लोगों के ऊपर कार्रवाई करनी चाहिए।

## जनता दरबार : हरि मंदिर के पास सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें हीरापुर के एक व्यक्ति ने बताया कि हरि मंदिर के पास सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी धनबाद को उक्त सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं बलियापुर से आए एक व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि उनकी 2 एकड़ से अधिक जमीन पर जबरन कब्जा कर अलकतरा प्लांट स्थापित कर दिया है। साथ ही अतिक्रमण की गई जमीन पर बाउंड्री वॉल भी बना ली है। जमीन के सीमांकन के लिए उन्होंने कई बार अंचल अधिकारी से आवेदन किया और इसके लिए ऑनलाइन भुगतान भी किया है। उपायुक्त ने तत्काल अंचल अधिकारी बलियापुर को मामले की जांच कर जमीन का सीमांकन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा चिरागोड़ा में सरकारी जमीन पर जबरन दीवाल खड़ी कर आवागमन का रास्ता रोकने, जमीन पर अवैध कब्जा करने, जालसाजी कर जमीन बेच देने, पुटकी आंचल में ब्लास्टिंग से तालाब क्षतिग्रस्त होने, भौंरा में घर से 30 मीटर दूर ब्लास्टिंग होने से घर क्षतिग्रस्त होने सहित अन्य मामले प्राप्त हुए।

## अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन धनबाद के राजेंद्र सरोवर में जलेगा 1 लाख 51 हजार दिए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अयोध्या में रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धनबाद राजेंद्र सरोवर बेकारबंध में श्री राम महादीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने रूबी सर्कुलर रोड स्थित एक होटल के सभागार में प्रेस वार्ता में बताया की अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोग अयोध्या नहीं जा सकते हैं। इसलिए हम लोग धनबाद में ही कमेटी बनाकर उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें जिले के कई वार्ड पार्षद समाजसेवी और कई दल के लोग भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से दीप सज्जा का कार्यक्रम होगा। शाम 5 बजे से जोली छाबड़ा के टीम के द्वारा संगीतमय भजन का कार्यक्रम होगा। 6:30 बजे 1, 51,000 दीप प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम होगा। 7 बजे ग्रीन आतिशबाजी का कार्यक्रम होगा जबकि रात 8 बजे प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। साथ ही कहा कि सभी लोग घर से शंख और घंटी लेकर आएं, जिससे एक साथ दीप प्रज्वलन, घंटी और शंखनाद से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो जिसकी आवाज अयोध्या तक पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूनिक कन्सल्टेंसी सर्विसेस में मनी संस्थान के सत्र की छठी वर्षगांठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा के बीरू कॉम्पलेक्स स्थित यूनिक कन्सल्टेंसी सर्विसेस में संस्थान के सत्र की छठी वर्षगांठ मनाई गई ।वर्षगांठ के मौके पर यूनिक कन्सल्टेंसी सर्विसेस के दिलीप कुमार कश्यप ने बताया कि संस्थान ने सफलतापूर्वक अपने संस्थान के छः वर्ष पूरे कर लिए है। इस दौरान संस्थान के द्वारा अनेकों लोगों को निजी संस्थान में रोज़गार दिलाये गये एवं टू-लेट सर्विसेस के माध्यम से अनेकों लोगों को किराये पर मकान, दुकान, कार्यालय , गोदाम इत्यादि दिलवाए गए हैं। इस सफलता के लिए संस्थान के दिलीप कुमार कश्यप ने लोगों का धन्यवाद किया है। संस्थान के इस वर्षगांठ के मौके पर सर्वप्रथम केक काटकर अपने छठे वर्ष गाँठ मनाया। इस मौके पर संचालक के अलावा अधिवक्ता तेज़बल शुभम्, पूनम लकड़ा, अजीत केशरी इत्यादि उपस्थित थे।

### शिक्षक शिक्षिकाओं को भाषाई सर्वेक्षण पर प्रशिक्षण दिया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित रिसोर्स कक्ष में सेन्हा क्षेत्र के सभी सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में जहां पर कक्षा 1 कि कक्षाएं संचालित होती है। वैसे विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं का एक दिवसीय भाषाई सर्वेक्षण पर उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण प्रखंड साधन सेवी शिक्षक अशोक भगत और निशा प्रसाद के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कक्षा 1 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का भाषाई सर्वेक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बुनियादी तौर पर बच्चों के साथ शिक्षण गतिविधि के दौरान होने वाले भाषाई समस्याओं पर भी चर्चा किया गया।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास समन्वय समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय विकास समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना समेत विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अबुआ आवास योजना अंतर्गत विलंब से प्राप्त हुए आवेदन पर विभाग से मार्गदर्शन मांगे जाने का निदेश जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना को दिया गया। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान महाअभियान (पीएमजनमन)



अंतर्गत कच्चे मकानों के सर्वे की समीक्षा की गई व निदेश जिला समन्वयक,पीएमएवाई को दिया गया। दावा आपत्ति अनुमण्डल स्तर पर भेजे जाने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2016-22 तक के आवास पूर्णता की समीक्षा की गई। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन का लक्ष्य सौ प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश सभी प्रखण्डों को दिया गया। प्रति गांव संचालित कार्य की संख्या, फाइनेंसियल परफॉर्मेंस, बिरसा हरित ग्राम योजना फेज-2, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा की गई। विद्यालयों में खाली मैदान को पोटो हो योजना में लिये जाने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। एरिया ऑफिसर एप के अनुसार सभी संबंधित प्रखण्ड के पदाधिकारियों व अभियंताओं को फील्ड विजिट कर एप में इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रोजेक्ट उन्नति की समीक्षा की गई और योग्य मजदूरों को कौशल विकास के प्रशिक्षण हेतु आवश्यक निर्णय लिया गया व निर्देश दिये गये। बैठक में अमृत सरोवर अंतर्गत योजनाओं में सूक्ष्म टपक सिंचाई, कल्याण विभाग अंतर्गत आवासीय विद्यालयों के मरम्मतिकरण व नये छात्रावास निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश परियोजना उपनिदेशक, आइटीडीए को दिया गया। समाज कल्याण विभाग के सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना, यंत्र व उपकरण का क्रय, आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय व पानी की उपलब्धता की स्थिति, भू-अर्जन अंतर्गत जिला में विभिन्न योजनाओं में भूमि अधिग्रहण की स्थिति व प्रगति, नगर परिषद लोहरदगा अंतर्गत विभिन्न संचालित योजनाओं की स्थिति, पशुपालन व गव्य विकास अंतर्गत संचालित योजनाओं की स्थिति, सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत वितरण किये गये कंबल की स्थिति, शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षकों के ग्रेडिंग सूची तैयार किये जाने की स्थिति की समीक्षा की गई।

### दहेज प्रथा मामले में हत्या के विरुद्ध कोर्ट ने सुनाया फैसला आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मामला बगडू थाना क्षेत्र की है जहां चंदवा निवासी शिशुपाल साहु पित्ता स्व0 खेदन साहु ने बगडू में लिखित आवेदन दिया था जिसमे बताया गया था की दिनांक 08.अप्रैल 2021 को मेरी पुत्री पूजा की शादी हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार लालू प्रसाद साहू,पिता रोहित साहु ग्राम मेरले,थाना-बगडू,जिला-लोहरदगा के साथ विवाह सम्पन हुआ था विवाह के बाद दामाद लालू प्रसाद साहु पिता रोहित साहू,माता पुष्पा देवी द्वारा नगद 1,40,000 (एक लाख चालीस -हजार) रू0 नगद एवं फर्नीचर, गोदरेज, पलंग, ज्वेलर इत्यादि सामान कुल मिलाकर कुल डेढ़ लाख की संपति दान की थी तथा विवाह के बाद पुत्री पुजा कुमारी दामाद के साथ ग्राम मेरले - स्थित ससुरल चली गई जहां विवाह के कुछ ही दिनो के बाद से ही मेरी पुत्री पुजा कुमारी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया एवं दबाव के साथ मोटरसाईकल मांग कर लाने के लिए दबाव देने लगे इस मामले में दामाद लालु प्रसाद साहू,ससुर रोहित साहू, सास पुष्पा देवी, देवर अर्जुन साहु, छोटकु साहु, पिता बिरन साहु, मौसी, मेनका देवी पति स्व0 दुर्योधन साहू इन सब लोगो ने मिलकर दबाव बनाने लगे मेरी पुत्री मुझे मोटरसाईकल मांगने की बात बताई तो मैं स्वयं दामाद तथा पुजा के ससुर एवं सास से फोन पर बात किए तथा बोले कि अभी लॉकडाउन चल रहा है हमलोगों का काम अभी बंद है काम-धंधा चलने लगेगा तो मैं चार-पाँच महिने में दे दूंगा इसी बीच दामाद लालु,बेटी पुजा की सास पुष्पा देवी एवं ससुर रोहित साहु, देवर अर्जुन साहू लड़का का मौसी मेनका देवी बोले कि हमलोग को 1,00,000 (एक लाख) रू0 नगद ही दे दीजिए बाकी हम लोग व्यवस्था कर लेंगे, जिसके बाद लड़की के पिता ने कहा कि व्यवस्था होने पर दे देगें।

## ग्रामीण महिला पुरुषों ने 1200 फिट ऊंचाई में स्थित महादेव मंडा में चलाया सफाई अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गाँव मे लगभग 1200 फिट ऊँची पहाड़ में स्थित महादेव मंडा के नाम से विख्यात भगवान शंकर का गुफा को ग्रमीण महिला पुरुष भक्तों के द्वारा साफ सफाई किया गया। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलाला का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तजनों के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में सभी छोटे बड़े मन्दिर व देवस्थल का साफ सफाई किया जा रहा है। उसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गाँव के समीप ऊँची



पहाड़ की गुफा में स्थित भगवान महादेव शंकर का गुफा का जिला भाजपा कार्य समिति सदस्य त्रिलोकी सिंह के नेतृत्व में ग्रमीण महिला पुरुष भक्तों द्वारा साफ सफाई किया गया। वही त्रिलोकी सिंह ने बताते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलाला का प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिर और देवस्थलों में ग्रामीण भक्तजनों द्वारा पूजा अर्चना और दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिस निमित ग्रमीण महिला पुरुषों के द्वारा महादेव मंडा में स्थित भगवान शंकर का गुफा में साफ सफाई का कार्य किया गया। मौके पर मुनी देवी, हौड़ा उराँव, भखली कुमारी, रँगमनिया देवी, जानकी देवी, दीपक उराँव, पुष्पा देवी, गोपाल ठाकुर, जानकी देवी, रीता कुमारी, संदीप उराँव सहित अन्य सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे।

## क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता : सुखदेव भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह लोहरदगा लोकसभा के प्रभारी सुखदेव भगत गुमला जिला के माझा टोली, तेलगांव, रामनगर एवं टुडूरमा इत्यादि गांवों का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री भगत से पीसीसी पथ का निर्माण कराने, सामुदायिक भवन, पेयजल, लाल कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, अबुवा आवास जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराये।मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। झारखंड की इंडिया गठबंधन की सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। आपकी



योजना आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में जनता की समस्याओं का निदान ऑन स्पॉट किया गया। यह सरकार सभी 60 वर्षो के वृद्ध लोगों को पेंशन देने का काम किया है। केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास कई वर्षो से नहीं दे रही है इसलिए राज्य सरकार ने राज्य के लोगों के लिए अबूवा आवास देने का निर्णय लिया है। श्री भगत ने कहा कि केंद्र सरकार के कारण देश में महंगाई काफी बड़ी है जिससे जनता काफी परेशान है। बेरोजगारों की संख्या भी दिनों दिन बढ़ते जा रही है। किसानों की स्थिति भी काफी दयनीय है। देश के तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है तभी जनता का भलाई होगा। श्री भगत ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मौके पर लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, दीपक कुजूर, मोहम्मद वारिस, अशोक तिग्गा, सुनील मिंज, राजेश कुजूर, रहमत खान, आईजक मिंज, सचिन तिग्गा, गुंदर उराव, नरेश उरांव, विनोद उरांव, अनीता बेक, मोनिका टोप्पो, बेनेदिकता टोप्पो सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड कांग्रेस कमिटी महासचिव के पिताजी के निधन पर कांग्रेस पार्टी ने जताया गहरा शोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड सढ़ाबे पंचायत ग्राम बख्शी,प्रखंड कांग्रेस कमिटी के महासचिव मंगरा उरांव के पिताजी गुहा उरांव उम्र 70 वर्ष का निधन हो जाने पर प्रखंड कांग्रेस कमिटी कैरो शोक संवेदना व्यक्त करती है। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवार को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी परिवार वालों के साथ है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान, उपाध्यक्ष बहादुर यादव, मुर्शीद आलम, राम उरांव, नईम अंसारी, बुधवा उरांव, पंचायत अध्यक्ष विजय उरांव, शिव उरांव, सुमन उरांव, मंजन उरांव, नारायण उरांव, गणपत उरांव, राजीव गांधी पंचायती राज अध्यक्ष विजय कुमार एक्का, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष रशीद अंसारी, यूथ अध्यक्ष तिला उरांव,सेवा दल अध्यक्ष रोहित प्रजापति, अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष मनोज उरांव, अनुसूचित जाति अध्यक्ष निरंजन राम, महिला अध्यक्ष मुन्नी उरांव, एनएसयूआई अध्यक्ष डोली कुमारी, मोजाहिर अंसारी, दीपक कुमार यादव, जगरनाथ यादव, बैजू मुंडा, रंजीत उरांव, सतीश यादव,फूल कुमार उरांव,चंद्रदेव भगत, मतलुब अंसारी, जियाउल अंसारी, युनुस अंसारी, धीरज उरांव, भोला भगत इत्यादि पूरा प्रखंड कांग्रेस परिवार शामिल है।

## प्रांतीय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की पूनम कुमारी को मिला द्वितीय स्थान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की 12 वीं की छात्रा पूनम कुमारी ने विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निबंध का शीर्षक था रोजगारपरक शिक्षा में कौशल विकास की भूमिका इसी निबंध प्रतियोगिता में राजन साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। एकादश की छात्रा किरण कुमारी और ज्योति प्रिया कुजूर ने भी निबंध प्रतियोगिता, जिसका शीर्षक था राष्ट्र निर्माण में भैया बहनों का योगदान में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त



किया है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद,विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार एवं संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास सहित प्रधानाचार्य एवं सदस्य गण तथा महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भैया बहनों की उपलब्धि के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी है।

## स्वच्छ मंदिर अभियान के तहत बांसजोर प्रखंड के तरगा शिव मंदिर परिसर में किया गया साफ-सफाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** बांसजोर प्रखंड के तरगा शिव परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा झाड़ू-पोछा लगाकर स्वच्छता का सन्देश देते हुए साफ-सफाई किया गया। इस अवसर पर पंसस निशा बड़ाईक ने कहा, हमारे आदरणीय पीएम ने कहा है की 14 से 22 जनवरी तक देश के प्रत्येक गांव के मंदिर परिसर एवं सार्वजनिक जगह को साफ सफाई किया जाय। किसी को देखते हुए आज हम लोग तरगा शिव मंदिर परिसर में साफ सफाई



कर रहे हैं। 22 जनवरी को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी पूरे विधि विधान के साथ अयोध्या में दिव्या और भव्य मंदिर मैं प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। प्रभु श्री राम तो हर जगह हैं सृष्टि के कण-कण में विराजमान हैं हम देख रहे हैं लाखों लोग मंदिरों के परिसर में साफ-सफाई अभियान में लगे हुए हैं भगवान की मंदिर स्वच्छ एवं होना चाहिए, ये हम सबकी जवाबदारी है।* मौके पर भाजपा कार्यकर्त्ता बुद्धदेव प्रधान ने कहा की मंदिर हमारी आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है विश्वास का केंद्र है। हमारे धार्मिक स्थल स्वच्छ और सुंदर हो, उनकी भव्यता और पवित्रता अक्षुण रहे दायित्व है। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री विशाल नायक, अनु0 जाति मोर्चा अध्यक्ष मुकुंद सिंह, बादल सिंह, उत्तम बेहरा, गिरधारी दास, दीपू सिंह, कैलाश मेहर, सबिता प्रधान, इत्यादि लोग मौजूद थे।

## अंजुमन के ओहदेदारों का पगड़ी पोशी व हलफ बरदारी प्रोग्राम आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया कैरो प्रखंड के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पगड़ी पोशी व शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल शनिवार को दो बजे से मोहर्रम मेला टांड़ कैरो में आयोजित की गई है। इस संबंध में चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पगड़ी पोशी व शपथ ग्रहण के इस प्रोग्राम में अपनी गरिमामय उपस्थिति के लिए लोहरदगा जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, डीसीएलआर मैम, कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, कैरो थाना प्रभारी इत्यादि कई प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। साथ ही इस



कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने प्रखंड अंजुमन इस्लामिया चुनाव में खड़े विजयी और पराजित सभी उम्मीदवार, मजलिसे आमला के सभी मेम्बर प्रखंड क्षेत्र के सभी अंजुमन के सदर/सेक्रेटरी व ओहदेदारों सहित सभी मेम्बर को ससमय कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।

# युवा नेता, अंकित कुमार ने दुसरी बार यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर किया सिमडेगा का नाम रोशन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** रांची के आसपास के विश्वविद्यालयों के मनोविज्ञान विभागों में, अनुसंधानकर्ताओं एवं निर्देशकों की मिलीभगत से हो रहा है अनुसंधान नैतिकता का दोहन , गौरतलब है की भारतीय जनता युवा मोर्चा, सिमडेगा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित कुमार ने दुसरी बार यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर सिमडेगा जिला का नाम रोशन किया है। अंकित कुमार, वर्तमान में सिमडेगा जिले के केरसई प्रखंड के निवासी हैं और मूल रूप से इनका पैतृक निवास चतरा जिला है। समाज में इनकी भूमिका हमेशा राष्ट्रवादी, नैतिकवादी एवं आदर्शवादी रही है। विषम परिस्थितियों का चुनौतीपूर्ण सामना करते हुए उन्होंने यह



मुकाम हासिल किया है, जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणादाई है। अपने संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि वे शैक्षिक मनोवैज्ञानिक अनुसंधानकर्ता के रूप में समाज में व्याप्त शैक्षिक मनोवैज्ञानिक विषयों एवं समस्याओं पर गहनता पूर्वक अध्ययन करना चाहते हैं। जिससे भारत में फिर से सार्वभौमिक वेदत्व महाशक्ति की स्थापना हो सके। शिक्षार्थियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षार्थियों को अध्ययन कालीन, आदर्शवादी नीतियों का पालन करना चाहिए। ये आदर्शवादी नीतियां ही शिक्षार्थियों में शैक्षिक विचारधारा को प्रस्फुटित करती है। जो साकारात्मक रुप से कठिन परिश्रम और ज्ञान प्राप्ति की प्रकिया को आत्म प्रेरित करती है। शैक्षिक विचारधारा, सार्वभौमिक समाज की विविधताओं का विश्व बंधुत्व रूपी मस्तिष्क है और उसका हृदय न्यायसंगतता का आवेग। अनुसंधान कार्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने कहा कि आज के कुछ अनुसंधान नैतिक विहीन अनुसंधानकर्ताओं एवं अनुसंधान निर्देशकों की मिली भगत से मुख्य रूप से रांची के आस पास के विश्वविद्यालयों के मनोविज्ञान विभागों में कम्प्यूटर द्वारा फर्जी डाटा बनकर, डाटा विश्लेषण किया जा रहा है, जो यूजीसी के द्वारा जारी किए गए अनुसंधान नैतिकता के बिल्कुल ही विपरीत है। इस प्रकार के गैर संवैधानिक कार्यो से आज के नए अनुसंधानकर्ताओं, शिक्षा जगत, सामाजिक एवं राष्ट्रीय पृष्ठभूमि को अंदर ही अंदर खोखला करने का कार्य किया जा रहा है। ये गैर संवैधानिक कार्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न कर सकते है। अनुसंधान से संबंधित ऐसे गैर नैतिक कार्यो पर झारखंड के माननीय राज्यपाल महोदय, केंद्र शिक्षा मंत्री, केंद्र शिक्षा राज्य मंत्री एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षाविद् को जल्द से जल्द संज्ञान लेने की आवश्यकता है नहीं तो ऐसी कुरीतियां पूरे शिक्षा जगत को दीमक की तरह खोखला कर देगी।

## आदिवासी समाज को एकजुट रहना होगा तभी होगा आदिवासी का विकास : चमरा लिंडा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखण्ड के कैरो जेठ जतरा स्थल में शक्ति खूंटा धरती पूजा सह सरना सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमे प्रखण्ड क्षेत्र के सरना धर्मावलम्बी ढोल, नगाड़े, मांदर के साथ नाचते गाते अपनी पारंपरिक कला संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए सम्मेलन स्थल तक पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित बीशुनपुर विधान सभा विधायक चमरा लिंडा को आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार परिछते हुए सभा स्थल तक पहुंचाए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मुख्य अतिथि चमरा लिंडा विधि विधान के साथ शक्ति खूंटा का पूजा अर्चना किया साथ ही साथ दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुरुआत किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी लोग बड़े सीधे साधे होते हैं,शक्ति खूंटा स्थापित करना हमारा धर्म की रक्षा की एक कड़ी है। हमारी सभ्यता संस्कृति अति प्राचीन है हमारा कोई अभिलेख नही है। अदिवासी प्रकृति के पुजारी हैं,आदिवासी की अलग धर्म है,अलग संस्कृति हैं,सरना धर्म के मानने वालों का जनगणना हुई थी परंतु आज वही सरना कोड की मांग करना पड़ रहा है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER WAYS DIVISION, RANCHI.**
**(Room N0-503, JalBhawan, Doranda-834002)**

**e-Procurement Notice**
**[2nd Call, PR-311916]**
Re e-Tender Reference No. –WRD/WWD/RANCHI- 10/2023-24.
Date-18.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | **Demarcation & RCC Pillaring for Both Banks of Harmu River from Bajra (HehalAnchal) to Baraghaghra (ArgoraAnchal) of Ranchi District.** |
| 2 | Estimated Cost(Rs) | Rs. **46,92,305.04** |
| 3 | Bid Security (Rs.) | Rs. **94000=00** (Online mode) |
| 4 | Cost of Tender Document | Rs. **5,000=00**( Non-Refundable)(Online mode) |
| 5 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 6 | Availability of Tender On Line | 24.01.2024 From 02:00 PM |
| 7 | Bid Submission | From 24.01.2024, 02:00 PM to 13.02.2024upto 05:00 PM |
| 8 | Date & Time of Opening of Bid | 15.02.2024, 02:00 PM |
| 9 | Name and address of officeinviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division,Ranchi. |
| 10 | Contact No. of Procurement Officer | 7004715652 |

Note:-
1.Only e-tender will be accepted. Details available on website https://jharkhandtenders.gov.in
2. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
3. Tender Fee and Earnest Money should be deposited through Online mode only as per WRD, Jharkhand letter no-907 dated-04.10.2023 and I.T. & e-Governance Dept. Jharkhand Letter no-120 dated-03.10.2023

**Executive Engineer**
**Water Ways Division, Ranchi.**
**PR.NO.316515 Water Resource(23-24):D**

ग्रामीणों की समस्या दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता : एनोस एक्का

## ग्रामीणों की समस्या दूर करना झारखंड पार्टी की पहली प्राथमिकता : एनोस एक्का

# पिथरा में हजारों लोगों ने कांग्रेस छोड़ झारखंड पार्टी का थामा दामन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और जमीन से जुड़कर काम करती है और लोगों की समस्याओं को पहली प्राथमिकता देकर दूर करने का कार्य करती है ताकि लोगों का समस्या खत्म हो उक्त बातें पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत पिथरा पंचायत में आयोजित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी हो या कांग्रेस सिर्फ इस क्षेत्र में राजनीति किया है और यहां के समस्याओं को नजरअंदाज करने का काम किया है इसलिए आज इस क्षेत्र में समस्या बहुत है लेकिन समाधान करने वाला कोई नहीं है। अब झारखंड पार्टी आपकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर करेगी, इसके लिए दिन-रात



सभी कार्यकर्ता जमीन से जुड़कर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपकी समस्या जो भी हो उसे आप बताएं उन्हें पूरा प्रयास किया जाएगा कि उसे समस्या को खत्म किया जाए। इस क्षेत्र के सीधे-साधे आदिवासियों को कांग्रेस पार्टी के द्वारा ठगने का काम किया है ,लेकिन अब वह दिन दूर नहीं जनता इनका चेहरा बेनकाब करने के लिए आगामी 2024 में झारखंड पार्टी को चुनकर इन्हें सत्ता से बेदखल करेगी। मौके पर उन्होंने अभी से ही 2024 की चुनाव की तैयारी में जुड़ने के लिए सभी लोगों को आवाहन किया वहीं उन्होंने झारखंड पार्टी के नीति सिद्धांतों को अवगत कराया इसके बाद हजारों लोगों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ झारखंड पार्टी का दामन थामा। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कई प्रकार की जटिल समस्या है लेकिन जिसे दूर करने के लिए आज तक किसी ने भी गंभीरता नहीं दिखाई कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी बताया लेकिन उन्होंने क्षेत्र में समस्याओं को सुनने के बजाय इस क्षेत्र को नजर अंदाज करने का काम किया लेकिन झारखंड पार्टी को समस्या बताने के बाद इस क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ।इधर कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों के द्वारा पूर्व मंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए नाचते गाते हुए कार्यक्रम स्थल तक ले गए इसके बाद उन्हें पुष्प कुछ एवं माला पहनकर स्वागत किया। मौके पर महिला मोर्चा की केंद्रीय अध्यक्ष आइरिन एक्का कोचेडेगा मुखिया शिशिर टोप्पो, पिथरा मुखिया अनिल उरांव,जिया ठाकुर, राजू केशरी, मुकेश प्रसाद सहित अन्य झापा नेता मौजूद रहे कांग्रेस पार्टी को छोड़कर झारखंड पार्टी का थामा दामन।

## सदर अस्पताल की व्यवस्था सुधारने का प्रयास करें रामेश्वर उरांव : आयुष मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** आजसू छात्र संघ अध्यक्ष आयुष मेहता ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल की स्थिति यह है कि अगर उसको सड़ल अस्पताल कहा जाए तो गलत नहीं होगा। और दुर्भाग्य है कि यहां से विधायक डॉ रामेश्वर उराँव माननीय मंत्री भी हैं उसके बावजूद सदर अस्पताल की स्थिति पूरी तरह चरमराई हुई है। यहां पर अगर किसी का हड्डी का भी इलाज करना है तो डॉक्टर रेफर कर देते हैं की रांची जाओ और जब मरीज बाहर निकलता है तो लोहरदगा के एक नर्सिंग होम में उसको ले जाया जाता है और वहां वही डॉक्टर इलाज करते हैं जिनकी ड्यूटी सदर अस्पताल में रहती है। दूसरी ओर दलालों का जमावड़ा पूरे सदर अस्पताल में लगा रहता है प्रसव के लिए लाई गई महिलाओं को कह दिया जाता है कि यहां खतरा है रांची ले जाओ और दलाल तुरंत लोहरदगा के विभिन्न नर्सिंग होम में उन मरीजों को ले जाकर पहुंचा देते हैं और 30 हजार से पचास हजार रूपए गरीब लोगों से ठगा जाता है। सर्दी खांसी तक का सही इलाज सदर अस्पताल में नहीं है, कोई जहर खाकर अगर आ जाता है तो उसको भी रांची रेफर कर दिया जाता है और एंबुलेंस आने से रांची जाने तक में 3 घंटे लगते हैं तो सवाल यह उठता है कि जहर खाया हुआ व्यक्ति क्या 3 घंटे तक जीवित रहेगा, अभी 3 दिन पहले की घटना है कि अगर सही इलाज यहां हुआ रहता तो एक युवक की जान नहीं जाती।

# रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में सांसद वीडी राम ने 25 बिंदुओं पर की चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने धनबाद रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में आयोजित रेल मंडल संसदीय समिति की आयोजित बैठक में शामिल हुए। उक्त बैठक में हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर सिन्हा, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, रेलवे पदाधिकारीगण एवं अन्य सांसदगण उपस्थित थे। इस बैठक में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित 25 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की।



1.12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर ठहराव।

2. 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में डालटनगंज स्टेशन पर प्रथम श्रेणी का कोटा दिया जाय। 3. 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस रांची-डालटनगंज गढ़वा होते हुए नई दिल्ली रूट पर सप्ताह में 2 दिन के बदले 4 दिन किया जाय। 4. पलामू एक्सप्रेस ट्रेन सं0 13347/13348 को रजहारा स्टेशन पर ठहराव। 5. शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन सं0 11448/11449 को मेराल स्टेशन पर ठहराव। 6. बरवाडीह चोपन चुनार पैसेन्जर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने।

7. प्रस्तावित वन्दे भारत ट्रेन को टाटानगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने।

8. रांची चोपन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 एवं पटना सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 का ठहराव मेराल रेलवे स्टेशन पर करने। 9. गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का ठहराव मोहम्मदगंज एवं अलीगढ़ स्टेशन पर करने। 10. रांची नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 को जो सप्ताह में तीन दिन चलती है उसे चार दिन किया जाय। उक्त ट्रेन का आरक्षण कोटा डालटनगंज स्टेशन पर दिया जाय। 11. रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 एवं सिंगरौली पटना एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13349/13350 का सिगसिगी स्टेशन पर ठहराव।

12. पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 को पुराने समय सारिणी के अनुसार चलाया जाय। उक्त ट्रेन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर रात्रि 10:30 बजे पहुँचती थी और लोगों को इस ट्रेन से यात्रा करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती थी बल्कि पटना जाने के लिए इससे बेहतर कोई ट्रेन नहीं थी। परंतु परिवर्तित समय सारणी के अनुसार अब यह ट्रेन डालटनगंज स्टेशन पर रात्रि 12:05 बजे पहुँचती है। सचेत होकर टिकट नहीं कटाने के चलते पूर्व की तारीख का टिकट कटा लेते हैं जबकी तारीख बदल गयी रहती है और इस प्रकार वह टिकट उक्त बदली तिथि को यात्रा करने के लिए अमान्य हो जाता है। कहने के तात्पर्य यह है कि आज की रात्रि 17/01/2024 को पलामू एक्सप्रेस का दिन में टिकट कटाने जाते हैं तो 17/01/2024 का टिकट कटा लेते हैं जब कि यात्रा करते समय (12:05 बजे) 18/01/2024 हो जाता है और वह टिकट अमान्य हो जाता है। इस प्रकार प्रतिदिन दर्जनों टिकट बर्बाद हो रहे हैं।13. डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है। अतः रांची से गोरखपुर एक नई ट्रेन चलायी जाय जो कोरोना काल में चली भी थी। उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू किया जाय।

14. डालटनगंज स्टेशन पर एक नया फोब एवं दो लिफ्ट लगाने का कार्य कब पूर्ण होगा और उसका उद्घाटन कराने।15. पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले क्षेत्रों में थर्ड लाईन निर्माण कार्य योजना की अद्यतन स्थिति।16. बरवाडीह-चिरमिरी अम्बिकापुर स्वीकृत नई रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति क्या है?

17. गया-रफीगंज वाया शेरघाटी, डालटगंज स्वीकृत नई रेलवे लाईन की वर्तमान स्थिति क्या है।

18. हटिया से चलकर आनंद विहार तक चलने वाली स्वर्ण जयंती झारखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 एवं रांची से चलकर चोपन तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18613/18614 का ठहराव विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर करने।

20. नगर उटारी रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन ऋक्र के कार्य में तेजी लाने।

21. डालटनगंज एवं गढ़वा रोड़ स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा फुटओवर निर्माणाधीण ब्रिज का लैंडिंग दोनों तरफ प्लेटफार्म के बाहर करने।

22. तोलरा में बन रहे ह्यास में दोनों तरफ (पूर्व एवं पश्चिम) से प्रवेश और निकास ( ङ्घ आकार में) करने एवं डालटनगंज में रेड़मा साईड में निकास में लाईट की व्यवस्था करने।

23. सबस्टेशन (तोलरा/ रजहरा/ कजरी/ चियांकी) में फुट ओवरब्रिज बनाने।

24. संतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नगर उटारी स्टेशन पर करने।

25. निम्नांकित स्थानों पर एलएचएस का निर्माणः-पलामू जिला के अंतर्गत (I) लालगड़-विश्रामपुर प्रखण्ड (II) पंजरीकला-विश्रामपुर प्रखण्ड (III) डाली-हैदरनगर प्रखण्ड (IV) बुड़वापीपर- डालटनगंज सदर प्रखण्ड (V) कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद प्रखण्ड (VI) बखारी-डालटनगंज सदर (VII) लहर बंजारी-उंटारी रोड प्रखण्ड एवं गढ़वा जिला के अंतर्गत (VIII) सोनपुरवा-गढ़वा प्रखण्ड (IX) अहिरपुरवा-नगर उंटारी (X). कुम्भी- मेराल ब्लॉक।

# फिर पाला बदलने की तैयारी में नीतीश!

**शारिब खान**



बिहार में एक बार फिर नीतीश कुमार के पाला बदलने की चर्चा जोरों पर है। अतिविश्वशनीय सूत्रों ने बताया कि नीतीश ने 23 से 25 जनवरी के बीच अपने सभी विधायकों को पटना में रहने का निर्देश दिया है। पूर्व में भी ऐसा देखा गया है कि नीतीश जब भी सभी विधायकों को पटना में बुलाते हैं तभी सत्ता परिवर्तन का खेल होता है। इस कार्य को और बल मिला जब शुक्रवार की सुबह-सुबह नीतिश से मिलने उसके आवास पर लालू और तेजस्वी पहुंचे। बताया जा रहा है कि उन तीनों की बैठक करीब 40 मिनट तक बंद कमरे में हुई। इस बैठक की बातें अभी बाहर निकल कर नहीं आई है। लालू यादव और तेजस्वी यादव की नीतीश से मुलाकात को बढ़ती तल्खी कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि जब से नीतीश कुमार दूसरी बार महागठबंधन में आए हैं, पिछले दो महीने की बात छोड़ दें तो गाहे-बगाहे राबड़ी आवास की दूरी अपने पैरों से नापते रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से यह सिलसिला थम सा गया है। सीएम नीतीश मकर संक्रांति के मौके पर लालू के दही-चूड़ा भोज में शामिल होने पहुंचे जरूर। लेकिन रुके महज सात मिनट, और दही टीका भी उनके माथे पर नजर नहीं आया। वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेताओं के बयान आने लगे हैं कि नीतीश एनडीए में आते हैं तो उनका स्वागत है। एनडीए के घटक में भी इसको लेकर हलचल तेज है। सूत्रों बताते हैं कि चिराग और उपेंद्र कुशवाहा में बहुत बेचैनी है। अभी हाल के दिनों में एक साथ दिल्ली जाकर इनलोगों ने बैठक की है। नीतीश के इंडिया गठबंधन से नाराज होने की खबर उस दिन और पुख्ता हुई जब इंडिया गठबंधन के संयोजक पद को उन्होंने ठुकरा दिया। नीतीश कांग्रेस और राजद के रवैया ने नाराज बताए जा रहे हैं। वहीं उनकी पार्टी में 60 प्रतिशत लोग एनडीए के साथ जाने के हिमायती बताए जा रहे हैं। जबकि 40 प्रतिशत लोग इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव में जाना चाहते हैं। नीतीश विधानसभा भंग करके लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा का चुनाव करना चाहते हैं। लेकिन इस पर राजद तैयार नहीं है। इधर कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी की पिच करीब-करीब सेट हो चुकी है। लेकिन बात कुछ मामलों को लेकर थोड़ी अटक रही है। नीतीश कुमार चाहते हैं कि मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके ही पास रहे। बिहार बीजेपी के साथ ही पार्टी के कुछ शीर्ष नेता भी इस पर अभी सहमत नहीं हैं।

नीतीश कुमार की दूसरी शर्त चिराग पासवान को एनडीए से बाहर का रास्ता दिखाने की मांग बताई जा रही है। नीतीश नहीं चाहते कि जेडीयू और चिराग की पार्टी एक साथ एक गठबंधन में रहें। बीजेपी दलित वोट का बिखराव रोकने के लिए चिराग को छोड़ने की शर्त पर अभी सहमत नहीं है। इधर नीतीश सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की है। वहीं, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा के आवास पर बीजेपी विधायकों की आपात बैठक हुई। बीजेपी की गठबंधन सहयोगी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतनराम मांझी ने भी अपने सभी विधायकों से 25 जनवरी तक पटना में ही रहने के लिए कहा है। हाल के दिनों में आरजेडी और जेडीयू, दोनों ही दलों के बीच नीतीश सरकार के कामकाज का क्रेडिट लेने की होड़ चल ही रही है। कर्पूरी ठाकुर की जयंती को लेकर भी दोनों दलों के मतभेद सामने आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती को लेकर जेडीयू और आरजेडी, दोनों ही दल अलग-अलग आयोजन करने जा रहे हैं। जेडीयू ने पहले कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम रद्द करने का ऐलान कर दिया था। लेकिन आरजेडी ने 23 जनवरी को जयंती समारोह आयोजित करने का ऐलान कर दिया। कर्पूरी ठाकुर बिहार के उन नेताओं में से एक हैं जिन्हें ओबीसी पॉलिटिक्स का एक तरह से प्रतीक माना जाता है। आरजेडी के दांव से जेडीयू बैकफुट पर आई और उसके अगले दिन यानी 24 जनवरी को पटना में बड़े कार्यक्रम के आयोजन का ऐलान कर दिया। इधर बिहार में आरजेडी 15 साल बनाम 15 महीने का नारा बुलंद कर रही है। इस तरह देखा जाय तो दोनों हो घटक दलों राजद और जेडीयू में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अंदर ही अंदर खिचड़ी जरूर पक रहा है। नीतीश को एनडीए में आने को बल तब मिला, जब केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने नीतीश को लेकर नरमी के संकेत दिए। इसके बाद ही इस कपकपाती ठंड में राजनीति का पारा बिहार में अचानक बढ़ गया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि बिहार में राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा।

## चलते चलते एक नजर

### थाना का भी अब खौफ नहीं : चेंबर अध्यक्ष

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने छतरपुर में एक व्यवसाइ पुत्र को थाना के बगल में गोली मारकर हत्या करने की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि क्या गुंडों का मन इतना बढ़ गया कि उन्हें थाना का भी खौफ नहीं ? पुलिस प्रशासन को इस पर मंथन करनी चाहिए। चेंबर अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन फिर शहर में रंगदारी मांगी जानी शुरू हो गई। व्यवसाइ जो आराम से रात्रि 9/10 बजे तक व्यवसाय कर रहे थे अब 8 दुकान बंद करने लगे। रांची की रात्रि बस बंद हो गई। अगर यही हाल रहा तो एक बार फिर पलामू अपराध एवं आतंकवाद के लिए जाना जाने लगेगा। चेंबर अध्यक्ष ने आरक्षी अधीक्षक पलामू से अनुरोध किया है की इस घटना का उद्वेदन त्वरित हो और अपराधी को यथाशीघ्र पड़कर कड़ी सजा दिलाई जाए। ताकि व्यवसाइ भएमुक्त होकर व्यवसाय कर सके। बता दें कि छतरपुर में व्यवसाय पुत्र की हत्या के बाद पूरे पलामू में उबाल है। पलामू जिला अंतर्गत छतरपुर, हुसैनाबाद, हरिहरगंज और पिपरा में व्यवसाईयों ने दिन भर अपनी दुकान बंद रखी। यहां के व्यवसाय वर्ग के लोगों का कहना है कि पुलिस और प्रशासन को पूरी तरह से सुरक्षा देना दायित्व है। इसके बाद भी पुलिस प्रशासन व्यवसाय वर्ग को सुरक्षा देने में पूरी तरह से असफल साबित हो रहा है। इस घटना के बाद पलामू के व्यवसाय वर्ग में डर और भय का माहौल बना हुआ है। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने जिले के सभी व्यवसाय वर्ग के लोगों को कहा है कि जरूरत पड़ने पर जोरदार संघर्ष भी किया जाएगा।

### भाजयुमो द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नगर मंडल गढ़वा द्वारा शुक्रवार को ओम गणेश सुदामा धर्मशाला टंडवा में मण्डल अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा नेता जवाहर पासवान को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राम मंदिर निर्माण के लिए कारसेवक मुरली श्याम सोनी को सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा इस क्षेत्र से तीन भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया इसके लिए इन्हें बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं। जवाहर पासवान ने कहा पार्टी नेतृत्व जिस विश्वास के साथ हमें प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाने का कार्य किया है मैं पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लूंगा एवं आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को पूरे 14 लोकसभा सीट पर विजय दिलाने का कार्य करूंगा। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने कहा बहुत खुशी की बात है की जन-जन के नेता जवाहर पासवान को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर पूर्व जिला महामंत्री ब्रजेश उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश कश्यप, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री रविंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष लखन गुप्ता, टिंकू गुप्ता, सतेंद्र सोनी, चंदन सोनी, संतोष कश्यप, चंद्रमणि धर दुबे, अरुण कुमार, प्रमोद कुमार, भाजपा नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जीवन में खेल का बहुत महत्व : अविनाश देव

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता)::** संत मरियम स्कूल मेदिनीनगर पलामू के प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आगरा में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप एवं आसनसोल वेस्ट बंगाल में आयोजित नेशनल कराटे चैंपियनशिप में चार गोल्ड मेडल जीते हुए बाल कराटेकार रौनक कुमार,रितु राज, आकांक्षा कुमारी, आर्यन राज इत्यादि को चेयरमैन अविनाश देव के द्वारा सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। और साथ ही मार्शल-आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार को शॉल और माला पहनाकर चेयरमैन के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अविनाश देव ने बाल कराटेकारों एवं प्रशिक्षक को बहुत -बहुत बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में खेल का बहुत महत्व है। इसलिए मोबाइल से थोड़ा हटकर खेल में शारीरिक परिश्रम करें। जिससे आपका नाम भी हो और शरीर भी स्वस्थ रहे। इसी खेल के तहत कराटे भी आता हैं!जिसको लड़कियां सिखकर स्वस्थ रहने के साथ-साथ अपनी सुरक्षा भी कर सकती है। इस बड़ी उपलब्धि के लिए प्राचार्य कुमार आदर्श, अप- प्राचार्य शाहा सर, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, म्यूजिक की प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, शिक्षक एवं समस्त शिक्षिका गण एवं विद्यालय परिवार, समस्त अभिभावक गण इत्यादि ने बाल कराटेकारों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बागेश्वर सरकार के पलामू आगमन पर उच्च न्यायालय में 24 को फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**रांची :** बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के कार्यक्रम को पलामू प्रशासन द्वारा मेदनीनगर आने की अनुमति नहीं दिए जाने की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने उपायुक्त के आदेश को हनुमंत कथा समिति द्वारा किया गया आपत्ति स्वीकार करते हुए अंतिम फैसला बुधवार 24 जनवरी को निर्धारित की है। इस संबंध में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि मुझे और मेरी समिति को न्यायालय पर पूर्ण विश्वास है। हमारे पलामू की धरती पर श्री धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम महाराज को आने की अनुमति अवश्य देंगे। बता दें कि इस मामले में बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस सुनवाई में झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी वर्चुअल मोड में हाजिर हुए थे। सुनवाई के दौरान पूरे मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति को दोबारा याचिका दायर करने को कहा था। वहीं दोनों अधिकारियों से हाई कोर्ट ने रिपोर्ट मांगी। धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर धाम का कार्यक्रम फरवरी में पलामू में तय था। जिला प्रशासन ने पहले बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम रद्द कर दिया था। जिसके बाद प्रशासन के फैसले को चुनौती दी गई। प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में बताया गया कि कार्यक्रम में करीब 3 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की बात कही जा रही है। इतनी बड़ी भीड़ के लिए सीसीटीवी, पार्किंग, शौचालय उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी। प्रशासन का पक्ष सुनने के बाद हाईकोर्ट ने आयोजन समिति से कहा कि अगर आप कार्यक्रम की अनुमति के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं की मांग कर रहे हैं तो पूरी सूची के साथ नई याचिका दाखिल करें। हाईकोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12 बजे तक याचिका दाखिल करने का समय दिया। कोर्ट के आदेश पर दुबारा याचिका दायर किया गया। बता दें कि पलामू में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति हाई कोर्ट गयी है। आयोजन को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है।

# प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गढ़वा :** भाजपा विशुनपुरा मंडल कार्यकर्ताओं ने पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान को भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विशुनपुरा के अमहर में कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। मौके पर बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी ने एक मजबूत कमिटी बनाई है जिससे कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व देने के लिए राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हैं। भाजपा ही एक मात्र ऐसा संगठन है जहां कार्यकर्ता का सम्मान होता है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखंड की सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। मोदी सरकार ने देश में विकास का नया इतिहास रचा है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रमणि धर दुबे, अवध गुप्ता, राजीव रंजन पासवान, नवीन जायसवाल, जितेंद्र दीक्षित, अशोक पासवान, कृष्णा विश्वकर्मा, अनिरुद्ध मेहता, बंधु पासवान, दया शंकर बैठा, विकास चंद्रवंशी, उमाकांत पाण्डेय, रामलखन मेहता, मुन्ना पासवान, मुकेश पासवान,रंजीत पासवान, लक्ष्मण पासवान, रितेश पासवान, पिंटू चंद्रवंशी, शिव प्रसाद चंद्रवंशी, चन्दन चंद्रवंशी, जगदीश चंद्रवंशी, राघो चंद्रवंशी आदि कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 106 बटालियन आरएएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान



*** वॉलीबॉल मैत्री मैच का किया गया आयोजन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 106 बटालियन द्रुत कार्य बल आरएएफ कमांडेंट डॉक्टर निशित कुमार के दिशा निर्देशानुसार जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्री जगन्नाथ मंदिर के आसपास के परिसर में सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गत बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान ए/106 बटालियन द्रुत कार्य बल आरएएफ के निरीक्षक हरेश कुमार व जगन्नाथपुर थाने के उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, सहायक उप निरीक्षक रामजन्म प्रसाद एवं सहायक उप निरीक्षक रंजीत कुमार भी शामिल रहे। इस दौरान आरएएफ के अधिकारियों और जवानों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों के बीच स्वच्छता को लेकर एक बेहतर संदेश देने का काम किया गया। इधर विस्थापित कॉलोनी के प्रो प्राइमरी स्कूल के मैदान में सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक वॉलीबॉल मैत्री मैच का आयोजन किया गया। जिसमें आरएएफ के जवानों और जगन्नाथपुर गांव के ग्रामीणों के बीच वालीबॉल मैच खेला गया। जिसमें ग्रामीणों की टीम विजई रही। उन्होंने ग्रामीणों व आरएएफ के जवानों को उपहार भी भेंट किया।

# सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त होगा गढ़वा का हर कोना : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गढ़वा :** जिले के गढ़वा प्रखंड के कोरवाडीह से करकोमा तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करकोमा पीडब्ल्यूडी पथ नहर से लुगलईया होते हुए पीडब्ल्यूडी पथ कोरवाडीह तक पथ का निर्माण कार्य किया जाएगा। चार करोड़ 53 लाख 89 हजार तीन सौ रुपए की लागत से 4.25 किमी सड़क का निर्माण होगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने इस सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क निर्माण से लगभग एक दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। पहले इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी समस्या होती थी। लंबे समय से इस क्षेत्र के लोगों की इस सड़क निर्माण की मांग थी, जो अब पूरी हो गई है।इस सड़क के निर्माण से गढ़वा के लोगों को करकोमा, कजराठ, बिछियादामर, देवगाना, दतवनिया, डंडई एवं धुरकी जाना आसान हो जाएगा। मंत्री ने कहा कि जिस दिन से गढ़वा के लोगों ने उन्हें क्षेत्र की सेवा करने की जिम्मेदारी सौंपी है वे उसी दिन से लगातार दिन रात परिश्रम कर पूरे गढ़वा को सभी क्षेत्रों में चुस्त-दुरुस्त बनाने में लगे हुए हैं। आज उनके प्रयास एवं जनता के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि गढ़वा की स्थिति में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका प्रयास है कि गढ़वा का कोना-कोना सभी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हो। इसके लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज गढ़वा सहित पूरे राज्य में हेमंत सरकार ने विकास की जो लंबी लकीर खींची है यही विरोधियों को पच नहीं रहा है। विपक्ष के लोग लगातार गरीब-गुरबों की आवाज दबाने एवं झारखंड का विकास बाधित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। फिर भी हेमंत सरकार इन षड्यंत्र से बिना डरे हुए लगातार जनहित की बेहतर कार्य को कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में होती है। झारखंड की जनता का आशीर्वाद हेमंत सरकार के साथ है। किसी भी राजनीतिक दल के षड्यंत्र का असर इस सरकार पर नहीं होने वाला है।